राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 नीतीश कुमार के शासनकाल में...

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाना... 12

वर्ष : 11 | अंक : 303 | पटना, शनिवार, 16 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 24°C

न्यूनतम तापमान 18°C

बाजार

सोना 67,545

चांदी 77,600

सेंसेक्स 72,643

निफ्टी 22,023

संक्षिप्त खबरें

सुप्रीम कोर्ट सीएए पर 19 मार्च को करेगा सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नागरिकता संशोधन नियम 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की याचिका पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की ओर पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की गुहार स्वीकार करते हुए कहा कि मामले को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें मामले को सूचीबद्ध करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन याचिकाकताओं को नागरिकता पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। इससे पहले केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर नागरिकता संशोधन नियम- 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने की गुहार लगाई थी। डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक अलग याचिका में नागरिकता संशोधन नियमों को संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन बताते हुए कहा है कि यह असंवैधानिक, भेदभावपूर्ण, स्पष्ट रूप से मनमाना, अनुचित और तर्कहीन है। याचिकाकताओं ने अदालत से सीएए- 2019 और नियमों के निरंतर संचालन पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। उनकी दलील है कि धर्म के आधार पर भेदभाव करने के कारण सीएए धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा की जड़ पर हमला करता है, जो संविधान की मूल संरचना है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह जीर्णोद्धार कार्यों का करेंगे लोकार्पण

भोजपुर। आरा सांसद सह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह आरा के हितनारायण क्षत्रिय उच्च माध्यमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण करेंगे। विद्यालय के जीर्णोद्धार के कार्य को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यों के अंतर्गत किया गया है। हितनारायण क्षत्रिय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आरा में सबसे पुराने और उत्तम विद्यालय के रूप में जाना जाता है। यहाँ से पढ़कर निकलने वाले विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। कुछ महीनों पहले विद्यालय के जर्जर हो चुके भवन को लेकर विद्यालय प्रबंधन ने सांसद सह केंद्रीय मंत्री श्री आर के सिंह से मुलाकात किया था। केन्द्रीय मंत्री आज विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

ममता बनर्जी की हालत स्थिर, चेहरे पर लगे चार टांके

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चेहरे पर चार टांके लगे है और उनकी हालत स्थिर है। सुश्री बनर्जी को कालीघाट स्थित अपने घर में गिरने के बाद गुरुवार शाम एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में चिकित्सकों ने उसके माथे पर तीन और नाक पर एक टांका लगाया तथा सीटी स्कैन सहित सभी आवश्यक परीक्षण किए। सूत्रों ने बताया कि उन्हें गुरुवार रात को छुट्टी दे दी गई। वह घर पर ही रहना चाहती थीं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि उसकी पार्टी अध्यक्ष को गंभीर चोट लगी है और उन्होंने तस्वीरें पोस्ट कीं जिसमें उनके सिर से खून बहता दिख रहा था।

नीतीश मंत्रिमंडल विस्तार : राजभवन में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 21 मंत्रियों को दिलायी शपथ

भाजपा कोटे से 12 व जदयू से 9 मंत्रियों ने ली शपथ

- शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री

प्रातः किरण

पटना। नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का विस्तार हो गया। राजभवन में शुक्रवार को आयोजित मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुये। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन स्थित राजेन्द्र मंडप में भाजपा कोटे से रेणु देवी, मंगल पाण्डेय, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, जनक राम, हरि सहनी, कृष्णनंदन पासवान, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र मेहता एवं संतोष कुमार सिंह एवं जदयू कोटे से अशोक चौधरी, लेशी सिंह, मदन सहनी, महेश्वर हजारी, शीला कुमारी, सुनील कुमार, जयंत राज, मो जमा खान, रत्नेश सादा को मंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

भाजपा कोटे 12 तथा जेडीयू से नौ मंत्रियों ने शपथ ली। बता दें कि नीतीश कुमार ने 28 जनवरी को एनडीए के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनके साथ 8 मंत्रियों ने शपथ लिया था। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद नीतीश मंत्रिमंडल में 29 मंत्री हो गए हैं। इनमें 15 भाजपा से, 12 जदयू , एक हम और एक निर्दलीय मंत्री हैं। जदयू ने पुराने मंत्रियों पर जताया भरोसा :जदयू ने अपने उन पुराने मंत्रियों पर फिर से भरोसा किया है जो महागठबंधन की सरकार में भी मंत्री थे। मंत्रिमंडल में जदयू कोटे से केवल एक नए नाम महेश्वर हजारी को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। उन्हें संजय झा के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद खाली हुई सीट पर मंत्री बनाया गया है। उन्होंने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधानसभा के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। भाजपा कोटे से मंत्री पद के लिए सात नए नाम : भाजपा कोटे से जो एक दर्जन मंत्री बने हैं उनमें सात नाम नए हैं। इनमें नीतीश मिश्रा का नाम भी शामिल है। एनडीए के पिछले मंत्रिमंडल में नीतीश मिश्रा शामिल नहीं थे। वहीं, हरि सहनी, कृष्णनंदन पासवान, डा. दिलीप जायसवाल, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र मेहता व संतोष कुमार सिंह सभी पहली बार एनडीए सरकार में मंत्री बने हैं। मंत्रिमंडल का स्वरूप : भाजपा कोटे से- सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, डा. प्रेम कुमार, रेणु देवी, मंगल पांडेय, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, डा. दिलीप जायसवाल, जनक राम, हरि सहनी, कृष्णनंदन पासवान, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र मेहता एवं संतोष कुमार सिंह। जदयू कोटे से- विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, मदन सहनी, महेश्वर हजारी, शीला कुमारी, सुनील कुमार, जयंत राज, जमा खान एवं रत्नेश सदा। हम कोटे से- डॉ. संतोष सुमन। निर्दलीय-सुमित कुमार सिंह मंत्रिमंडल में महिलाओं की संख्या तीन : शुक्रवार शाम मंत्रीपद की शपथ लेने वालों में सबसे आगे पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी रहीं। मंत्री बने नीरज कुमार बबलू ने शपथ लेने के बाद जय श्रीराम का जयघोष किया। भाजपा की रेणु देवी और जदयू की लेशी सिंह औ शीला मंडल को मिलाकर इस मंत्रिमंडल में महिलाओं की संख्या तीन हो गई। सरकार गठन के समय किसी भी महिला ने मंत्रीपद की शपथ नहीं ली थी।

मंत्रिमंडल में भाजपा-जदयू ने साधे जातीय समीकरण

लोकसभा चुनाव से पहले मंत्री पद की शपथ में बिहार की जातीय समीकरण को पूरा ध्यान रखा गया है। इनमें छह सवर्ण, छह अनूसूचित जाति, चार ओबीसी, चार पिछड़े वर्ग और एक मुस्लिम समुदाय के मंत्री हैं। मंत्री बनाकर नीतीश कुमार और बीजेपी ने सभी जाति और समुदाय के लोगों को साधने की कोशिश की है। एनडीए सरकार में जमां खान एकलौते मुस्लिम मंत्री हैं, जिन पर नीतीश कुमार ने भरोसा जताया है। भाजपा के सभी मंत्रियों पर गौर करें तो कुशवाहा से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जगह मिली है। अति पिछड़ा से कुल तीन नाम हैं। जिसमें प्रेम कुमार, रेणु देवी, हरी सहनी, धानुक से एक सुरेंद्र मेहता, ब्राह्मण से दो यानी मंगल पांडेय और नीतीश मिश्र, वैश्य से दो, डॉ. दिलीप जायसवाल और केदार गुप्ता को जगह मिली है। राजपूतों का भी ख्याल रखा गया है। राजपूत से दो लोगों को मंत्रिपरिषद में जगह मिली है। जिसमें नीरज बबलू और संतोष सिंह शामिल हैं। दलित से दो लोग शामिल हैं। जिसमें कृष्ण नंदन पासवान और जनक राम को जगह दी गई है। कायस्थ से नितिन नवीन और भूमिहार समाज से उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा को जगह दी गई है। कुल मिलाकर बीजेपी ने जातीय समीकरण को पूरी तरह साधने की कोशिश की है। मंत्रिमंडल में सवर्णों को बीजेपी की ओर से ज्यादा तरजीह दी गई है। हालांकि, सियासी जानकार मानते हैं कि बीजेपी ने पुराने चेहरे को जेडीयू की तरह रिपीट नहीं किया है। बीजेपी ने युवा और नए चेहरों पर विश्वास जताया है।

लव-कुश के साथ-साथ सवर्णों को साधने की कोशिश

नीतीश कुमार के एनडीए में वापसी और फिर से मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही बीजेपी जातीय समीकरण पर पूरा फोकस कर रही है। नीतीश कुमार के साथ दो डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी को बनाया गया था। उसमें भी जातीय समीकरण को साधने की कोशिश की गई थी। नीतीश कुमार खुद कुर्मी जाति के हैं, तो सम्राट चौधरी कुशवाहा या कोइरी जाति के हैं। सम्राट चौधरी को उप मुख्यमंत्री बनाकर लव-कुश (कुर्मी और कोइरी) को साधने की कोशिश की गई थी। इसी तरह से विजय सिन्हा भूमिहार जाति यानी सवर्ण जाति हैं। इस तरह से महत्वपूर्ण पद पर पिछड़े और सवर्ण का संतुलन बनाने की कोशिश की गई थी, ताकि कोई नाराज नहीं हो जाए। पिछली बार नौ मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी। इनमें भूमिहार जाति के 2, कुर्मी जाति के 2 मंत्री, राजपूत से एक, यादव जाति से एक मंत्री और पिछड़ा, अति पिछड़ा और महादलित के एक-एक मंत्री बनाए गये थे।

सीएम नीतीश ने 20 योजनाओं का किया शुभारंभ व शिलान्यास

प्रातः किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग में रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर 811 करोड़ रुपये की लागत की 20 योजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास किया। इन योजनाओं के अंतर्गत किसान कॉल सेंटर, आत्मा योजना, राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों की घेराबंदी, कृषि प्रसार योजना, कृषि यांत्रिकरण योजना, राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों की घेराबन्दी, कृषि यांत्रिकरण राज्य योजना, प्रति बूंद अधिक फसल योजना, बिहार पोषक अनाज (मिलेट्स) विकास योजना, बिहार मक्का विकास योजना, मधुमक्खी पालन एवं मधु उत्पादन कार्यक्रम, बीज योजनाएं (मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार, प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम, बीज ग्राम योजना तथा धान बीज वितरण कार्यक्रम), केला क्षेत्र विकास योजना, प्याज, मखाना और अन्य उत्पादों का भंडारण, जैविक खेती प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत ढैचा बीज वितरण, मशरूम किट का वितरण एवं झोपड़ी में मशरूम उत्पादन, शुष्क बागवानी योजना, मखाना विकास योजना, कृषि ज्ञान वाहन, पान विकास योजना, सिंघाड़ा विकास, आदर्श बागवानी केन्द्र (चाय), किशनगंज, उद्यानिक कलस्टर विकास योजना आदि से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 4 कृषि ज्ञान वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि ज्ञान वाहनों को रवाना करने के पहले मुख्यमंत्री ने कृषि ज्ञान वाहन के अंदर जाकर सारी व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध उपकरणों की उपयोगिताओं की जानकारी ली।

ये रहे मौजूद : इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह परिवहन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, निदेशक, उद्यान अभिषेक कुमार, निदेशक, बामेती आभांशु सीजैन सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा आज

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कल यानी शनिवार को करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए शनिवार को दोपहर तीन बजे एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गयी थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। **नए निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने संभाला प्रभार:** नव नियुक्त निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को अपना प्रभार संभाल लिया। दोनों पूर्व नौकरशाहों को बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था।

वे मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में हाल में एक नया कानून लागू होने के बाद, निर्वाचन आयोग में नियुक्त किए गए पहले सदस्य हैं। एक प्रवक्ता ने बताया कि ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू का स्वागत करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने ऐसे ऐतिहासिक समय पर उनकी नियुक्ति के महत्व के बारे में बात की जब निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव कराने की तैयारियां कर रहा है। अनूप चंद्र पांडे के 14 फरवरी को सेवानिवृत्त होने और आठ मार्च को अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग में ये पद खाली हो गए थे। ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू दोनों वर्ष 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। ज्ञानेश कुमार केरल कैडर से और सुखबीर सिंह संधू उत्तराखंड कैडर से आते हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 108 एजेंडों पर लगी मुहर

कैबिनेट फैसला: राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ा

प्रातः किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई। जिसमें कुल 108 एजेंडों पर मुहर लगी। मंत्रिमंडल ने राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ता में चार प्रतिशत वृद्धि करने का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया है। इसके साथ ही भागलपुर और राजगीर में सरकार नए हवाई अड्डे के निर्माण के लिए जमीन चिह्नित कर निर्माण की सैद्धांतिक राज्य मंत्रिमंडल ने दी है। राज्य के प्रमुख शहरों के आसपास नए सैटेलाइट टाउनशिप, ग्रीन फील्ड टाउनशिप विकसित किए जाएंगे। इस

आशय का प्रस्ताव भी मंत्रिमंडल ने स्वीकृत किया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने सप्तम केंद्रीय पुनरीक्षित वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे सरकारी सेवक और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ता में एक जनवरी 2024 के प्रभाव से चार प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। इन्हें अब तक 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलता था अब 50, प्रतिशत भत्ता मिलेगा। इसके अलावा षष्ठम केंद्रीय वेतनमान में वेतन और पेंशन प्राप्त कर रहे सेवकों और पेंशनरों का भत्ता एक जुलाई 23 के प्रभाव से 221 प्रतिशत के स्थान पर 230 प्रतिशत करने का प्रस्ताव, पंचम केंद्रीय वेतनमान प्राप्त कर रहे सेवकों और पेंशनरों पहली जुलाई 2023 के प्रभाव से 412 के स्थान पर 427 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है। **उपभोक्ताओं के विद्युत अनुदान को 15345 करोड़ :** मंत्रिमंडल ने वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत विभिन्न श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्धारित अनुदान देने के लिए मंत्रिमंडल ने अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की अवधि के लिए 15345 करोड़ रुपये रिजर्व बैंक के माध्यम से एनटीपीसी को देने को देने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। प्रत्येक महीने इस मद में 1278.58 करोड़ रुपये खर्च होंगे। **मोइनुलहक स्टेडियम के पुर्ननिर्माण के लिए बीसीसीआइ को देने की स्वीकृति :** पटना के राजेंद्र नगर स्थित मोइनुलहक स्टेडियम के पुर्ननिर्माण के लिए भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआइ) को दीर्घकालीन लीज पर देने का प्रस्ताव भी मंत्रिमंडल ने स्वीकृत किया है। इसके अलावा, प्रदेश के नौ प्रमंडलों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल संरचनाओं के निर्माण का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है। हर जिले में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र, एथलीटों के लिए छात्रवृति कला संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन और विकास के लिए सभी जिलों में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव स्वीकृत। प्रशिक्षण केंद्र खोलने के लिए वर्ष 2024-25 में 1086.60 करोड़ और 2025-26 में 934.80 करोड़ रुपये खर्च होंगे।



संक्षिप्त खबरें

रामजतन सिंह का प्रतिमा का किया गया अनावरण

दानापुर। नगर के नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह सात बार के पार्षद रहे स्व रामजतन सिंह का प्रतिमा का अनावरण बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद एवं जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। नगर परिषद के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्रवण कुमार ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि नौजवान व नई पीढी को रामजतन बाबू के जीवन से सीखना चाहिए। उनके मार्ग का अनुशरण करते हुए उनके सपने को साकार करने के दिशा में कार्य करना चाहिए। रामजतन सिंह स्वतंत्रता संग्राम में भी भाग लिये थे। गरीबो से भी उनका लगाव रहा है। गंगा प्रसाद ने कहा कि रामजतन बाबू दानापुर के लोगो के लिए प्रेरणादायक रहे है। रामजतन सिंह के पौत्र ने बताया कि वे होमियोपैथिक के चिकित्सक के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा कोर के सदस्य रह चुके है। सात बार नगर परिषद के पार्षद के रूप में रहते हुए उन्होने 20 जुलाई 2002 में वे नगर परिषद के उपमुख्य पार्षद के रूप में चुने गये थे। उनके अस्वस्थ होने पर उनके सीट से लगातार दो बार उनकी पुत्र वधु किरण देवी पार्षद रही।

रेलवे एक्ट के तहत 17 गिरफ्तार

फतुहा। शुक्रवार को फतुहा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा रेल अधिनियम के विभिन्न धाराओं में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अवैध रुप से ट्रैक पार करने के आरोप में दो, आरक्षित कोच में अवैध रुप से यात्रा करने के आरोप में दस तथा महिला कोच में यात्रा कर रहे पांच लोगों को हिरासत में लिया गया।

सड़क हादसे में बाइक सवार जख्मी

फतुहा। शुक्रवार को फैक्ट्री मोड़ के पास सड़क हादसे में एक 38 वर्षीय बाइक सवार जख्मी हो गया। जख्मी हालत में उसे सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर रहने के कारण पटना के लिए रेफर कर दिया गया। जख्मी की पहचान खुसरुपुर थाना क्षेत्र के खिरोधर पुर नया टोला निवासी संटु यादव के रुप में हुई है। बताया जाता है कि वह फतुहा बाजार से बाइक द्वारा घर लौट रहा था तभी फैक्ट्री मोड़ के पास एक वाहन के चपेट में आ जाने से हादसे का शिकार हो गया।

64 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

फतुहा। बीते रात नदी थाना पुलिस व एसटीएफ के संयुक्त छापेमारी में मोजीपुर स्थित एक घर से 64 केजी गांजा बरामद किया गया है। मौके से पुलिस ने एक तस्कर को भी एक वाइक व साढ़े तेरह हजार रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मोजीपुर के ही संजीत राय है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपए आंकी गयी है। गांजे को घर के अंदर एक बेड के नीचे छिपाकर रखा गया था। प्रेस वार्ता करते हुए फतुहा 1 केडीएसपी निखिल कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि संजीत राय के घर में गांजे की एक खेप आयी है जिसे ठिकाने लगाने की तैयारी की जा रही है। उन्होने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नशा मुक्त बिहार के खिलाफ चलाया जागरुकता अभियान

पटना सिटी (प्राकि)। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नशा मुक्त बिहार अभियान के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया। ब्रह्माकुमारी पंचवटी कॉलोनी बड़ी पटनदेवी सेन्टर की सेंटर इंचार्ज बीके रानी दीदी ने इस ओमया को रवाना किया। यह अभियान पटनदेवी, महावीर घाट, खाजेकलां, चौक, कंगन घाट, मंगल तालाब, पटना साहिब स्टेशन, मारूफगंज, मालसलामी तक गया। यह जागरुकता अभियान दो दिनों तक पटना सिटी में चलेगा। इसका उद्देश्य नशा से होने वाले बीमारियों को बताना है।

यू ट्यूबर के खिलाफ दर्ज कराया मामला

पटना सिटी (प्राकि)। बाइपास थाना क्षेत्र के बाहरी धवलपुरा की रहने वाली महिला ने यू ट्यूबर के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करायी है। बाइपास थाना में दर्ज कराए गए शिकायत में कहा गया है कि पति से अनबन के बाद पुलिस में शिकायत की थी। इसके बाद आरोपियों ने पति से हुए विवाद की वजह पूछते वीडियो बनाया था। उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो डाल वायरल कर रहे हैं। वीडियो को डिलिट करने को कहा, तब वह धमकी देता है। पुलिस ने बताया कि महिला ने दर्ज शिकायत में वैशाली के संजीव सिंह और मो इसमत राजा के साथ तीन अज्ञात को आरोपित किया है।

तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष को एक माह बाद आई वोटरलिस्ट तैयार करने की बात

महासचिव पर कार्रवाई की धमकी देते 5 निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता सूची तैयार करने को कहा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के चुनाव को लेकर लगातार पदाधिकारियों के बीच मतभेद और मनभेद जगजाहिर हो रहा है। अध्यक्ष के द्वारा पहले 11 फरवरी, 24 को नए सिरे से मतदाता सूची बनाने के लिए पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए टीम की घोषणा की गई। मगर इस पर एक माह तक कोई काम नहीं हो पाया। हालांकि महासचिव इंद्रजीत सिंह के द्वारा अध्यक्ष द्वारा जारी पत्र को महासचिव ने पत्र जारी करते हुए उसे रद्द करने का काम किया था। इसके बाद अध्यक्ष जगजोत सिंह के द्वारा 11 मार्च को पत्र तपस 3/231/24 जारी किया गया। इसमें हलका संख्या एक से योगेश्वर सिंह के द्वारा अपने को इस कार्य से अलग कर लिए जाने के बाद उनका नाम हटा दिया गया है। बाकी पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए सारा नाम वही है। जारी पत्र में कहा गया है कि कमेटी की बैठक 8 फरवरी को हुई थी। इसमें पास किए गए मता का पालन करते हुए सही वोटर लिस्ट तैयार करके प्रबंधक कमेटी को सौंपने के लिए पांच

निर्वाचन क्षेत्र की टीम को अधिकृत किया गया था। मगर महासचिव इंद्रजीत सिंह के द्वारा उक्त पत्र को पत्रांक संख्या तपस/3/218/24 द्वारा रद्द करने का असंवैधानिक एवं गलत कार्य किया गया था। इससे भ्रम की स्थिति पैदा हुई और मतदाता सूची तैयार करने का काम शुरू नहीं हो सका। इस संबंध में उनके द्वारा पत्र संख्या तपस/3/224/24 के माध्यम से महासचिव एवं अन्य को नियमानुसार संविधान का पालन करते हुए कार्य करने एवं भविष्य में फिर से संविधान का अपमान एवं उल्लंघन करने की स्थिति में संविधान की धारा 73 के अधीन सख्त कार्रवाई के लिए तैयार एवं जिम्मेवार रहने की सूचना भी दी गई है। सभी पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए टीम में शामिल लोगों को कहा गया है कि आप सभी घर-घर और गुरुद्वारा साहिब एवं सोसाइटियों में जाकर पड़ताल करके संविधान एवं उप नियम की धारा का पालन करते हुए नियमानुसार सही वोटर लिस्ट जल्द से जल्द तैयार कर प्रबंधक कमेटी को रिपोर्ट करें, ताकि नियमानुसार आपके द्वारा सही रूप से तैयार उस वोटर लिस्ट को पास करके बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार और सिटी एसडीओ सह चुनाव पदाधिकारी को प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरमंदिर जी पटना साहिब के चुनाव के संबंध में अगली कार्यवाही के लिए भेजा जा सके। इस संबंध में महासचिव इंद्रजीत सिंह का कहना है कि वह पहले ही प्रधान के द्वारा गलत ढंग से जारी किए गए पत्र को रद्द कर चुके हैं। वह लगातार खुद गलत काम कर रहे हैं और पत्र जारी कर लोगों को गुमराह और परेशान भी कर रहे हैं। वे अपने इलाज के लिए फिलहाल जमशेदपुर में हैं। महासचिव का यह भी कहना था कि अधीक्षक दलजीत सिंह अपने रिटायरमेंट का पांच लाख का चेक लेकर रखा है, मगर अब तक उसे तख्तश्री कमेटी के खाते में लौटाया नहीं गया है। वहीं दूसरी ओर सरदार दया सिंह के यहां भी किराए की राशि बाकी है। ऐसे में इन दोनों को टीम में शामिल ही नहीं किया जा सकता है। दूसरी ओर वह जल्द ही इस संबंध में पत्र जारी कर आदेश देने का काम करेंगे, क्योंकि बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार पहले भी अपने में पत्र में लिख चुका है कि प्रशासनिक अधिकार पत्र जारी करने का महासचिव के पास है। ऐसे में अध्यक्ष अपने मिले अधिकार का दुरुपयोग कर रहे हैं और महासचिव के अधिकार का उपयोग भी वही करना चाहते हैं। वह खुद असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक तरीके से काम कर रहे हैं। महासचिव ने कहा कि 8 फरवरी को हुई बैठक में पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए गठित टीम के बारे में न तो कोई चर्चा की गई और न ही बाद में जारी किए गए पत्र के पूर्व उनके अलावा दो अन्य पदाधिकारी वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह और सचिव हरबंश सिंह से ही सलाह ली गई।

नालंदा मेडिकल कॉलेज के स्थापना दिवस के पूर्व खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। नालंदा मेडिकल कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह मनाए जाने के पूर्व विभिन्न खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाना है। इसे लेकर शुक्रवार को नालंदा मेडिकल कॉलेज के मैदान में खेल का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी के द्वारा दीप जलाकर, फीता काट और गुब्बारा उड़ा कर किया गया। इस दौरान डॉ राजीव रंजन सिंह, डॉ राजेश तिवारी, डॉ अजय कुमार सिन्हा, डॉ मोतीलाल दास, डॉ आरआर दास, डॉ उमाशंकर प्रसाद, डॉ गुरु मुख प्रसाद, डॉ रश्मि प्रसाद आदि एवं कनीय चिकित्सक के अलावा छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। उद्घाटन के बाद सीनियर चिकित्सकों एवं छात्रों के बीच फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम दो अप्रैल तक चलेगा। दो अप्रैल को कॉलेज का स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। उसी दिन छात्र-छात्राओं के बीच अवार्ड एवं मेडल का वितरण करते हुए स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

राम कृपाल यादव ने फक्कर महतो घाट का किया शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत रामजी चक फक्कर महतो घाट पर कोल इंडिया के प्रोजेक्त के तहत एक करोड 98 लाख की लागत से सौन्दर्यीकरण कार्य का सांसद राम कृपाल यादव ने शिलान्यास किया। उन्होने कहा कि इस कार्य को कराने कोल इंडिया के जीएम रेणू चतुवेर्दी, अनुमंडलाधिकारी प्रदीप सिंह का सराहनीय प्रयास रहा है। इसको लेकर उन्होने प्रधानमंत्री एवं विभागीय मंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने को जो संकल्प लिया है। उसे पुरा करने को लेकर लगातार कार्य कर रहे है। उन्होने फक्कर महतो के परिजनों को भी जमीन देने के लिए सराहना के अनुमंडलाधिकारी ने कहा कि कोल इंडिया के सीएसआर के राशि से गंगा आरती के लिए चार स्टैंड, वेडिंग जोन, लाइट एंड साउंड शो की व्यवस्था कैफेटेरिया समेत लोगो को बैठने के लिए भी व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रजेश कुमार सिंह व संचालन अमरेश सिंह ने किया।

पीएम मोदी की योजनाओं का लाभ महिलाओं को दिला उन्हें बताएं : धर्मशीला

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

आज देश में ही नहीं, विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। देश की बच्चियां, युवतियां, छात्राएं व महिलाओं से लेकर वृद्धाओं तक के उद्धार के लिए अनेक योजनाएं शुरू हैं। इसका लाभ उन लोगों को मिल रहा है। पार्टी व सरकार से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में भी उन्हें आरक्षण की व्यवस्था दी गई है। आज सेना, अर्धसैनिक बल से लेकर हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लोकल फिर वोकल और सामूहिक रूप से चलाए जाने वाला कार्यक्रम भी है। गायघाट मंडल में लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ धर्मशीला गुप्ता ने यह बात कहीं। आज हम महिलाओं को इस बात का ध्यान देना होगा कि गरीब और झोपड़ियों में रहने वाली महिलाओं को श्री मोदी ने रसोई गैस, 5 किलो अनाज से लेकर अन्य योजनाओं का लाभ भी उन्हें दिया जा रहा है। जरूरत इस बात की है कि हम सभी भाजपा के कार्यकताओं को इन योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ दिलाएं। जिन्हें लाभ मिल चुका है, उन्हें भी इस बारे में बताया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गायघाट मंडल के अध्यक्ष हरेंद्रनाथ ने, जबकि मंच का संचालन बिहार प्रदेश महिला मोर्चा के मीडिया प्रभारी कुमारी वसुधा ने की। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सीमा पांडेय एवं शशि बल्दिहारने भी अपनी बात रखी। धन्यवाद ज्ञापन मंडल की महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने किया। इनके अलावा कार्यक्रम में सुनीता सिन्हा, आरती कुमारी, प्रिया गुप्ता, आरती सिंह, महानगर के मंत्री विनोद पासवान, मंडल के महामंत्री पंकज गुप्ता, अशोक मेहता आदि मौजूद थे।

रोजेदारों ने अता की रमजान के पहले जुम्मे की नमाज

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

माह ए रमजान पर पहले जुम्मे की नमाज शुक्रवार को रोजेदारों ने अदा की। नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में लोगों की भीड़ जुटी थी। आलमगंज, सुल्तानगंज, दादर मंडी, लोदीकटरा, सदर गली, खाजेकलां, बटाऊ कुआं, मो जान की मस्जिद के साथ तारणी प्रसाद लेन स्थित जामा मस्जिद, झाऊगंज स्थित अंबर की मस्जिद के साथ अन्य छोटे-बड़े मस्जिदों में भी नमाजियों की भीड़ नमाज अदा करने को पहुंची थी। नमाज के दौरान तकरीर भी किया गया। शिया समुदाय की ओर से बावली इमामबाड़ा स्थित शिया मस्जिद में मौलाना सैयद मुजफ्फर रजा ने नमाज अदा करायी। खानकाह मुनएमिया, मितन घाट दरगाह शरीफ के सज्जादानशीं सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनएमी की देखरेख में नमाज व तकरीर हुई। खानकाह ए बारगाह ए इश्क तकिया शरीफ के सज्जादानशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद, दरगाह शाह अरजानी के गद्दीनशीं सैयद प्रो शाह हसीन अहमद, मालसलामी स्थित खानकाह फैयाजिया दरगाह शरीफ के सज्जादानशी सैयद शाह गुलाम फैयाज हुसैन फैयाजी की देखरेख में नमाज हुई।

सिविल सर्जन ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया उद्घाटन

बालक मध्य विद्यालय, अमलाटोला, गर्दनीबाग से की गयी कार्यक्रम की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना के गर्दनीबाग स्थित बालक मध्य विद्यालय, अमलाटोला से आज शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ। मिथिलेश्वर कुमार ने स्कूल के छात्र/छात्राओं को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। 6 से 19 वर्ष के छात्र/छात्राओं को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गयी। दवा खिलाने के पूर्व सिविल सर्जन ने सभी उपस्थित छात्र/छात्राओं से पुछा कि कोई खली पेट तो नहीं है जिसपर सभी छात्र/छात्राओं ने बताया कि वह सुबह नाश्ता करने के बाद ही स्कूल आते हैं। दवा सेवन के लिए उपस्थित छात्र/छात्राओं के बीच खासा उत्साह देखा गया।

स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों पर खिलाई जाएगी दवा: इस अवसर पर सिविल सर्जन ने बताया कि 6 से 19 वर्ष के छात्र/छात्राओं को सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में दवा खिलाई जाएगी। 1 से 5 वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों पर दवा का सेवन कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों पर लाकर दवा खिलाई जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन की तैयारी जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा की गयी है और उन्हें कार्यक्रम की सफलता की पूरी उम्मीद है। उन्होंने बताया कि किसी कारणवश दवा खाने से छूटे बच्चों को दवा खिलाने के लिए 19 मार्च को मॉप अप राउंड संचालित किया जायेगा।

32, 49,182 बच्चे करेंगे दवा का सेवन: इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ। एस।पी।विनायक ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला के 32 लाख, 49 हजार, 182 बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्कूलों में 11 लाख, 72 हजार, 355 बच्चों को तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर 20 लाख, 76 हजार, 827 बच्चों को दवा खिलाई जाएगी।

प्रचार गाड़ी को किया गया रवाना: इस अवसर पर सिविल सर्जन एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से 2 प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अगले 4 दिनों तक प्रचार गाड़ी द्वारा विभिन्न जगहों पर जाकर सभी से अपने 1-19 वर्ष के बच्चों को दवा खिलाने के लिए जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर पर सिविल सर्जन डॉ। मिथिलेश्वर कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ। एस।पी।विनायक, बालक मध्य विद्यालय, गर्दनीबाग अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ। प्रतिमा कुमारी, अमलाटोला के प्रधानाध्यापक सुदर्शन सिंह, कन्या मध्य विद्यालय, अमलाटोला के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार, स्कूल के शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

होली में हुड़दंग की तो खैर नहीं : थानाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। शुक्रवार को खुशरुपुर थाना परिसर में स्थानीय पुलिस-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के बीच होली पर्व को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने व विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने की। बैठक में शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वाले के विरुद्ध सख्त कारवाई करने की बात कही गई। पुलिस ने इसके लिए आम लोगों से सहयोग की बात कही। बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष अरविंद कुमार व सीओ उत्तम राहुल ने कहा कि होली पर्व शांति व भाईचारे का प्रतीक है। इसलिए होली पर्व आपस में मिलजुल कर अच्छे से मनाएं। स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा है कि होली पर्व के दरम्यान शराब का सेवन या धंधा करते पकड़े गये तो सीधे जेल भेज दिया जायेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा गया कि होली पर्व के दरम्यान हुड़दंग करने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। स्थानीय प्रशासन ने यह भी कहा कि डीजे या अश्लील गाने बजाने वाले के खिलाफ भी सख्त कानूनी कारवाई की जायेगी। पर्व के दरम्यान प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस की एक टीम सादे ड्रेस में प्रखंड क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर तैनात किये जायेंगे। साथ ही ड्रोन कैमरे से भी हुड़दंगियों पर नजर रखी जायेगी। स्थानीय पुलिस होली पर्व को देखते हुए अभी से ही मुस्तैद दिखती नजर आ रही है। बता दें कि होलिका दहन की रात व होली के दिन गली मुहल्ले सहित हर नुक्कड़,ह र चौक-चौराहे पर पुलिस की गश्ती के साथ पैनी नजर रहेगी। स्थानीय पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थान पर कहीं भी कोई हुड़दंग कर रहे हों तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। शांति समिति की बैठक में दरोगा राहुल द्विवेदी, कन्हैया प्रसाद, नपं उपाध्यक्ष मिंटू कुमार सहित प्रखंड के क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि व अन्य लोग मौजूद थे।

माल्य महादेव मंदिर से बिजली ट्रांसफॉर्मर हटाने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। महाराजगंज स्थित माल्य महादेव मंदिर परिसर में स्थित विद्युत आपूर्ति ट्रांसफॉर्मर लगा है। इस ट्रांसफार्मर को लोगों ने हटाने की मांग विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, गुलजारबाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता व कनीय अभियंता मीना बाजार को आवेदन दिया गया है। इसमें कहा गया है कि मंदिर परिसर स्थित वट वृक्ष में स्थित शिवलिंग और माता मंदिर के बगल में विद्युत आपूर्ति ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। ट्रांसफॉर्मर के कारण से भक्तों को पूजा-पाठ करने में परेशानी होती है। कार्यपालक अभियंता मो सज्जाद अंसारी ने बताया कि मंदिर की ओर से आवेदन नहीं मिला है। स्थल निरीक्षण करा कर वहां से ट्रांसफॉर्मर हटाने की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इलाज कराने पहुंचे तीन मरीज कोरोना पॉजिटिव

पटना सिटी (प्राकि)। नालंदा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज करने को पहुंचे तीन मरीज के कोरोना जांच में पाजिटिव पाई गई। आरटी-पीसीआर की मदद से माइक्रोबायोलॉजी विभाग में हुई जांच में तीनों पॉजिटिव पाए गए। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अस्पताल से 18 मरीज का नमूना जांच को पहुंचा था। इसमें से तीन पॉजिटिव मिला है। इसमें कुरथौल की 55 साल की महिला, गुलजारबाग की 20 साल की महिला और धनरुआ का 9 साल का बालक भी कोविड संक्रमित पाया गया। उपाधीक्षक डॉक्टर सरोज कुमार ने कहा कि संक्रमित तीनों मरीज को हिदायत देकर हम आइसोलेशन के लिए कहा गया है।

अधिवक्ताओं के बैठने की पर्याप्त व सम्मानजनक व्यवस्था सभी बार एसो में हो उपलब्ध

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना जिला अधिवक्ता संघ के आह्वान पर जिला के अधिवक्ता संघ के कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक शुक्रवार को पटना जिला अधिवक्ता संघ भवन के कार्यालय में हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ताओं के बैठने की समुचित और सम्मानजनक व्यवस्था सभी बार एसोसिएशन में उपलब्ध करवाई जाए। दानापुर न्यायालय और मसौढ़ी न्यायालय में अनुमोदित अधिवक्ता संघ भवन का अविलंब निर्माण करवाया जाए और पटना जिला अधिवक्ता संघ को दो हजार अधिवक्ताओं को बैठने की वैकल्पिक व्यवस्था संघ के जुबली क्लब प्रांगण, जुबली के खाली परिसर, सिविल सर्जन कोर्ट का परिसर में अविलंब करवाई जाए। इस कार्य के लिए अधिवक्ताओं को किसी भी अधिवक्ताओं के प्रति पूर्वाग्रह नहीं अपनाया जाए। आज की बैठक में अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, कोऑर्डिनेशन कमेटी के संयोजक अनिल कुमार, पटना सिटी के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, महासचिव अशोक कुमार, मसौढ़ी बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी राकेश कुमार, संजय कुमार, राजेश यादव दानापुर जनरल सेक्रेटरी एवं पालीगंज के राणा प्रताप सिंह, पटना सिविल कोर्ट के जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमरनाथ जी, महासचिव अशोक कुमार यादव, शैलेंद्र कुमार, सत्य प्रकाश, महेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, अनिल कुमार आदि अधिवक्ता प्रतिनिधिगण शामिल रहे।

बिहार में बन गया पारा मेडिकल काउंसिल

पटना सिटी। विगत एक मार्च, 24 को विधानसभा मार्च के दौरान उप मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही काउंसिल का गठन किया जाएगा। पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण ने पारा मेडिकल काउंसिल के गठन पर राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी का धन्यवाद करते हुए कहा कि बीते एक मार्च को बिहार विधानसभा का घेराव किया गया था। राज्य के पारा मेडिकल छात्रों के द्वारा उसके बाद बीजेपी कार्यालय में देर शाम उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सम्राट चौधरी से पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रदेश महासचिव सुरेंद्र सुमन, कोषाध्यक्ष आशुतोष नंदन ने मुलाकात कर स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखा था।

अखिल भारतीय किसान महासभा का बिहार राज्य कार्यकारणी की बैठक हुई संपन्न

पटना । अखिल भारतीय किसान महासभा का बिहार राज्य कार्यकारणी की बैठक 14 मार्च 2024 के देर रात्रि तक विधायक अरुण सिंह के आवासीय सभागार, आर ब्लॉक, पटना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान महासभा के अध्यक्ष कॉमरेड मंजू प्रकाश के नेतृत्व में 11 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया । बैठक में किसान महासभा ने अपने गत तीन महीनों में किए गए कार्यक्रमों व संयूक किसान मोर्चा द्वारा देस व्यापी कार्यक्रमों की समीक्षा किया। कार्यकारणी में आए रिपोर्ट के अनुसार किसान महासभा बिहार के तीस जिलों में अपनी पकड़ को मजबूत करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आहूत कार्यक्रमों को मजबूती से लागू करते हुए जिलों के किसान समस्याओं पर लगातार विरोध कार्यक्रमों के माध्यम से आवाज बुलन्द करता रहा । इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आह्वाहित " संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ नारे के साथ सभी

जिला मुख्यालय पर 26जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर मार्च के कार्यक्रम या फिर 16 फरवरी 2024 को ग्रामीण भारत बंद कार्यक्रम को मजबूती से लागू किया इन सफल कार्यक्रमों पर कार्यकारणी ने संतोष व्यक्त किया और संगठन को विस्तार करते हुए बिहार के 38 जिलों में किसानों को संगठित करने व आंदोलन चलाने का कार्यभार तय किया। बैठक में अतिथि के बतौर उपस्थित भाकपा माले के राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जो आज सत्ता कायम है वह देश के तमाम संवैधानिक संस्थाओं को अपनी मुट्ठी में कर लिया है और संविधान को बदल देना चाहता है इसके लिए सत्ता ने सम्पूर्ण रूप से दमनकारी रूप अख्तियार कर लिया है देश के तमाम बुद्धिजीवियों को पहले जेलों में बंद किया और अपने खिलाफ उठने वाले हर आवाज को गोली लाठी के बल पर कुचल देने कि कोशिश जारी है । इस तरह देश में फासीवाद का दौर चल रहा है और अब लोकतंत्र खतरे में है हमें इसे बचाने के लिए कमर कसनी होगी। यह सरकार किसानो के आंदोलन के साथ जो किया जग जाहिर है लगातार किसानो के आंदोलन को कुचला जा रहा है उनकी जायज मांगे नही मानी जा रही है एम एस पी का प्रश्न हो या कर्ज मुक्ति का कुछ भी नही मिल रहा है एक ओर सरकार कापोरेटों के लाखों करोड़ रुपए कर्ज प्रति वर्ष माफ कर दिया जा रहा है तो किसानो का कर्ज क्यों नहीं माफ होगा, यही किसान देश को खाना खिलाते हैं। और करोना काल में भी तीन प्रतिशत का ग्रोथ देश को दिया था। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है हमे इस फासीवादी निजाम को सबक सिखाने का और किसान आपने साथ हुए अन्याय का बदला 2024 के चुनाव में लेंगे । किसान महासभा की इस कार्यकारणी बैठक ने निर्णय लिया कि संसदीय चुनाव 2024 में " कारपोरेट के पक्ष में किसानों के खेत - खेती - जल - जंगल और तमाम सार्वजनिक संसाधनों पर कब्जा कर लेने के लिए नीतियां बनाने वाली और किसान आंदोलन के साथ विश्वासघात व बादाखिलाफी करने वाली फासीवादी निजाम मोदी सरकार को उखाड़ फेंके" नारे के साथ किसानों के नाम एक अपील जारी करेगा। किसान महासभा के बिहार के मौजूद दो लाख से अधिक सदस्य है इस अपील पर्चा को लेकर गांव गांव किसानो के बीच जायेंगे और इस फासीवादी निजाम को उखाड़ फेंकने और महागठबंधन को जीतने की अपील करेंगे। बैठक को बिहार राज्य किसान महासभा के सचिव उमेश सिंह, राज्य सह सचिव क्रमशः अरुण सिंह (विधायक), सुदामा प्रसाद (विधायक), महानंद सिंह (विधायक), राम बली सिंह यादव (विधायक), बालेश्वर यादव, जितेंद्र यादव, कृपा नारायण सिंह, राजेंद्र पटेल, अविनास पासवान, अभिषेक कुमार, उपाध्यक्ष क्रमशः अमर नाथ यादव (पूर्व विधायक), चंद्रदीप सिंह (पूर्व विधायक), रामाधार सिंह, अलख नारायण चौधरी, शंभू नाथ मेहता, रविंदर सिंह कुशवाहा, नरेंद्र सिंह ने संबोधित किया । बैठक में सभी राज्य कार्यकारणी सदस्य मौजूद थे । बैठक दिन के 11 बजे से शुरू हो कर रात्रि दस बजे तक चला।

राजभवन में आयोजित मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बीच हुई मुलाकात। एक-दूसरे का किया अभिवादन

राजभवन में आयोजित मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, इस अवसर पर विस अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विप सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, राज्य सभा सांसद संजय झा, व अन्य मंत्री रहें मौजूद

नीतीश कैबिनेट ने कृषि विभाग की 07 योजनाओं की दी स्वीकृति

- 733 करोड़ 88 लाख रुपए की लागत से इन योजनाओं का होगा कार्यान्वयन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रिपरिषद् की बैठक हुई। जिसमें कृषि विभाग की 07 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। इन योजनाओं के कार्यान्वयन पर 733 करोड़ 88 लाख रुपए व्यय किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्य योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन, खेत की जुताई, कतार में बुआई, पौधा संरक्षण, फसल कटाई, दौनी, भण्डारण आदि से संबंधित 65 प्रकार के कृषि यंत्रों पर 8225 लाख रुपए अनुदान देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। बिहार के कृषि यंत्र निमाताओं द्वारा निर्मित यंत्रों पर किसानों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान दिया जायेगा। साथ ही, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के किसानों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के समतुल्य अनुदान दिये जाने का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक जिला में 02 कृषि यांत्रिकरण मेला तथा राज्य स्तर पर 01 कृषि यांत्रिकरण मेला का आयोजन किया जायेगा। केन्द्र प्रायोजित योजना सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकेनाईजेशन अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेन्टर, चयनित गाँव में कृषि यंत्र बैंक की स्थापना, फ्लेक्सी फंड अंतर्गत स्पेशल कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना हेतु 10416.67 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

आत्मा योजना : केन्द्र प्रायोजित कृषि उन्नति योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के अधीन 17554.65 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत चतुर्थ कृषि रोड मैप (डीपीआर) के घटक 10 लाख किसानों का क्षमता संवर्द्धन में आत्मा के कैफेटेरिया ऑफ एक्टिविटीज के सभी घटकों यथा किसानों के जिला/राज्य के अन्दर तथा राज्य के बाहर प्रशिक्षण तथा परिभ्रमण, कृषक हितकारी समूह का गठन, किसानों के खेतों में किसान पाठशाला का आयोजन किया जायेगा।राज्य योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के क्रियान्वयन के लिए संविदा आधारित नियोजित कर्मियों के लिए नियत मानदेय एवं ईपीएफ की राशि, बामेती का प्रबंधन, सुरक्षा एवं प्रसार कार्यक्रम यथा किसान चैपाल के माध्यम से नवीनतम तकनीक का किसानों के बीच प्रचार-प्रसार हेतु 4141.0946 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-प्रति बूंद अधिक फसल : चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत किसानो के खेतों तक सिंचाई उपलब्ध कराने हेतु केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-प्रति बूंद अधिक फसल अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई तथा अंतःक्षेप के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6057.82 लाख रुपए की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। किसान सलाहकार योजनाः वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यरत किसान सलाहकारों के निश्चित मानेदय के लिए 11180.52 लाख रुपए, ईपीएफ के लाभ से आच्छादित करने हेतु 1453.47 लाख रुपए, मृत्यु अनुग्रह अनुदान हेतु 104 लाख रुपए नियोक्ता अंशदान तथा आकस्मिकताएँ हेतु 72.67 लाख रुपए सहित कुल 12810.66 लाख रुपए की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। शिक्षा एवं शोध का विकास : बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर को वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना अंतर्गत स्थापना एवं विकास संबंधी कार्यों के लिए 3765.45 लाख रुपए सहायक अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गई है।

राजद कार्यालय में मनी समाजवादी नेता स्व राजनारायण की जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में प्रखर समाजवादी नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व राजनारायण की जयन्ती प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर स्वर्गीय राजनारायण के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजनारायण एक उदार समाजवादी नेता थे, वे भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति में आम आदमी के हितों के चिंतक थे। उन्होंने जातिवाद और साम्प्रदायिकता से उपर उठकर पूरी मानवता के लिए बेहतर काम किये। इसलिए तमाम समकालीन नेताओं के बीच ध्रुवतारा की तरह वो चमकते रहे। गरीबों के मसीहा लोकबंधु राजनारायण के ओजस्वी विचार, समदर्शी व्यवहार और नैतिक जनसरोकार आज भी हमारे बीच प्रासंगिक हैं और आगे भी यथावत बने रहेंगे। आजादी की लड़ाई में अपने अविस्मरणीय योगदान, भूमिहीन दलितों के बीच लगभग 800 बीघा अपनी पैतृक जमीन के समान बंटवारे और जनता पार्टी की सरकार में बतौर केंद्रीय मंत्री, सत्ता के विकेंद्रीकरण के मद्देनजर किये गए सराहनीय प्रयासों के लिये वे जाने जाते हैं। राष्ट्रीय जनता दल राजनारायण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा उनके सिद्धांतों पर चलने के लिए कृत संकल्पित है। इस अवसर पर स्वर्गीय राजनारायण जी के चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, बिनु यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल कुमार साहनी, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो सुबोध कुमार मेहता, करुणा सागर, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधायक डॉ राकेश रौशन, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, डॉ उर्मिला ठाकुर, सारिका पासवान, अरुण कुमार यादव, पूर्व विधायक उदय कुमार मांझी, प्रदेश महासचिव प्रेम कुमार गुप्ता, निर्भय कुमार अंबेडकर, बल्ली यादव, मदन शर्मा ,मुकुंद सिंह, भाई अरुण कुमार, प्रमोद कुमार राम, अभिषेक सिंह, राजेश यादव सहित दर्जनों नेता-कार्यकर्ता शामिल थे।

नीतीश कुमार के शासनकाल में अतिपिछड़ा समाज हुआ सशक्त : उमेश कुशवाहा

- लोसपुनाव की तैयारियों को लेकर जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की समीक्षात्मक बैठक
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अतिपिछड़ा समाज के मसीहा हैं : धर्मेन्द्र

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के निमत्त शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं मंच का संचालन अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी ने की। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने पार्टी के पदाधिकारियों को चुनाव तैयारियों से संबंधित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और सात सदस्यीय बूथ कमिटी गठित करने पर जोर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूती प्रदान करने के लिए अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के तमाम साथियों को पूरी मुस्तैदी के साथ काम करना है। अतिपिछड़ों के उत्थान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों की लंबी फेहरिस्त है। राज्य सरकार की तमाम उपलब्धियों को हमें आमजनों तक पहुंचाना है और प्रदेश के अतिपिछड़ा समाज को जागृत करना है। श्री कुशवाहा ने कहा कि यह सर्वविदित कि नीतीश कुमार के शासनकाल में अतिपिछड़ा समाज हर पैमाने पर सशक्त हुआ है। वर्ष 2005 में बिहार का बागडोर संभालते ही मुख्यमंत्री ने अतिपिछड़ा समाज के शैक्षणिक, आर्थिक और समाजिक उत्थान के लिए राज्य अतिपिछड़ा आयोग का गठन किया। साथ ही उनकी राजनीतिक भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए भी सरकार द्वारा पंचायती राज एवं नगर निकायों चुनाव में 50 फीसदी का आरक्षण की व्यवस्था की गई। श्री नीतीश कुमार के मजबूत संकल्प का परिणाम है कि निर्धारित समय सीमा में जातीय गणना का काम पूरा हुआ और आंकड़ों के मुताबिक अतिपिछड़ा समाज के आरक्षण में बढ़ोतरी की गई। अतिपिछड़ा समाज के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास मॉडल की चर्चा देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में होती है। जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अतिपिछड़ा समाज के मसीहा है। अपने 18 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने अतिपिछड़ा समाज को सशक्त किया है। बैठक में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रभारी सह पूर्व मंत्री लक्षीमेश्वर राय, विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह गांधी जी, नवीन आर्या, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो प्रमिला प्रजापति, शिव शंकर निषाद, प्रदेशभर के जिलाध्यक्षगण, प्रदेश प्रभारीगण एवं प्रखंड अध्यक्षगण मौजूद रहे।

अनुसूचित जाति समुदाय के विकास के मसीहा हैं नीतीश कुमार:जदयू

- सैंकड़ों करोड़ों का बजट देकर किया उनके जीवन में बदलाव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों के चलते आज राज्य में अनुसूचित जाति समुदाय का चैमुखी विकास संभव हो पाया है। अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने वर्तमान बजट में 2 हजार 120 करोड़ की राशि का प्रावधान किया। नीतीश कुमार सरकार का अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के लिए इतनी राशि का प्रावधान करना ये दशार्ता है कि अनुसूचित जाति समुदाय के विकास के लिए वो कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों का परिणाम है कि आज राज्य में अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों का जीवन खुशहाल हो सका है। ये बातें जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम और प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य में जाति आधारित गणना कराकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ाने का काम किया। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि, आज अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को राज्य में 20 फीसदी आरक्षण का लाभ मिल रहा है। जदयू प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि आज जब अनूसूचित जाति समुदाय का वोट लेने की बारी आयी तो आरजेडी नेताओं को इस समुदाय की याद आने लगी। आरजेडी शासनकाल के बातों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के लिए महज 40 करोड़ 48 लाख की राशि का प्रावधान किया गया था। जदयू प्रवक्ताओं ने कहा कि बजट में इतनी कम राशि का प्रावधान करने के चलते ही लालू यादव और राबड़ी देवी शासनकाल में अनुसूचित जाति समुदाय के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति भी बंद कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि आरजेडी शासनकाल के दौरान अनुसूचित जाति कल्याण के लिए एक तो बजट कम आवंटित होता था, वहीं दूसरी ओर आवंटित बजट की राशि को भी दूसरे विभागों में डायवर्ट कर दिया जाता था। जदयू प्रदेश प्रवक्ताओं ने आरजेडी पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज जब चुनाव का समय नजदीक है तो उन्हें अनुसूचित जाति समुदाय के हितों की बात याद आ रही है। उन्होंने कहा कि महज वोटों के लिए आरजेडी नेता अनूसिचत जाति कल्याण की बात करते हैं, जबकि हकीकत यह है कि चुनाव खत्म होने के बाद वो अपने वादों को भूल जाते हैं। जदयू प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि बिहार के लोग उनकी झूठी बातों को अच्छी तरह से समझ रहे हैं और आने वाले चुनाव में उन्हें माकूल जवाब देंगे।

लोकसभा चुनाव के बाद होगा साहित्य सम्मेलन का राष्ट्रीय अधिवेशन

- मई के अंतिम या जून के प्रथम सप्ताह में होगा अधिवेशन,कार्यसमिति का निर्णय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी 29, 30 और 31 मार्च को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में होने वाला, साहित्य सम्मेलन, प्रयाग का 75वाँ अमृत-महोत्सव राष्ट्रीय अधिवेशन, आसन्न लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, स्थगित कर दिया गया है। अब यह मई के अंतिम सप्ताह अथवा जून के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। इसी के साथ बिहार का ४३वाँ महाधिवेशन भी संपन्न होगा। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की कार्यसमिति तथा अधिवेशन की स्वागत समिति की शुक्रवार को संपन्न हुई संयुक्त बैठक के पश्चात अपनी विज्ञप्ति में सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने यह जानकारी दी है। डा सुलभ के अनुसार देश भर की विदुषियों और विद्वानों के लगातार यह परामर्श आ रही थे कि राष्ट्रीय अधिवेशन का पूर्व निर्धारित समय अनुकूल नहीं है। इसकी तिथि चुनाव के बाद तक के लिए बढ़ायी जानी चाहिए। साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के अध्यक्ष प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित तथा प्रधानमंत्री कुंतक मिश्र के साथ वार्ता के पश्चात यह निर्णय लिया गया है, जिस पर कार्यसमिति और स्वागत समिति ने अपनी सहमति व्यक्त कर दी है। डा सुलभ ने बताया है कि अधिवेशन की तैयारी के कार्य पूर्ववत जारी रहेंगे। प्रतिभागियों का पंजीयन भी जारी रहेगा। अवकाश मिल जाने से तैयारी को प्रत्येक प्रकार से बल देने का पर्याप्त अवसर मिल गया है। बैठक में सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय, डा मधु वर्मा, डा कल्याणी कुसुम सिंह, प्रधानमंत्री डा शिववंश पाण्डेय, पद्मश्री विमल कुमार जैन, डा पूनम आनन्द, डा पुष्पा जमुआर, डा शालिनी पाण्डेय, ई अशोक कुमार, पारिजात सौरभ, डा पुष्पा जमुआर, डा शालिनी पाण्डेय, प्रो सुशील कुमार झा, राजेश भट्ट, अम्बरीष कान्त, सागरिका राय, डा अर्चना त्रिपाठी, डा सुमेधा पाठक, डा विद्या चौधरी, डा प्रतिभा रानी, ई अवध बिहारी सिंह, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, प्रेमलता सिंह राजपुत, विभा रानी श्रीवास्तव, मधुरानी लाल, मीरा श्रीवास्तव, प्रवीर कुमार पंकज, डा सुषमा कुमारी, चंदा मिश्र, ज्ञानेश्वर शर्मा, डा अमरनाथ प्रसाद, सदानन्द प्रसाद, जय प्रकाश पुजारी, बिंदेश्वर पाठक, डा सीमा यादव, कमल किशोर वर्मा कमल, कमल नयन श्रीवास्तव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, नीरव समदर्शी, डा पंकज पाण्डेय, शशि भूषण कुमार, संजय शुक्ला, डा नीतू चौहान, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, रौली कुमारी, पंकज प्रियम, पंकज कुमार वसंत, डा पल्लवी विश्वास, नेहाल कुमार सिंह निर्मल समेत कार्यसमिति और स्वागत समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

पीयू एवं छात्र जन-परिषद के सैंकड़ों नेता राजद में हुए शामिल

- समाज के सभी वर्ग के लोग राजद के साथ जुड़ रहे हैं : मनोज

पटना। बिहार प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पटना विश्वविद्यालय एवं छात्र जन परिषद के सैकड़ो समर्थकों के साथ जुझारू नेत्री प्रिया राज ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, डॉ उर्मिला ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल सहित अन्य गणमान्य नेताओं के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा सदस्यता ग्रहण करने वालों में रवि भूषण कुमार, रणजीत यादव, सौरव कुमार, रूपम कुमारी, अलका ठाकुर, पूजा कुमारी, लव कुमार, प्रभात कुमार, रिशांक कुमार, नीतीश कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र जन परिषद तथा पटना विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के नीतियों, विचारों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व पर विश्वास करके बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा और समाज के सभी वर्ग के लोग राजद के साथ जुड़ रहे हैं, क्योंकि राजद की नीतियां सभी वर्गों और लोगों को साथ लेकर चलने तथा सभी को सम्मान देने की रही है जो सरजमीन पर दिख भी रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो सुबोध कुमार मेहता, डॉक्टर करुणा सागर, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल साहनी, प्रदेश महासचिव बल्ली यादव, प्रमोद कुमार राम, संजय यादव, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य गणमान्य नेतागण भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

अगिआंव में उप चुनाव की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाने की मांग पर चुनाव आयोग को पत्र

पटना। भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने अगिआंव विधानसभा सीट पर तत्काल उपचुनाव नहीं कराने की मांग पर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा कि का. मनोज मंजिल की सजा बेहद अप्रमाणिक सबूतों के आधार पर निर्धारित की गई है और यह एक राजनीतिक साजिश का भी परिणाम है। इस मामले में हमने पटना उच्च न्यायालय में अपील दायर की है और उसपर सुनवाई होने ही वाली है। हमें उम्मीद है कि उच्च न्यायालय से मनोज मंजिल की दोषसिद्धि और सजा पर रोक लग जाएगी। छह महीने की रिक्ति नियम के तहत अभी भी समय है। ऐसे में हमारा मानना है कि आयोग को उच्च न्यायालय के आदेश का इंतजार करना चाहिए और उप चुनाव की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए।

पूर्व मध्य रेल

शुद्धिपत्र

ई–निविदा सूचना सं.:– SPJW-24-BOXNHL400-BODY **निविदा बंद होने की तारीख**:– 30/03/2024. **कार्य का नाम:** यांत्रिक कारखाना, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर में बॉक्सनएचएल वैगन साइड वाल, इण्ड वाल, फ्लैप डोर कंप्लीट का फेब्रिकेशन, आपूर्ति एवं अंडरफ्रेम मे उनका फिटमेंट। उपरोक्त निविदा सूचना के संबंध में निम्नलिखित शुद्धिपत्र का अवलोकन किया जा सकता है। **क्रo सं०:** 01, **परिवर्तन का विवरण:** नया दस्तावेज़ जोड़ा गया है। **विवरण:** Corrigendum-1toTenderDocument.pdf. उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर

पीआर/02573/सीडब्यूएमएसपीजे/एमईसीएच/सी/23–24/20

अखिल भारतीय किसान महासभा का बिहार राज्य कार्यकारणी की बैठक संपन्न

भाजपा को सबक सिखाने व महागठबंधन के उम्मीदवारों की जीत दिलाने का निर्णय

पटना। अखिल भारतीय किसान महासभा का बिहार राज्य कार्यकारणी की बैठक गुरूवार को देर रात्रि तक विधायक अरुण सिंह के आवासीय सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान महासभा के अध्यक्ष कॉमरेड मंजू प्रकाश के नेतृत्व में 11 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया । बैठक में किसान महासभा ने अपने गत तीन महीनों में किए गए कार्यक्रमों व संयूक किसान मोर्चा द्वारा देस व्यापी कार्यक्रमों की समीक्षा किया। बैठक में भाकपा माले के राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल ने कहा कि देश में जो आज सत्ता कायम है वह देश के तमाम संवैधानिक संस्थाओं को अपनी मुठ्ठी में कर लिया है और संविधान को बदल देना चाहता है इसके लिए सत्ता ने सम्पूर्ण रूप से दमनकारी रूप अख्तियार कर लिया है देश के तमाम बुद्धिजीवियों को पहले जेलों में बंद किया और अपने खिलाफ उठने वाले हर आवाज को गोली लाठी के बल पर कुचल देने कि कोशिश जारी है । इस तरह देश में फासीवाद का दौर चल रहा है और अब लोकतंत्र खतरे में है हमें इसे बचाने के लिए कमर कसनी होगी। किसान आपने साथ हुए अन्याय का बदला 2024 के चुनाव में लेंगे ।

बैठक में निर्णय लिया गया कि संसदीय चुनाव 2024 में किसान आंदोलन के साथ विश्वासघात व वादाखिलाफी करने वाली फासीवादी निजाम मोदी सरकार को उखाड़ फेंके। किसान महासभा इस अपील पर्चा को लेकर गांव गांव किसानो के बीच जायेंगे और इस फासीवादी निजाम को उखाड़ फेंकने और महागठबंधन को जीतने की अपील करेंगे। बैठक को बिहार राज्य किसान महासभा के सचिव उमेश सिंह, राज्य सह सचिव क्रमशः अरुण सिंह, सुदामा प्रसाद, महानंद सिंह, राम बली सिंह यादव,बालेश्वर यादव,जितेंद्र यादव,कृपा नारायण सिंह, राजेंद्र पटेल, अविनास पासवान, अभिषेक कुमार,उपाध्यक्ष क्रमशः अमर नाथ यादव, चंद्रदीप सिंह, रामाधार सिंह, अलख नारायण चौधरी, शंभू नाथ मेहता, रविंदर सिंह कुशवाहा, नरेंद्र सिंह ने संबोधित किया।

भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–74 वर्ष–2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 03.04.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 04.04.2024 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 04.04.2024 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0, पटना एवं जिला नियंत्रण कक्ष, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लाख में	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	S/R with addition & alteration in Room No. 116 & 119 of Environment, Forest & climate change Department, at Ground floor Sinchai Bhawan, Patna.	4,34,222.00	8,700.00	750.00	7 Days
2.	SITC of 2 Ton Inverter Technology type Split AC machine (2 No Ac) Room no 116 and 119 at Ground floor in Sinchi Bhwan in campus of old Secretariat, Patna.	2,05,986.00	4,200	500.00	7 Days

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 020012 (BCD) 2023-24

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

सीएम नीतीश ने 4 कृषि ज्ञान वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कृषि ज्ञान वाहन से किसानों की समस्याओं का समाधान उनके द्वार तक किया जाएगा : अग्रवाल

- कृषि संबंधित नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकेंगे किसान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग में रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर 811 करोड़ रुपये की लागत की 20 योजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 4 कृषि ज्ञान वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि ज्ञान वाहनों को रवाना करने के पहले मुख्यमंत्री ने कृषि ज्ञान वाहन के अंदर जाकर सारी व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध उपकरणों की उपयोगिताओं की जानकारी ली। इस दौरान कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया

कि किसानों को कृषि ज्ञान वाहन के माध्यम से कृषि सूचना एवं उनकी समस्याओं का समाधान उनके द्वार तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में चतुर्थ कृषि रोड मैप की शुरूआत की गई है। चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत कृषि विभाग द्वारा प्रथम चरण में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना तथा बिहार कृषि प्रबंधन और प्रसार प्रशिक्षण संस्थान पटना के द्वारा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की नवीनतम जानकारी प्राप्त कर किसानों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि ज्ञान वाहन विकसित कराया गया है। इस ज्ञान वाहन से मिट्टी जाँच की सुविधा, किसानों को फसल विशेष के लिए उर्वरक व्यवहार की मात्रा, पशुओं की समस्याओं का त्वरित निदान, कीट-व्याधि सहित खरपतवार की पहचान एवं उसके प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी। यह ज्ञान वाहन राज्य के विभिन्न जिलों के किसानों को कृषि की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें जागरूक करेगा। कृषि ज्ञान वाहन के माध्यम से लोक हितकारी सरकारी योजनाओं के प्रति किसानों को जागरूक किया जाएगा साथ ही तकनीकी फिल्मों के प्रदर्शन और कृषि प्रसार साहित्य के माध्यम से उनका ज्ञान संवर्द्धन किया जाएगा। कृषि ज्ञान वाहन द्वारा मिट्टी जांच नमूनों का संग्रहण, कृषि से जुड़े समस्याओं का किसानों के द्वार पर निराकरण, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से जुड़ी व्यवहारिक समस्याओं का निदान, खाद्यान्न, बागवानी व अन्य फसलों के कीट-व्याधि के साथ-साथ पशु एवं पक्षी के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कृषि ज्ञान वाहनों से किसानों को कृषि उपादानों यथा बीज, जैविक खाद, तरल बायो फर्टिलाईजर सहित मशरूम स्पॉन आदि उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने हरित पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–12 वर्ष 2023–24

स्थानीय अभिकर्ता श्रेणी (iv) में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 25.03.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 1:30 बजे अपराहन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :–

क0	सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ
1	**Supply of Air Condition for Office of the Executive Egnineer, Gardanibagh Building Division, Patna for the year 2023-24**

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 07 दिन

➢विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/.prdbihar.gov.in देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR- 20006 (B C D) 2023-24

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,
भ0नि0वि0, पटना

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

संक्षिप्त खबरें

कार से 38 कार्टून शराब बरामद

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के बरुआरी चौक एनएच 57 से पुलिस ने एक कार से 38 कार्टन विदेशी शराब की टेट्रा पैक बरामद किया है। इसके साथ ही मौके से कार चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार हुए कार चालक की पहचान गोपालगंज जिले के अजय चौधरी के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव ने बताया कि मैठी टॉल प्लाजा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच पुलिस को देख एक कार तेजी से भागने लगा। इसके बाद बेनीबाद थाने की पुलिस के सहयोग से उसे खदेड़ कर बरुआरी चौक के समीप पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि विदेशी शराब की खेप यूपी के कुशीनगर से दरभंगा भेजी गई थी। बरामद की गई विदेशी शराब की मात्रा करीब 322 लीटर है। बताया की गिरफ्तार हुए आरोपी चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

गरमा फसल का बीज वितरण

विभूतिपुर प्रखंड के सभी पंचायत में गरमा फसल के बीज वितरण किया जा रहा है। यह वितरण 11 मार्च से 21 मार्च के बीच किया जाएगा। जिसकी सूचना पत्र निर्गत कर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने पंचायत एवं तिथि बार शेड्यूल जारी करते हुए कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार को प्रतिनियुक्ति किया है। विभूतिपुर पूरब, विभूतिपुर उत्तर एवं महथी उत्तर पंचायत में 11 मार्च को राजीव रंजन मानसिंह प्रेमचंद सिंह चंद्रिका प्रसाद सिंह नरहन, भूसवर, सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत में 12 मार्च को कैलाश प्रसाद, सिकंदर रजक, राजीव कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, चोरा भटका, सुरौली, पतैलिया पंचायत में 14 मार्च को आलोक कुमार, तरुण कुमार, मनोज कुमार, जानकी छाया, गंगौली मंदा, तारा मोहन, देसरी करख पंचायत में 13 मार्च को मुकेश रंजन, राम शंकर सिंह, मनोज कुमार, बाजितपुर बम्बैया, भरपुरा, पटपरा पंचायत में 15 मार्च को उमेश कुमार, महावीर प्रसाद, अमरेश कुमार, सिंघिया बुजुर्ग उत्तर पंचायत में 16 मार्च को रतिकांत कुमार, अरुण रजक, कल्याणपुर उत्तर, कल्याणपुर दक्षिण, केराई, महिथी पंचायत में 17 एवं 18 मार्च को अभिजीत कुमार, बमबम कुमार, मुरारी सिंह, कन्हैया कुमार, अमरेश कुमार, रंजीत कुमार, बोरिया, महथी दक्षिण पंचायत में 19 मार्च को सत्य प्रकाश सिंह, मुस्तफापुर पंचायत में 21 मार्च को अंजनी कुमार, अनामिका, बैजू सहनी, रंजीत कुमार के नेतृत्व में गरमा फसल बीज का वितरण किया जाएगा। संबंधित कर्मी को सूचित करते हुए बीज वितरण सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया गया है।

साइकिल रैली निकालकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत बीआरएनके एस कॉलेज कल्याणपुर में प्राचार्य सूर्य देव प्रसाद सिंह के नेतृत्व में साइकिल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों तथा छात्र-छात्राओं को मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। अभियान को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक नागरिक देश हित में अपना मतदान का प्रयोग अवश्य करें। वहीं हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया।

दो घरों में हुई चोरी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा घर में चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। अज्ञात चोरों द्वारा घर का सारे सदस्य दरवाजा पर सोये हुए थे। उसी समय घर सुना देखकर हजारों रुपए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं पीड़ित व्यक्ति अरुण सहनी एवं राजेंद्र सहनी दोनों के घर से सात हजार रुपए नकद और 65 हजार रुपए के सोना चांदी सहित सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष प्रशिक्षु डीएसपी नीतिश चंद्र धारिया ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति द्वारा आवेदन मिला जांचों उपरांत आगे कार्रवाई किया जाएगा।

घर के बाहर सोए अधेड़ की गोली मारकर हत्या, सुबह में परिजनों को चला पता

पुलिस ने शव के पास से एक खोखा व घर के सामने एक खेत से किया अपराधी का चप्पल बरामद

- सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे संदिग्ध की पहचान में जुटी पुलिस
- घटना से दो दिन पूर्व बाइक से आए अपराधियों ने दी थी हत्या की धमकी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 जितवारपुर चौथ के बोलता टोला में गुरुवार की रात अपराधियों ने गोली मारकर एक अधेड़ की हत्या कर दी। मृतक की पहचान बोलता टोला के स्व० आनंदलाल राय ऊर्फ पुलिस राय के पुत्र हरिश्चन्द्र राय ऊर्फ बताह (55 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों को घटना के सम्बन्ध उस वक्त पता चला जब शुक्रवार की सुबह चाय के लिए उनकी पत्नी रीता देवी उन्हें उठाने गई। परिजनों ने देखा कि उनका शरीर खून से लथपथ पड़ा हुआ है और उनकी मृत्यु हो चुकी है। अपराधियों ने उनके सिर में गोली मारी है। इसके बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के पास से एक खोखा व वहीं से तथा घर के सामने एक खेत से एक चप्पल बरामद किया है। इसके बाद शव को जब्त कर पुलिस ने परिजनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के सम्बन्ध में परिजनों ने बताया कि हरिश्चन्द्र राय को तीन पुत्रियां और दो पुत्र है। उनकी पुत्री मनीषा देवी, गुंजन कुमारी और डॉली कुमारी, जिनकी शादी हो चुकी है। मृतक के बड़े पुत्र मनीष कुमार की शादी हो चुकी है और वह हैदराबाद में रहता है। वहीं छोटा पुत्र प्रिंस कुमार घर पर ही रहता है। परिजनों के अनुसार दो दिन पूर्व परसों रात और दिन में बाइक से दो अनजान युवक आए थे और गोली मारकर हत्या की धमकी दे रहे थे। इसके बाद वे सभी बाइक से चले गए। वहीं पुलिस का कहना है कि पूर्व की रंजिश के कारण हरिश्चन्द्र राय की हत्या की बात सामने आ रही है। बता दें कि घटना को लेकर थाने में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं पुलिस का कहना है कि इस घटना में एक दुर्दांत अपराधी का नाम सामने आ रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक के घर से कुछ फीट दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया है। फुटेज में रात के करीब एक बजे व रात के 2:51 बजे दो लोग दिखाई पड़ रहे हैं। उनमें से एक उजले रंग का शर्ट पहने हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं इस सम्बन्ध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि घटना के सम्बन्ध में आवेदन प्राप्त हुआ है और एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा और घटना में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

समेकित कृषि प्रणाली पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में खेती किसानी को एक नया आयाम देने के लिए समेकित कृषि प्रणाली के तहत जीविका से जुड़े किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खेती आधारित अन्य गतिविधियों को जोड़कर किसानों की आमदनी को बढ़ाना है। मछली पालन, बकरी पालन, पशुपालन और तकनीकी खेती के आधार पर अपनी आमदनी को बढ़ाने के साथ ही आचार मुरब्बा का उत्पादन और बिक्री के साथ ही किसानों को डीप इरीगेशन और सिंचाई विभाग के साथ ही अन्य सरकारी विभागों की योजनाओं का उन्हें लाभ पहुंचाना है ।इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए तकनीकी विशेषज्ञ दीपू कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पूरे देश में इस तरह की कार्यशाला चल रही है। जिसमें बिहार के सात जिले शामिल है। मुजफ्फरपुर में सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जिले का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ है। जिसमें सभी तरह के कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई है। और सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ ही पशुपालन और उन्नत किस्म की खेती की कार्य योजना बनी है ।इस कार्यशाला के बाद किसानों को काफी फायदा होगा। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि किसी भी प्रकार के अपशिष्ट का इस्तेमाल खेती के साथ किया जा सकता है ।जिससे उर्वरा और पशुओं के लिए चारा भी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इस कार्यशाला में सीतामढ़ी के डीपीएम उमाशंकर भगत और उनकी पूरी टीम, मुजफ्फरपुर से कृषि प्रबंधक कुणाल किशोर ,सिद्धार्थ कुमार ,राज कुमार, अंबरीन आजाद,निशांत कुमार बीपीएम नागेंद्र कुमार ,प्रणव कुमार अर्चना, कुमारी मोहम्मद कैफ और अन्य सहयोगी संस्था के सदस्य और कई जीविका कर्मी उपस्थित थे।

प्रोफेसर किरण शंकर प्रसाद के आकस्मिक निधन

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा हिन्दी बज्जिका के मूर्धन्य विद्वान समीक्षक डॉक्टर प्रोफेसर किरण शंकर प्रसाद के आकस्मिक निधन पर बज्जिका विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश राय ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है । किरण शंकर बाबू जीवन पर्यन्त हिन्दी बज्जिका भाषा के विकास के लिए संकल्पित एवं समर्पित रहे। किरण शंकर बाबू का जीवन सादगी से ओतप्रोत रहा। एक प्रोफेसर साहित्यकार ,साहित्य साधना एवं भाषाई विकास के लिए उन्हें लम्बे अरसे तक याद किया जाएगा । किरण शंकर बाबू के निधन से हिन्दी बज्जिका भाषा के विकास को अपूरणीय क्षति हुई है उसे आसानी से पूरा नहीं जा सकता है। अखिल भारतीय बज्जिका विकास संघ की ओर से नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ।

श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन में राजा परीक्षित एवं सुकदेव जन्म पर हुई चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड के ललित लक्ष्मीपुर हॉल्ट से पश्चित शास्त्रीनगर स्थित दीनानाथ सर्वोच्च सेवा संस्थान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पूज्य श्रीहृदयनाथ शास्त्री जी ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया. कथावाचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए. उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा. ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके. परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है. उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया. यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी. ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा. समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है. समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे. वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया. कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें. कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा सुनने पहुंचे.मौके पर मुख्य यजमान नारायण यादव, बनारस से पहुंचे आर्चा सतीशचंद्र ठाकुर जी, धीरेंद्र शास्त्री, आशुतोष तिवारी, शास्त्री कृष्णमुरारी पांडेय, मेहश कुमार, निरंजन पांडेय, राधेश्याम पाठक श्रद्धालु बासुकीनाथ झा, दिनेश साहु, ललन झा सहित भाड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

एसयूसईआई कम्यूनिस्ट 151 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। वह देश भर में 151 सीटों, बिहार में 17 सीटों एवं मुजफ्फरपुर जिले के दोनों संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर एवं वैशाली से उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। मुजफ्फरपुर से अरविंद कुमार एवं वैशाली से नरेश राम उम्मीदवार होंगे। पार्टी की केन्द्रीय कमिटी ने इसकी घोषणा कर दी है। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के जिला सचिव अर्जुन कुमार ने कहा कि इस चुनाव में एक ओर भाजपा के नेतृत्व में एनडीए, तो दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया--मुख्य रूप से ये दोनों बुर्जुआ गठजोड़ ही ये प्रतिद्वंद्विता कर रहे हैं। यह स्वाभाविक है और पुराने दिनों के इतिहास से पता चलता है कि इस चुनाव में दोनों खेमे झूठे वायदों और अकूत पैसे लेकर चुनाव में उतरेंगे। भाजपा के कर्णधार दावा कर रहे हैं कि वे भारत में ह्यरामराज्यह्न कायम करने जा रहे हैं और उनके पिछले 10 वर्षों के शासन में देश में बड़े पैमाने पर ह्यविकासह्न हुआ है। ह्यविकासह्न तो हुआ है, लेकिन किसका विकास हुआ है? इजारेदार पूंजीपतियों और बहुराष्ट्रीय निगमों का विकास हुआ है। उन्होंने मजदूर वर्ग और जनता का बड़े पैमाने पर शोषण कर भारी मुनाफा लूटा है और आज भी लूट रहे हैं। जिस ह्यडबल इंजनह्न की सरकार के बारे में वे दावा करते हैं कि वह इस ह्यविकासह्न की मुख्य चालकशक्ति है, उसके दो चालक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह हैं। उस इंजन के पीछे वाले डिब्बे में अंबानी, अडानी, टाटा, मित्तल और जिंदल बैठे हुए हैं और उसके पहिये के नीचे कुचले जा रहे हैं करोड़ों गरीब-बेसहारा भारतीय। आजादी के बाद लम्बे दिनों तक कांग्रेस ने देश पर शासन किया और इसी कांग्रेस ने पूंजीवाद के लिए फासीवाद का आधार तैयार किया। भाजपा इस आधार को और पुख्ता कर रही है। इस फासीवाद को कायम करने के लिए भाजपा हिंदुत्व के नाम पर भारत को अतीत के धार्मिक अंधेरे के युग में वापस ले जा रही है, वैज्ञानिक तर्कवाद की परंपरा को मिटा रही है, जिसकी लड़ाई पुनर्जागरण काल के विचारकों राममोहन, विद्यासागर, फुले आदि ने की थी। साथ ही गरीबों और शोषित लोगों में कट्टरता पैदा करके सांप्रदायिक नफरत और उन्माद का माहौल तैयार किया जा रहा है। इसलिए पूंजीपति वर्ग की भरोसेमंद पार्टी भाजपा की इन तमाम जनविरोधी कार्रवाइयों, फासीवादी कदमों, सभी क्षेत्रें में पार्टी का वर्चस्व कायम करने, विरोधी विचारों का गला घोंटने, उग्र हिंदुत्व और सांप्रदायिक मानसिकता को बढ़ावा देने आदि की वजह से अगले चुनाव में भाजपा को परास्त करना आवश्यक है। लोगों का अनुभव बताता है कि राज्य में जदयू-भाजपा हो या राजद-कांग्रेस सभी पार्टियों का मकसद जोड़तोड़ से सरकार बनाकर सत्ता-सुख हासिल करना है। उन्होंने कहा, स चुनाव में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) मार्क्सवाद और संघर्षशील वामपंथ की विचारधारा को लेकर मुजफ्फरपुर की दोनों लोकसभा की सीटों, बिहार की 17 लोकसभा सीटों समेत देशभर की कुल 151 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे । अगर हमारे उम्मीदवार विजयी होते हैं, तो वे संसद के अंदर जनता की मांगों को लेकर संघर्ष करेंगे और साथ ही संसद के बाहर सड़कों पर शोषित लोगों के वर्ग संघर्ष और जनवादी आन्दोलन को जारी रखेंगे।

मतदान केंद्र संख्या का लेखन कराने का बीडीओ नें दिया निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

कुशेश्वर स्थान दरभंगा : पूर्वी प्रखंड में बीडीओ किशोर कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक। जिसमें चुनाव आयोग से प्राप्त मतदान केन्द्र की सूची अनुसार मतदान केंद्र वाले विद्यालय में नाम एवं मतदान केंद्र संख्या का लेखन कराने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान केन्द्र में शौचालय, बिजली, पानी, रैम्प, सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, संवेदनशील मतदान केन्द्रों को जांच कर इसकी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर अन्य सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुशेश्वर स्थान पर आगामी 18 मार्च को स्वास्थ्य जांच को लेकर विशेष शिविर का आयोजन

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुशेश्वर स्थान पर आगामी 18 मार्च को स्वास्थ्य जांच को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा ।यह जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 भगवान दास ने दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर उक्त तिथि को सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मियों के द्वारा एक्सरे के साथ साथ विभिन्न प्रकार का जांच निःशुल्क किया जाएग। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 दास ने बताया कि शिविर में 15 या उससे अधिक दिनों तक सर्दी ,खांसी या बुखार से पीड़ित व्यक्ति एवं उनके परिजनों को मुफ्त जांच एवं एक्सरे कर आवश्यक दवाई दिए जायेंगे।

सकारात्मक सोच सफलता का मूल मंत्र है : अर्जुन कुमार

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सकारात्मक सोच सफलता का मूल मंत्र है। सकारात्मक सोच एवं सफलता की सीढ़ी को प्राप्त कर सकते हैं। उक्त बातें सिंघिया घाट स्थित यूनिक चिल्ड्रन एकेडमी के 31 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य अर्जुन कुमार ने कहीं। समारोह को भोला महतो, संजय कुमार, प्रवीण कुमार, पिंटू कुमार आदि ने संबोधित किया। वहीं कबड्डी, गोला कूद, म्यूजिकल चेयर रेस, मेगा जीके टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व किरण कुमारी, खुशी कुमारी, पिंकी कुमारी कर रही थी। प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग से नवम तक के छात्र-छात्रा भाग लिया। जिसमें करण राज, ऋषभ, आर्दश, विजय, सुजीत, तन्नू, सिंटू, अंबिका, सोनी, स्वीटी, प्रियांशु, निशांत, आयुष, पावनी, सृष्टि, लवली, नव्या प्रिया, माही, अनामिका आदि छात्राओं ने बाजी मारी। मौके पर पी एन झा, नवनीत झा सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

तेलसर चौर में एक वृद्ध की संदिग्ध मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के टभका पंचायत के तेलसर चौर में एक 72 वर्षीय वृद्ध की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय राम यारी ठाकुर के पुत्र हरेराम ठाकुर के रूप में की गई है। मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर मांसपेशी जलने जैसे काले काले धब्बे बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सुबह करीब 10:00 बजे किसी ने बुलाकर उन्हें उक्त चौर में ले गया। करीब 2 घंटे बाद चौर में काम कर रहे किसान जब खेत से वापस लौट रहे थे तो उन्हें मृत अवस्था में देखकर इसकी सूचना उनके पुत्रों को दी। इसके बाद मृतक के पुत्र सहित ग्रामीण उनका शव चौर से लाकर घर पर रखा। इसके बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। चर्चा है कि अत्यधिक नशा पान करने के कारण उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरी और यह भी चर्चा है जिसने बुलाकर ले गया था कहीं उसी का कारनामा तो नहीं। लोग इस मौत को संदेहास्पद मान रहे हैं। कोई इसे नशा पान के कारण तो, कोई इसे षड्यंत्र के तहत हत्या बता रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया की संदेहास्पद मौत है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के

विधायक ने किया 30 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित चार सड़कों का उद्घाटन

कहा- 30 सड़कों के कायाकल्प के लिए लगभग 25 करोड़ रुपए का हुआ है आवंटन, जल्द होगा निर्माण प्रारम्भ

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर के स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा करीब 30 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित चार सड़कों का उद्घाटन फीता काट कर व नारियल फोड़ कर किया। जिसमें प्रमुख रूप से रहीमपुर रुदौली में सूरज राय के घर के निकट से रणधीर राय के घर तक की सड़क, रहीमपुर रुदौली में मुख्य सड़क से तीन मुहानी होते हुए मो० जुनैद के घर तक की सड़क तथा रहीमपुर रुदौली, मुख्य सड़क से लक्ष्मी के बथान की ओर जाने वाली सड़क शामिल है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी पवन यादव ने किया। विधायक ने कहा कि समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र में नए-नए सड़कों का उद्घाटन किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा है। जहां बाकी है, वहां कार्य किया जा रहा। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन, बाईपास सड़क, शेड, सामुदायिक भवन, चबूतरा सहित कई विकास के कार्य उनके कार्यकाल में पूरा किया गया है। कई सड़क व पुल जो पिछले कई दशकों से यहां के लिए पुरानी मांग थी, उसे पूरा किया गया है। हकीमाबाद पंचायत के राज घाट से नागरबस्ती के बीच बूढ़ी गंडक नदी पर पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है। विधायक ने कहा कि उनके अथक प्रयास से समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 30 सड़कों के कायाकल्प के लिए लगभग 25 करोड़ रुपये का आवंटन हो गया है। जल्द ही इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों तथा विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु भी 10-10 करोड़ की राशि की विभागीय स्वीकृति प्रदान हो गयी है। कुछ और महत्वपूर्ण सड़क एवं पुलिया है, जिसे बनाने के लिए प्राक्कलन बनकर तैयार है। प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल गई है। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, उप प्रमुख राजेश सिह, जिला राजद सचिव राकेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, मो० शाहनवाज हसीब, पवन यादव, राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रांतीय नेता मो० परवेज आलम, ज्योतिष महतो, राकेश कुशवाहा, मनोज पटेल, पैक्स अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश झा, संतोष कुमार, प्रभात कुमार, मो० अफजल हुसैन, नंदन यादव, अखिलेश कुमार दास, जयलाल राय, दीपक यादव, मो० अब्दुल खालिक, मो० तौफीक उमर, मो० माफो आदि मौजूद थे।

हो चुका गर्मी का आगाज, 5 दिनों में तापमान पहुंचेगा 35 डिग्री

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।पिछले कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला लगातार जारी है ।अगले 5दिनों में अधिकतम तापमान के 35डिग्री तक पहुंचने की सम्भावना है। मौसम सम्बंधी यह। जानकारी आज ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग ,एक जारी 16 से 20मार्च तक के मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान में दी गई है। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.4 एवं 14.7 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 40 प्रतिशत, हवा की औसत गति 14.7 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 5.1 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 9.1 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 18.3 एवं दोपहर में 35.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा ।16-20 मार्च तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः- पूर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल आ सकते है। हलाकि मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 9 से 12 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्य रुप से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि मौसम के शुष्क रहने की संभावना को देखते हुए किसान भाई खड़ी फसलों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। सरसों की कटनी, दौनी एवं सुखाने के कार्य को उच्च प्राथमिकता देकर समपन्न करें। भूमि का तापमान ३० डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है अतः तैयार आलू की खुदाई अबिलंब कर लें।

20 लाख की रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी मामले में कुख्यात के विरुद्ध दर्ज नहीं हो रहा एफआईआर

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल पुलिस का एक और कारनामा सामने आया है। जहां वह शिकायतकर्ता के द्वारा बार-बार आवेदन दिए जाने के बावजूद भी कुख्यात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं कर रही। शिकायतकर्ता के द्वारा घटना के संबंध में समस्तीपुर डीएसपी व एसपी को भी आवेदन दिया गया है लेकिन बावजूद इसके कई दिन बीतने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हो पाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी के घर में पुलिस का मीडिया प्रभारी किराया लेकर रहता है। इसलिए आरोपी खुलेआम धमकी देता है कि 20 लाख रुपए रंगदारी दो नहीं तो जान से मार देंगे। वहीं उन्होंने कहा कि आरोपी का कहना है कि पुलिस का मीडिया प्रभारी उसका किराएदार है और इस कारण कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। बता दें कि यह कुख्यात भी ऐसा-वैसा नहीं है, उसका नाम पुलिस के टॉप टेन मोस्ट वांटेड लिस्ट में आ चुका है। पुलिस के वरीय पदाधिकारियों को आवेदन देने के बावजूद भी कुख्यात के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होने से शिकायतकर्ता का पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। मामला मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मगरदही मोहल्ले का है। मामले के संबंध में शिकायतकर्ता वारिसनगर थाना क्षेत्र के सारी टोले चकमुराद निवासी रामविलास राय का कहना है कि उन्होंने रेलवे से सेवानिवृत होने के बाद अपने छोटे पुत्र संजीत कुमार छोटू के लिए मगरदही में जमीन खरीदने के लिए अग्रीमेंट कराया। जिसमें समस्तीपुर अंचल अधिकारी के आदेश पर उन्होंने उक्त जमीन पर बाउंड्री वाल कराकर गेट में ताला मारकर अपने दखल-कब्जा में लिया। इसी जमीन को देखने के लिए जब 25 फरवरी की शाम वह अपने पुत्र के साथ गए हुए थे तो महेश्वर राय का पुत्र शत्रुघ्न राय दो-तीन अज्ञात लोगों के साथ आया और उनके कनपटी में पिस्तौल सटाकर गाली-गलौज करते 20 लाख रुपए रंगदारी की मांग की। इस दौरान उसने दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग भी किया। वहीं प्रतिरोध करने उन लोगों ने उनके पुत्र के गर्दन में गमछा फंसाकर मारने का प्रयास किया। आसपास के लोगों के जुटने पर किसी तरह उनकी और उनके बेटे की जान बची। जाते-जाते शत्रुघ्न राय ने धमकी देते हुए कहा कि पुलिस के मीडिया सेल का का एक कर्मी जो पुलिस अधीक्षक आवास में कार्यरत है, वह उनके घर में किराया लेकर रहता है और कोई भी उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता है। इसलिए तुमको 20 लाख रंगदारी देना है, नहीं तो जान से मार देंगे। वहीं इस सम्बन्ध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि पोस्ट के द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर जांच की जाती है। पीड़ित को थाने आकर खुद आवेदन देना चाहिए। इसके बाद पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

किसान भवन में भाजपा पूर्वी मंडल के कार्यकताओं की बैठक का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली स्थानीय किसान भवन सभागार में शुक्रवार को भाजपा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह के अध्यक्षता में लाभार्थी संम्पर्क अभियान को लेकर पूर्वी मंडल भाजपा कार्यकताओं की बैठक का आयोजन किया गया.इस बैठक के दौरान बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के भाजपा पार्टी के संयोजक व कंहौली पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न योजना को धरातल पर उतार कर आम जनता को लाभ पहुचाने का काम किया है. इस लेकर भाजपा कार्यकर्ता द्वारा पंचायत स्तर पर हर गांव,टोला में पहुँच कर प्रधानमंत्री जी द्वारा गरीब कल्याण योजना अन्न, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत कार्ड,उज्वाला योजना के तहत रसोई गैस, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, राशन कार्ड सहित अन्य योजना से लाभान्वित लोगो को जानकारी देने का निर्देश दिया .उन्होंने कहा कि जो गरीब परिवार राशन कार्ड से बंचित है वैसे परिवार को राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा. वही बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के भाजपा पार्टी के विस्तारक महेंद्र महतो ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए सभी भाजपा कार्यकर्ता अभी से अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास की कार्य को आम जनता को बारीकी से समझाने की बात बताया गया.उन्होंने कहा कि लाभार्थी संम्पर्क अभियान से भाजपा पार्टी में संगठन में मजबूती लाएगी।

संक्षिप्त खबरें

आग लगने से तीन घर जले

पातेपुर (वैशाली)। पातेपुर थाने की अजीजपुर चांदे टोला मुसापुर में शुक्रवार को दोपहर में अचानक आग लगने से तीन घर जलकर राख हो गए।मिली खबर के अनुसार उक्त गांव के मो० समी के घर में अचानक आग लग गई इसके बाद आग की लपटें तेजी से बगल के मो० कलाम और अख्तरी खातून के घर को भी अपने चपेट में ले लिया।आग को बुझाने के लिये ग्रामीणों ने निजी पम्पसेट से पानी छिड़ककर काबू पाने का प्रयास किया।बाद में सरकारी दमकल आया तब जाकर आग को बुझा पाया। अंचलाधिकारी ने राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल के जायजा लेने के लिये भेजा।

प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर दिया योगदान

हाजीपुर। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सपहा हाजीपुर पूर्वी में प्राथमिक विद्यालय गुरमिया हाजीपुर के त्रिवेणी कुमार ने प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर योगदान दिया योगदान के समय विद्यालय में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाध्यापक सह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश प्रधानमंत्री पंकज कुमार हरिहरपुर के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार यादव शिक्षक सह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री राजेश कुमार आलोक कुमार आदि वक्ताओं ने कहा कि सरकारी विद्यालय में अब सारी सुविधाएं सरकार द्वारा मुहैया कराई जा रही है जिससे विद्यालय में बहुत ही सुधार हुआ अब ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय भी प्राइवेट स्कूल को टक्कर दे रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षक विनय कुमार अंकित कुमार शिक्षिका सोनी कुमारी शहजहां कुमारी आदि लोगों उपस्थित थे।

स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी की पुण्यतिथि मनाई गई

हाजीपुर। ताम्रपत्र से सम्मानित महान स्वतन्त्रता सेनानी श्रद्धेय अयोध्या राय जी के छोटे भाई श्रद्धेय रामचंद्र राय जी का 19 वा पुण्यतिथि उनके पुत्र जनता दल यूनाइटेड के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य श्री विनोद कुमार राय जी के आवासीय परिसर में मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में दोनो भाई जी के तैल्यचित्र पर श्रद्धासुमन पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किए, उनके किए गए कार्यो पर चर्चा करते हुए देश प्रदेश और समाज की एकता और अखंडता के कार्यो का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में शामिल मुख्य रूप से उनके पुत्र श्री विनोद कुमार राय, प्रो कमलेश्वर प्रसाद यादव, प्रो चंद्रभूषण सिंह शशि, प्रो पाण्डेय ब्रजनंदन प्रसाद, पांडेय कृष्णनंदन प्रसाद, श्री चंद्रदेव राय, श्री संजय कुमार निराला, श्री रविन्द्र प्रसाद यादव, श्री अनंत कुमार राय, श्री इत्यादि सामिल हुए। रणधीर कुमार राय, श्री इत्यादि सामिल हुए।

बाइक छीनने का विरोध किया तो बदमाशों ने मारी गोली, गंभीर रूप से घायल युवक रेफर

थाना क्षेत्र के कोल्हायपट्टी-रजनी प्रतापनगर रोड में हुई घटना

प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हायपट्टी-प्रतापनगर रोड में शुक्रवार को करीब दो बजे बदमाशो ने बाइक सवार को गोली मार बाइक लूट कर फरार हो गए। सूचना पर दल बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष मंजू कुमारी ने घायल युवक को पुलिस वाहन से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत को देख चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। बदमाशों की गोली लगने से घायल युवक की पहचान रजनी पंचायत के प्रतापनगर वार्ड तीन निवासी लंबू मुखिया (38) वर्ष के रूप में हुआ है। बताया गया कि लंबू मुखिया अपने करीबी को मुरलीगंज रेलवे स्टेशन पर छोड़कर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान कोल्हायपट्टी चौक पर दो युवक गाड़ी रोकवाकर थोड़ी दूर छोड़ने की बात कहे। इसपर उक्त युवक अपने साथ दोनो युवको को बैठाकर आगे बढ़ गये। इसी बीच कोल्हायपट्टी नहर समीप पहुंचते ही दोनो युवक बाइक चालक को रोकवा दिया और रुपए की मांग करने लगा। रूपया नही देने के बाद बाइक की चाभी लेने लगे। जिसका लंबू मुखिया द्वारा विरोध करने के दौरान उक्त दोनो बदमाशों ने सामने से गोली मारकर जख्मी करते हुए बाइक लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में पुलिस की दबिश बढ़ाई गई है। इधर परिजनों में दहशत और मातमी माहौल गमगीन है। लोगों का कहना है कि वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार के नशा में लिप्त युवाओं के द्वारा आए दिन छोटी बड़ी अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। हालांकि पुलिस अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जद्दोजहद करते हैं। इस बावत थानाध्यक्ष मंजू कुमारी कहा कि घटना को लेकर छानबीन तेज कर दिया गया है।

पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर : प्रखंड के रतनपुर पंचायत के वार्ड नंबर 12 भौराटाड़ गांव में वार्ड के दर्जनों महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने मिलकर पी एच ई डी विभाग एवं स्थानीय पदाधिकारीयों के खिलाफ पेयजल की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर बवाल काटा। जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में कुछ दिन पहले सूबे के मुखिया नीतीश कुमार द्वारा सात निश्चय योजना पार्ट टू पर विशेष बल दिया गया है। ताकि नल जल योजना का लाभ गांव के हर मुहल्ले के लोगों को मिल सके। जहां एक तरफ सरकार सूबे के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का एक तरफ दावा करती है तो दूसरी ओर विभागीय पदाधिकारी व कर्मचारियों के लापरवाही के कारण प्रखंड के रतनपुर पंचायत के वार्ड नम्बर 12 के निवासी मुख्यमंत्री जल नल योजना के तहत शुद्ध पेयजल को तरस रहे हैं। जिसकी सुधि लेने वाला कोई नही। रतनपुर पंचायत के वार्ड नंबर 12 निवासी राजेश यादव,पप्पू यादव, बेबी देवी,अरविंद कुमार, चुनचुन यादव,रामचरित्र यादव,प्रकाश पासवान,सुमन यादव, सौरभ ठाकुर,ब्रह्मदेव यादव,उमा देवी, सुनीता देवी,फुल कुमारी,रमेश यादव सहित दर्जनों वार्ड वासियों ने अपने वार्ड में पेयजल समस्या को लेकर बताया कि बीते एक महीने से नल जल योजना द्वारा दिये गए कनेक्शन से एक बूंद पानी भी नहीं टपका है। जिससे हम वार्डवासियों के बीच शुरूआती गर्मी के मौसम में ही पेयजल संकट गहराने लगा है। जबकि वार्ड में पेयजल समस्या के समाधान को लेकर हम ग्रामीणों द्वारा प्रखंड के वरीय पदाधिकारियों से कई बार गुहार भी लगाई है ।लेकिन आज तक इस नल जल योजना द्वारा दिये गये कनेक्शन में पानी की आपूर्ति नहीं की गई। जिससे हम ग्रामीणों को अपनी पेयजल की समस्या की पूर्ति के लिए दूसरे जगहों से जाकर पानी लाना पड़ता है। वही गांव में पीएचईडी विभाग से एक चापाकल लगा हुआ है वह भी खराब पड़ा हुआ है।

होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी एस जेड हसन के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि होलीका दहन मे किसी का जबरदस्ती जलावन ना ले, किसी का चुराना नही है ।मांग कर स्वेक्षा से ले ।वहीं आयोजक के द्वारा पुर्ण रुप से आग बुझा कर हीं वहां से हटे इससे आग लगने की संभावना है ।इस पर विशेष ध्यान देना है। वहीं उपस्थित लोगों को होली के दौरान आने जाने वाले राहगीर को जबरदस्त रंग मिट्टी नहीं देना है ।इसके लिए सभी लोगों का जवाबदेह होगा की अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें। डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है । हुड़दंगीयों पर विशेष नजर रहेगी। आलमनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को होली के दौरान चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी के साथ अस्पताल में मौजूद रहने का निर्देश दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी निशांत कुमार, अंचल अधिकारी दिव्या कुमारी, पुलिस पदाधिकारी , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलमनगर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार,समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रबंधक ,स्थानीय ग्रामीण राजेश्वर राय, जदयू प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ,विनोद अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, पूर्व उप प्रमुख धर्मेंद्र कुमार मंडल, पूर्व मुखिया सतीश कुमार, मुखिया प्रतिनिध राजाराम शर्मा,सुनील यादव,कुमोद सिंह, शशिनाथ पासवान,रामदेव पासवान,सहित कई वार्ड पार्षद एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोग मौजूद थे।

16 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 16 वीं बैठक शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र के परिसर में हुई। बैठक का शुभारंभ अटारी के निदेशक डा. अंजनी कुमार, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के सहायक निदेशक डा. आरएन सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डा. सुरेंद्र चौरसिया ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में अटारी के निदेशक डा. अंजनी कुमार ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसानों को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक कार्यक्रम तय कर लिया गया है। खासकर फल व सब्जी उत्पादन अब विशेष जोर दिए जाने की जरूरत है। जिसे कृषि विज्ञान केंद्र के आगामी कार्यक्रम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अब कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक किसानों को पोषण वाटिका को लेकर विशेष तौर पर प्रेरित करें। जिससे किसानों को सालों भर की आर्गेनिक सब्जी अपने ही घर में मिले। उन्होंने कहा कि घर के आसपास थोड़ी सी भी जमीन रहने पर उसमें निश्चित रूप से पोषण वाटिका यानि किचन गार्डन बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने की जरूरत है। पोषण वाटिका में लगी सब्जियां कीटनाशक रहित यानि पूरी तरह जैविक होती। इससे लोग कुपोषण से मुक्त व सेहतमंद होंगे। डा. अंजनी कुमार ने कहा कि शरीर के लिए आवश्यक संतुलित आहार का लंबे समय तक नहीं मिलना ही कुपोषण है। कुपोषण के कारण बच्चों और महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जिससे वे आसानी से कई तरह की बीमारियों के शिकार बन जाते हैं। पोषक तत्वों से भरा है श्री अन्न : वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के सहायक निदेशक डा. आरएन सिंह ने कहा कि अब लोगों सेहतमंद रहने के लिए चावल गेहूं को छोड़ कर श्री अन्न का सेवन करना चाहिए। श्री अन्न पोषक तत्वों से भरा मिलेट है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाजों को श्री अन्न का दर्जा दिया गया है। पुराने समय में यह अनाज लोगों के खानपान का प्रमुख हिस्सा था। लेकिन समय के साथ इसकी जगह गेहूं, चावल जैसे अनाजों ने ले ली। ऐसे में मोटे अनाजों के उत्पादन पर भी असर पड़ा। लोगों की थाली में एक बार फिर पोषक तत्वों से भरे अनाज को वापस लाने के लिए सरकार ने श्री अन्न के सेवन पर जारे दे रही है। मोटे अनाज में प्रोटीन, डायट्री फाइबर, विटामिन बी, कैल्शियम, आयरन, मैंगनीज, मैग्नीशियम, फास्फोरस, जिंक, पोटेशियम, कॉपर और सेलेनियम जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. आरपी शर्मा,डा. सुनील कुमार,राहुल कुमार वर्मा,डा. आभा कुमारी, प्रगतिशील किसान रविन्द्र कुमार, चंदन कुमार सहित कई मौजूद थे।

काशीराम सच्चे अर्थों में बहुजन नायक, प्रखर राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक थे - किरण देव

प्रात: किरण, संवाददाता

खगडिया। काशीराम सदैव बहुजनों के अधिकार के लिए रहे संघर्षरत - उमेश ठाकुर, महापुरुषों का जयंती पुण्यतिथि मन कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचने के लिए संकल्पित - मुरली रविदास, काशीराम के जीवनी व्यक्तित्व विचार प्रेरणास्त्रोत - लालमणि सदा, काशीराम बहुजनों के सच्चे आदर्श - डॉक्टर कमल किशोर यादव, समकालीन राजनीति के संदर्भ में बहुजन आंदोलन आवश्यक - धर्मेंद्र कुमार, बहुजन हिताय बहुजन सुखाय, नारों को बुलंद करने की जरूरत - कालेश्वर ठाकुर, खगड़िया। मिशन सुरक्षा परिषद, देश बचाओ अभियान, महिला विकास सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मान्यवर काशीराम का 90 वीं जयंती अस्पताल चौक अवस्थित संपर्क कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर बहुजन नायक मान्यवर काशीराम अमर रहे, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, नमो बुद्धाय, नारों के बीच उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर कोटि-कोटि नमन याद किया गया। तथा उनके जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व से सीख लेकर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दुहराया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय सचिव समाजसेवी किरण देव यादव ने किया। उन्होंने संबोधन करते हुए कहा कि मान्यवर काशीराम दलित शोषित पीड़ित वंचित अल्पसंख्यक गरीबों का मसीहा थे। कार्यक्रम को परिषद के प्रदेश सचिव मुरली रविदास मधुबाला उमेश ठाकुर डॉक्टर कमल किशोर यादव धर्मेंद्र कुमार मनोज पासवान लालमणि सदा कालेश्वर ठाकुर मंचन यादव आदि ने संबोधित किया।

माह-ए-रमजान के पहले जुमा पर नमाज अदा

प्रात: किरण, संवाददाता

पुरैनी, मधेपुरा प्रखंड मुख्यालय सहित मुस्लिम बहुलीय इलाके की मस्जिदों में शुक्रवार को माह-ए-रमजान के पहले जुमा की नमाज अदा हुई। रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा कर रोजेदारों ने अपने गुनाहों से तौबा की। साथ ही देश-दुनिया और समाज की खुशहाली की परवरदिगार से दुआ की, जिस पर रोजेदारों ने एक आवाज में आमीन कहा। डुमरैल जमै मस्जिद में कारी जिब्राइल अहमद कासमी ने जुमे की नमाज से पहले लोगों को संबोधित करते कहा कि यह मुबारक माह नफलों को फर्जों के बराबर सवाब दिलाने वाला एक फर्ज का सवाब सत्तर फर्जों के बराबर देने वाला अल्लाह ताला ने चुना है। इस मुबारक माह में जो भी मुसलमान एक फर्ज अदा करेगा, उसे सत्तर फर्जों का सवाब मलेगा। जो नफल अदा करेगा, उसे फर्जों के बराबर सवाब मिलेगा। इस अवसर पर मुसलमानों में गरीबों की सहायता के लिए दिए जाने वाले जुकात का जिक्र करते कहा कि यदि मुसलमान इसी सही रूप में दे, तो समाज में कोई व्यक्ति गरीब मोहताज दिखाई नहीं देगा। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान के लिए जरूरी है कि जिस मुसलमान के पास साढ़े 52 तोले चांदी या इसकी कीमत के बराबर सामान, सोना या किसी भी रूप में अधिक जायदाद हो, तो उसे अपनी अधिक बनत रकम पर ढाई प्रतिशत जुकात के रूप में गरीबों को देना जरूरी है। इस्लाम ने इसकी परिभाषा देते कहा कि जिसके पास यह सब कुछ सामान रूप में न हो, उसे जुकात या सदका दिया जा सकता है। मुसलमानों के लिए जरूरी है कि जुकात की सही रकम इसके सही जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाए ताकि इस्लाम में दी गई गरीब की परिभाषा के तहत यह फर्ज अदा किया जा सके व रब्ब की कचहरी में यह कबूल हो सके। उन्होंने कहा कि बारिश का न होना या सही ढंग से इसका फायदा दुनिया में रह रहे जीवों का न मिलने संबंधी हजरत मोहम्मद ने फरमाया कि जब मुसलमान जकात देना बंद कर देंगे, तो रब्ब द्वारा बारिश रोक दी जाएगी। वहीं मुसलमानों ने रमजान के पहले जुमा को लेकर खास तैयारी की थी। रमजान मुबारक में जुमे को सबसे ज्यादा तिलावत होती है। नमाज अदा करने के बाद इफ्तार के लिए खजूर, फल और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी को अकीदतमंदों की भीड़ बाजार में उमड़ी पड़ी।

सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में अक्षित को मिली सफलता

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः प्रखंड के मौरा पंचायत के मौरा गांव निवासी संदीप कुमार सिंह के पुत्र अक्षित सिंह ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल किया है। संदीप कुमार सिंह भारतीय वायु सेना में कार्यरत हैं।

उनके पुत्र अक्षित सिंह ने सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए एनडीए द्वारा आयोजित एंट्रेंस परीक्षा पास कर अपने गांव मौरा के साथ पूरे प्रखंड का नाम रौशन किया है बता दें कि केंद्रीय विद्यालय हिंडन में वर्ग 5 में अक्षित अभी अध्ययन कर रहे हैं।अक्षित का सलेक्शन सैनिक स्कूल नालंदा में हुआ।अक्षित के पिता संदीप कुमार सिंह मौरा गांव निवासी प्रदीप कुमार सिंह के पुत्र हैं जो वर्ष 2006 से भारतीय वायु सेना में कार्यरत हैं और अक्षित के मां गीतांजली सिंह घर पर उनकी पढाई का ध्यान अच्छे से रखते हैं।

अक्षित की इस सफलता पर बाबा प्रदीप कुमार सिंह,चाचा संजीवन कुमार सिंह,भीमराज,अजीत कुमार यादव,प्रदीप कुमार सिंह, सज्जन कुमार सिंह, अनंत सिंह,बिपुल सिंह, विभाकर सिंह,सुमंत सिंह,सौरभ सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बधाई दी है।

किसानों को मत्स्य पालन एवं मोती पालन का दिया प्रशिक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। मत्स्य पालन, पशुपालन, एवं डेयरी मंत्रालय ,भारत सरकार के राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, कौशल्या गंगा, भुवनेश्वर, उडीसा के वैज्ञानिकों के द्वारा बिहार के किसानों को मत्स्य पालन एवं मोती पालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जागृति कला केन्द्र के सहयोग से ममता महिला किसान क्लब के 30 सदस्यों को पॉच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिलाई गई। मुख्य रूप से मछली जीरा उत्पादन, मत्स्य पालन, रंगीन मछली पालन और मोती पालन के बारे में बताया गया। मत्स्य स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में सीफा के वैज्ञानिक डॉ सत्य नारायण साहू, जैविक जल कृषि के बारे में डॉ एस एन सेठी, जीरा उत्पादन के बारे में वैज्ञानिक स्मृति रेखा पति एवं प्रज्ञा कुमारी, तालाब निर्माण के बारे में शिव शंकर सिंह , उप निदेशक , आहार प्रबंधन के बारे में डॉ बी के चॉद, डीन, पशु एवं मत्स्य विश्व विद्यालय, पश्चिम बंगाल, ज्ञान रंजन सांमल, जिला मत्स्य पालन पदाधिकारी, भुवनेश्वर, सौम्य रंजन सहित सीफा के वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार, डॉ चन्दन कुमार आदि थे। केन्द्रीय मीठा जल जीव-पालन अनुसंधान संस्थान (उक्क्क्ष) के निदेशक डॉ पी के साहू , एवं वैज्ञानिकों के द्वारा जागृति कला केन्द्र के सचिव डॉ अभय नाथ सिंह को सम्मानित किया गया। निदेशक ने कहा कि बिहार में मत्स्य पालन एवं जीरा उत्पादन और मोती पालन की काफी सम्भावनाये है। प्रशिक्षित किसान इस कार्य से काफी लाभान्वित होंगे। जागृति कला केन्द्र के सचिव, सह, बी पी एस कॉलेज, देसरी के सहायक प्राध्यापक डॉ अभय नाथ सिंह ने मुख्य वक्ता के रुप में कहा कि इस कार्य के लिए प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। तालाब का निर्माण, जल प्रबंधन, मछली का चयन, बिमारी से बचाव, वैज्ञानिक तकनीक से पालन करने से काफी लाभ है। सरकार के द्वारा बीमा, अनुदान आदि की व्यवस्था की गयी है। स्वरोजगार के लिए मत्स्य पालन एक अच्छा व्यवसाय है। प्रमुख किसानों में हरिवंश नारायण सिंह, महेन्द्र सिंह, राम कृपाल सिंह, अनिता देवी, मालती देवी, विकास सहनी, विकास कुमार पासवान, वरुण यादव, सन्नी कुमार , चांदनी पासवान, दीपक कुमार सिंह आदि थे ।

अपराधियों ने महिला को हथियार के बल पर बंधक बना लूट ली लाखों रुपए की संपति

प्रात: किरण, संवाददाता

महुआ । महुआ थाना क्षेत्र के बिशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत के गरजौल वार्ड नंबर 1 में शुक्रवार की दोपहर चार बाइक पर सवार करीब सात से आठ हथियारों से लैस अपराधियों ने दिन दहाड़े डकैती की घटना को अंजाम देते हुए लाखों रुपए की संपत्ति लूटकर भाग निकलने में सफल रहे ।घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। वहीं पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना महुआ थाने को दी। सूचना मिलते ही महुआ के थाना अध्यक्ष अरविंद पासवान अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास के इलाकों में सघन वाहन चेकिंग अभियान भी शुरू कर दिया गया। वही आसपास के लोगों को दिनदहाड़े डकैती की घटना का खबर मिली तो दर्जनों की संख्या में लोग पीड़ित परिवार के दरवाजे पर पहुंच गए। घटना के बाद आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र के विशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत के गरजौल वार्ड नंबर 1 के निवासी शिव शंकर मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा के घर में शुक्रवार के दोपहर 4 बाइक पर सवार होकर आए करीब आधा दर्जन से ज्यादा अपराधियों ने हथियार के बल पर घर में घुसते ही घर के महिलाओं को बंधक बनाते हुए पिस्टल के बल पर लाखों रुपए का सामान लूट कर चलते बने। पीड़ित शिव शंकर मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा की पत्नी करुणा देवी ने बताया कि शुक्रवार के दोपहर करीब 12 बजे के आसपास दरवाजे पर कुछ लोग अचानक पहुंचे। जब मैं गाड़ी की आवाज सुनकर बाहर निकली तो सभी मेरे घर में घुस गए और पिस्तौल के बल पर मुझे घर में मुंह बांधकर बंधक बना लिया और गोदरेज की चाबी मांग ली और गोदरेज समेत दीवान में रखें सभी कीमती सामान,गहने जेवर और हजारों रुपए नगद लूट कर चलते बने। पीड़ित करना देवी ने बताया कि घर में छोटे बच्चों को भी अपराधियों ने मुंह में टेप साट कर उसका मुंह बंद कर दिया ताकि वह शोरगुल नहीं मचा सके। अपराधियों के चले जाने के बाद किसी तरह घर से बाहर निकल कर जब हल्ला मचाया तो आसपास के लोगों को पता चला की डकैती की घटना को अंजाम देते हुए अपराधी आराम से भाग निकलने में सफल रहे। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने महुआ थाने को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही महुआ के थाना अध्यक्ष अरविंद पासवान अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी वहीं मामले की नजाकत को देखते हुए महुआ के डीएसपी सूरभ सुमन और जिले से डी आ ई ओ की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से पूछताछ करते हुए घटनास्थल का गहन मुआयना करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दिनदहाड़े सुदूर देहात में डकैती घटना से पीड़ित परिवार दहशत में हैं वही के आसपास के इलाकों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

राज्यस्तरीय अभियंता अजीत कुमार आजाद मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर । राज्यस्तरीय अभियंता अजीत कुमार आजाद मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य आगाज हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रतियोगिता के संयोजक डॉ दामोदर प्रसाद सिंह, शिक्षाविद कृष्ण कुमार, कांग्रेस के वैशाली प्रभारी प्रदुम्न राय, कांग्रेस नेता डॉ अक्षय शुक्ला, वैशाली जिला खेल संघ के सचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह, लोजपा नेता संतोष स्वराज, मिथिलेश कुमार सिंह, भाजपा के जिला प्रवक्ता अभिजीत कुमार विक्की, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रजनीश कुमार सिंह, भाजपा क्रीड़ा मंच के जिला संयोजक रत्नेश कुमार टिंकू, परमेन्द्र कुमार सिंह, रौशन कुमार, प्रसून कुमार समेत अन्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वही मैच समाप्ति के उपरांत मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व प्रमुख हेमंत कुमार ने दिया। वैशाली के भगवानपुर रत्ती गांव स्थित डॉ जेपी सिन्हा स्टेडियम में आयोजित मैच का टॉस बेगुसराय के कप्तान ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। 40-40 ओवरों के निर्धारित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बेगुसराय के खिलाड़ियों ने 09 विकेट के नुकसान पर 209 रनों के स्कोर खड़ा किया। अपने टीम के लिए कुणाल मणि ने नाबाद रहते हुए 48 रन, अभिराज कुमार ने 46 रन, राजा विशाल ने 26 रन, शांतनु सिंह ने 25 रन एवं सिद्धार्थ सिन्हा ने 19 रनों को स्कोर खड़ा किया। पटना टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए विनीत कुमार ने 03 विकेट, सत्यम कुमार 02 विकेट एवं सूरज कश्यप, राघवेंद्र प्रताप तथा श्यामल ने 01-01 विकेट लिए।

210 रनों के विजय लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी पटना की टीम ने सभी विकेटों के नुकसान पर 179 रन ही बना सकी और यह मैच 30 रनों से हार गई। अपने टीम के लिए आशीष कुमार ने 64 रन, राघवेंद्र प्रताप 26 रन एवं श्यामल पांडेय ने 29 रन बनाए बाकी के बल्लेबाज कुछ खास नही कर सके। बेगुसराय टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए आशीष ब्राह्मण ने 05 विकेट लिए वही कुणाल मणि ने 02 विकेट लिए। विजेता टीम के कुणाल मणि को उनके बेहतरीन बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

अग्नि सुरक्षा को ले जागरूकता कार्यक्रम

प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा प्रखंड क्षेत्र के जोरगमा मध्य विद्यालय परिसर में अग्निशमन विभाग के कर्मियों के द्वारा आग से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अग्निशमन विभाग कर्मियों ने मॉक ड्रील के माध्यम से सुरक्षा के कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। टीम के सदस्यों ने डेमो के जरिए लोगों को जागरूक किया। अग्निशमन दल के देवकुमार और रोहन कुमार ने बताया कि आग लगने पर खुद को अलर्ट रखें और दूसरों को भी मार्गदर्शित करें। असामान्य स्थिति में अपनी आंखे बंद करके बाहर निकलें। उन्होंने बताया कि खाना बनाते समय किचन में अतिरिक्त सावधानी बरतें। प्राथमिक उपचार कीट को हमेशा तैयार रखें। मिट्टी तेल, गैस सिलेंडर आदि ज्वलनशील वस्तुओं को बच्चों की पहुंच से दूर रखें। बच्चों को अग्नि सुरक्षा के नियम से अवगत कराते रहें। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओ और शिक्षक मौजूद रहे।

जॉब कैम्प-सह-व्यवसायिक मार्गदशन कैम्प का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार, जिला नियोजनालय, वैशाली, हाजीपुर के द्वारा एक दिवसीय जॉब कैम्प-सह-व्यवसायिक मार्गदशन कैम्प का आयोजन रूडसेट संस्थान, हाजीपुर, वैशाली (जिला अतिथि गृह के पास) के प्रांगण में निजी क्षेत्र की कम्पनी द्वारा अभ्यर्थियों के योग्यतानुसार कैम्पस चयन किया गया। इस जॉब कैम्प में अभ्यथियों ने भाग लिया। कंपनियों के द्वारा कुल 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस एक दिवसीय जॉब कैम्प में कुल 85 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी श्री प्रणव प्रतीक, रूडसेट, निदेशक, श्री सुनिल कुमार, उ०व०लिपिक, श्री राजकुमार प्रसाद, श्री राहुल कुमार झा, सत्येन्द्र कुमार पासवान के अलावा जिला कौशल प्रबंधक श्री विश्वजीत कुमार, श्री अमरनाथ गुंजन, श्री कुमार अभिषेक एवं जिला कौशल विशेषज्ञ श्री मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

पाकिस्तान बसाने को सीएए नहीं

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की व्याख्या ही बदलने की कोशिश की है। उन्होंने कुछ सवाल उठाए हैं, जो भावोत्तेजक हैं। उनकी मंशा हिंदू-मुसलमान से आगे बढ़कर आर्थिक संसाधनों और स्थितियों पर केंद्रित करने की है, ताकि राजनीति की दिशा और दशा बदली जा सके। हालांकि ऐसी संभावनाएं नगण्य हैं। संयुक्त राष्ट्र नागरिकता को व्यक्तिपरक सुरक्षा का बुनियादी तत्त्व मानता है और प्रताड़ित, शोषित, मानवाधिकार कुचलन के शिकार लोगों को शरणार्थी के तौर पर किसी भी देश में प्रवेश करने को मानवीय कर्म मानता है। संयुक्त राष्ट्र ऐसे अंतरराष्ट्रीय समझौते का भी जिक्र करता है, जिसके तहत शरणार्थियों को नागरिकता भी दी जा सकती है। केजरीवाल ने उत्तेजित अवस्था में कहा है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के लोगों को भारत में बसाने का कानून बनाया गया है। कल हमारे देश में चोरियां, डकैतियां, बलात्कार होंगे। जगह-जगह दंगे भी भड़केंगे। देश की सुरक्षा-व्यवस्था का क्या होगा? केजरीवाल का आकलन है कि अब जो पलायन होगा, वह भारत-विभाजन से भी बड़ा और खतरनाक होगा। केजरीवाल के मुताबिक, तीनों पड़ोसी देशों से 2.5 करोड़ से अधिक लोगों का पलायन हो सकता है। भारत सरकार उन्हें कहां रखेगी? कहां घर देगी? कहां खाने को अनाज देगी? कितनी नौकरियां और रोजगार दिए जा सकेंगे? देश के आर्थिक संसाधन तो सीमित हैं। हमारे नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं हैं और भाजपा ने देश के भीतर एक और पाकिस्तान को बसाना का कानून बना दिया है। केजरीवाल ने सीएए को भाजपा का वोट बैंक तैयार करने की रणनीति करार दिया है।

बहरहाल केजरीवाल के अपने तर्क और राजनीति-शास्त्र हो सकते हैं। वह सीएए पर सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाली भीड़ में शामिल नहीं होना चाहते, लेकिन आर्थिक संसाधनों के आधार पर भावोत्तेजक राजनीति कर रहे हैं। विभाजन के दौर का बीभत्स और त्रासद सरकारी आंकड़ा यह है कि पाकिस्तान, पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश), अफगानिस्तान तीनों पड़ोसी देशों से 72 लाख के करीब लोगों ने पलायन किया था। हालांकि अनौपचारिक आंकड़े ये हैं कि तब 2 या 2.5 करोड़ से अधिक लोगों ने पलायन किया होगा। ये आंकड़े विभिन्न संगठनों और मीडिया प्रतिनिधियों ने जुटाए थे। भारत-विभाजन से ज्यादा खौफनाक घटनाक्रम उस दौर में कोई और नहीं हुआ।

दो रुपए की छूट और अरबों की लूट

राकेश अचल

आज भारत सरकार को धन्यवाद देने के साथ ही उसकी निंदा करने का भी दिन है। धन्यवाद इसलिए की उसने पूरे पांच साल लूटने के बाद जनता को डीजल और पेट्रोल के दामों में दो रुपए लीटर की छूट देने का ऐलान किया है और निंदा इसलिए की सरकार ने इलेक्टोरल बांड के जरिये पांच साल में 60 अरब का चन्दा ईडी की नोंक पर वसूल लिया। ये दोनों ही बातें चूंकि तथ्यात्मक हैं इसलिए इन्हें लेकर आप खुद फैसला कर सकते हैं कि आपको आने वाले दिनों में लुटेरी सरकार चाहिए या जनता को कोई विकल्प। इसमें कोई दो राय नहीं की हमारी सियासत का ढांचा लोकतान्त्रिक है लेकिन इसमें लूट-खसोट की पूरी गुंजाइश है। पिछले 77 साल में जो भी सत्ता में आया उसने लोक कल्याण के साथ जितना बना देश और देश की जनता को लूटा। किसी ने कम लूटा तो किसी ने ज्यादा लूटा। किसी ने लूटने में उदारता दिखाई तो किसी ने लूटने में पूरी निर्ममता का प्रदर्शन किया। केंद्रीय चुनाव आयोग की वेबसाइट पर दर्शाये गए आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि आजादी के बाद कोई सबसे बड़ी लूट मौजूदा सत्ता ने की है। भाजपा की और मोदी की गारंटी वाली सरकार ने पांच साल में इलेक्टोरल बांड के जरिये दस-बीस लाख नहीं बल्कि पूरे 60 अरब रुपए देश के उद्योगपतियों से वसूल किये और वो भी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की नोंक पर। आप कहेंगे कि ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) कोई चाकू या तलवार तो नहीं है जो उसकी नोंक होती हो, लेकिन हकीकत ये है कि इस संस्था की नोक इतनी पैनी है कि जिस की भी गर्दन पर रखी गयी उसने मन से या बेमन से इलेक्टोरल बांड खरीदकर भाजपा के खाते में डाल दिए। लूट का ये नायाब तरीका कांग्रेस छह दशक तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस भी नहीं खोज पायी थी। केंचुआ की वेब साइट पर आयी 762 पृष्ठों की जानकारी का सार ये है कि भाजपा ने पांच साल में कुल 60 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। इस मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है, जिसने 16 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। राजनीतिक दलों के लिए सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी फ़्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज है। इस कंपनी ने कुल 1368 बॉन्ड खरीदे, जिसकी क़ीमत 13.6 अरब रुपये से अधिक रही। लुटेरों की सरताज भाजपा अब यदि रसोई गैस पर 100 रुपए की और पेट्रोल -डीजल पर आपको दो रुपए लीटर की छूट दे रही है तो ये कोई अहसान नहीं बल्कि आने वाले आम चुनावों में आपके अनमोल वोट की सबसे सस्ती कीमत है। अब यदि देश की भोली जनता इस हकीकत को नहीं समझती तो उसका मालिक भगवान ही हो सकता है, कोई राजनीतिक दल नहीं। राजनीतिक दल तो चोर-चोर मौसेरे भाई हैं, कोई छोटा लुटेरा तो कोई बड़ा लुटेरा। लूटना सभी के डीएनए में शामिल है। देश की जनता का दुर्भाग्य है कि उसे इन्हीं लुटेरों के गिरोहों में से अपने लिए चौकीदार, सेवक, संरक्षक और भाग्य विधाता चुनना है।

मेरा या किसी दूसरे लेखक/पत्रकार का अनुभव मुमकिन है कि कम हो किन्तु रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के अनुभव से ही हमें सबक लेना चाहिये। खासतौर पर सत्ता के चुनाव के समय के आचरण को देखकर। चुनाव के मौसम में आखिर जनता के ऊपर उपहारों/ रियायतों की बरसात क्यों हो रही है? सरकार इतनी विनयवत क्यों है? क्यों झुक रही है? इस संदर्भ में गोस्वामी तुलसीदास इशारों में कहते हैं कि -नवन नीच की अति दुखदाई जिमि धनु, अंकुश, उरग, बिलाई मतलब साफ है। वे उदाहरण सहित समझा गए हैं कि जैसे धनुष, अंकुश, सांप और बिल्ली झुकती है तो दुःख ही देती है अर्थात जिसके स्वभाव में नीचता है वो जब भी झुकेगा आपके ऊपर घात करेगा, इसलिये ऐसे सभी तत्वों से सावधान रहना चाहिये। हमारी सत्ता में धनुष, अंकुश, सर्प और बिल्ली किसी न किसी रूप में विद्यमान है। आज यदि सत्ता रहमदिली दिखा रही है तो समझ लीजिये कि आने वाले दिनों में यही सत्ता आपके ऊपर कहर ढाने वाली है। कहर का रूप कुछ भी हो सकता है। इसे पहचानना आसान नहीं है। ये कभी धाराओं के रूप में होगा तो कभी अध्यादेशों के रूप में। कभी एक देश, एक विधान, एक निशान, एक भाषा, एक वेश के रूप में होगा तो कभी किसी दूसरे रूप में। फिलहाल तो चुनाव इस विनय की वजह है। आप कल्पना कीजिये कि जिस सरकार ने पांच साल में अकेले इलेक्टोरल बांड से 60 अरब कमा लिए वो सरकार महंगाई के जरिये आपको भी लगातार लूटती रही और अब जब आम चुनाव सिर पर है तो आपको पेट्रोल-डीजल पर दो रुपए लीटर की छोट देकर या रसोई गैस सिलेंडर पर सौ रुपए की छूट देकर बरगलाना चाह रही है। सत्तारूढ़ दल ने चुनावी चंदे से जुटाई गयी रकम के जरिये देश भर में अपनी पार्टी के लिए 450 आधुनिक कार्यालय बना लिए, लेकिन भवन विहीन स्कूलों कि फिक्र नहीं की। अस्पताल बनाने को प्राथमिकता नहीं दी। बहरहाल आम चुनाव के जरिये कानून हमें और आपको एक अवसर देता है कि हम इस लूट-खसोट करने वाली संस्था से अपना हिसाब बराबर करें या इस लूट-खसोट को लगातार जारी रखें। इलेक्टोरल बांड के जरिये की गयी लूट के जरिये धन वसूली के मामले में तीसरे नंबर पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति है जिसने 14 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। इसके बाद भारत राष्ट्र समिति ने 12 अरब रुपये और बीजू जनता दल ने 7 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। इस मामले में पाँचवें और छठे नंबर पर द्रविड़ मुनेत्र कषगम की पार्टियां डीएमके और वाईएसआर कांग्रेस (युवासेना) रहीं। इन पार्टियों के बाद तेलुगु देशम पार्टी, शिवसेना, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, जनता दल (सेक्युलर), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, जनसेना पार्टी, अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड), झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिरोमणि अकाली दल, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम, शिवसेना, महाराष्ट्रवादी गोमन्तक पार्टी, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी का नाम शामिल है। ये आंकड़े मैंने आपको इसलिए बताये ताकि आपको फैसला करने में मदद मिले। आपसब तो केंचुआ कि वेब साइट को खंगाल नहीं सकते। चुनावी साल में राहतों की बरसात में भीगकर जनता अपने दुःख-दर्द को भूलकर क्या फैसला करती है ये तो जनता जाने लेकिन एक बात जरूर है की देश आजादी के बाद से सबसे गंभीर दौर से गुजर रहा है। देश को गरीबी, बेरोजगारी, बीमारी और शिक्षा के तमाम लक्ष्यों के साथ ही धर्मान्धता से भी जूझना पड़ रहा है।

सीएए को समझे बिना मोदी सरकार पर कीचड़ उछालना केजरीवाल की बौखलाहट है

वे एवं अन्य विपक्षी दलों के नेता सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास करते हुए आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव में सवार होकर राजनीति-सागर की यात्रा करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वे न केवल आम जनता को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि अराजकता का माहौल निर्मित कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में लाखों की संख्या में पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से हिंदू व सिख आने से चोरी, रेप और अपराध की घटनाएं बढ़ने की बात कहकर केजरीवाल ने इन लोगों की भावनाओं को आहत किया हैं। केजरीवाल के बयान भ्रामक, बेबुनियाद एवं विध्वंसात्मक इसलिये है कि सीएए नये आने वाले हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध एवं पारसी लोगों पर लागू ही नहीं होगा, बल्कि देश में वर्ष 2014 एवं उससे पहले आये ऐसे शरणार्थियों को सीएए के अन्तर्गत नागरिकता देने का कानून हैं। अब इससे नये लोगों के आने, बेरोजगारी बढ़ने एवं कानून-व्यवस्था चरमरा के प्रश्न कहां से आ गये? विपक्षी दल इस कानून के सन्दर्भ में कपट और झूठ का सहारा लेकर जिस तरह दुष्प्रचार में जुट गए हैं, वह केवल अप्रत्याशित ही नहीं, खतरनाक भी है। वोट बैंक की बेहद सस्ती, घटिया और गंदी राजनीति के चलते किया जा रहा यह खतरनाक एवं देश तोड़क दुष्प्रचार न केवल लोगों को बरगलाने, बल्कि उकसाने वाला भी है। इस तरह का विरोध समय एवं शक्ति का अपव्यय है तथा बुद्धि का दिवालियापन है। यह लोकतंत्र के मूल्यों को धुंधलाने एवं ध्वस्त करने की कुचेष्ठा है। सीएए की मूल आत्मा को समझे बिना उसका विरोध करना एवं मोदी सरकार पर कीचड़ उछालना बौखलाहट का द्योतक हैं।

ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के लागू होने का बेहूदा, बेतुका एवं उच्छृंखल विरोध कर रहे हैं। वे एवं अन्य विपक्षी दलों के नेता सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास करते हुए आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव में सवार होकर राजनीति-सागर की यात्रा करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वे न केवल आम जनता को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि अराजकता का माहौल निर्मित कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में लाखों की संख्या में पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से हिंदू व सिख आने से चोरी, रेप और अपराध की घटनाएं बढ़ने की बात कहकर केजरीवाल ने इन लोगों की भावनाओं को आहत किया हैं। केजरीवाल के बयान भ्रामक, बेबुनियाद एवं विध्वंसात्मक इसलिये है कि सीएए नये आने वाले हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध एवं पारसी लोगों पर लागू ही नहीं होगा, बल्कि देश में वर्ष 2014 एवं उससे पहले आये ऐसे शरणार्थियों को सीएए के अन्तर्गत नागरिकता देने का कानून हैं। अब इससे नये लोगों के आने, बेरोजगारी बढ़ने एवं कानून-व्यवस्था चरमरा के प्रश्न कहां से आ गये? विपक्षी दल इस कानून के सन्दर्भ में कपट और झूठ का सहारा लेकर जिस तरह दुष्प्रचार में जुट गए हैं, वह केवल अप्रत्याशित ही नहीं, खतरनाक भी है। वोट बैंक की बेहद सस्ती, घटिया और गंदी राजनीति के चलते किया जा रहा यह खतरनाक एवं देश तोड़क दुष्प्रचार न केवल लोगों को बरगलाने, बल्कि उकसाने वाला भी है। इस तरह का विरोध समय एवं शक्ति का अपव्यय है तथा बुद्धि का दिवालियापन है। यह लोकतंत्र के मूल्यों को धुंधलाने एवं ध्वस्त करने की कुचेष्ठा है। सीएए की मूल आत्मा को समझे बिना उसका विरोध करना एवं मोदी सरकार पर कीचड़ उछालना बौखलाहट का द्योतक हैं। केजरीवाल का यह कहना कि सीएए के साथ, भाजपा सरकार ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के गेट खोल दिए हैं। यह 1947 से भी बड़ा माइग्रेशन होगा। क्या केजरीवाल ने सीएए का नया कानून पढ़ा है, उसमें कहीं भी ऐसी किसी स्थिति का उल्लेख है? केजरीवाल की ही तर्ज पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह तो समझ नहीं आया कि नागरिकता कानून वैध है या नहीं, लेकिन उन्होंने यह ठान लिया कि वह बंगाल में उसे लागू नहीं होने देंगी। आखिर वह होती कौन हैं इस कानून को न लागू करने वाली? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस कानून का किसी राज्य सरकार से कोई लेना-देना ही नहीं। नागरिकता देना केवल केंद्र सरकार का अधिकार है। यह बुनियादी बात तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भी समझनी होगी, क्योंकि उनकी ओर से भी यह कहा जा रहा है कि वह इस कानून को अपने राज्य में लागू नहीं होने देंगे। यह हास्यास्पद एवं विरोधीभासी स्थिति है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विचित्र नतीजे पर पहुंच गए कि नागरिकता कानून को अमल में लाकर केंद्र सरकार पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के लोगों को भारत लाकर उन्हें नौकरियां देने और उनके लिए घर बनाने का काम करने जा रही है। जबकि सीएए पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं बांग्लादेश से किन्हीं नये अल्पसंख्यकों का भारत लाकर बसाने, उन्हें घर एवं नौकरी देने का कानून है ही नहीं। कोई भी यह समझ सकता है कि वह संकीर्ण राजनीतिक कारणों से नागरिकता कानून की मनमानी व्याख्या कर रहे हैं और इस तथ्य की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं कि यह कानून उक्त तीन देशों के अल्पसंख्यकों को बुलाकर नागरिकता देने का नहीं है।

केजरीवाल के बचकाने एवं बेहूदे बयानों से हिन्दू एवं सिख शरणार्थियों में काफी गुस्सा देखा गया है। उन पर चोरी, रेप और अपराध जैसे आधारहीन आरोप लगाने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं, जो शरणार्थी वर्षों से न्याय होने की उम्मीद लगाये इस कानून की प्रतीक्षा कर रहे थे, उन पर घटिया राजनीति के चलते तरह-तरह के वार उनको पीड़ा दे रहे हैं। केजरीवाल, ममता एवं एमके स्टालिन का मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध एवं कानून विरोध पर उतर जाना उनकी स्तरहीन राजनीति को ही दर्शा रहा है। मोदी का विरोध कोई नई बात नहीं है। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होने लगता है कि इन नेताओं की विरोध करना ही नियति हैं। आश्चर्य इस बात का है कि विरोध की तीव्रता एवं दीर्घता के बावजूद मोदी के अस्तित्व पर कोई आंच नहीं आ सकी। जहां तक सीएए के लागू होने का प्रश्न है तो यह अब एक कानून बन चुका है और उसे लागू होने से कोई नहीं रोक सकता। दिल्ली का मुख्यमंत्री होने के नाते अरविंद केजरीवाल को पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से आये हिंदू व सिख शरणार्थियों के प्रति सहानुभूति होनी चाहिए, उनकी दीन दशा से परिचित होने के साथ ही उनके प्रति न्यूनतम संवेदनशीलता का भी उन्हें परिचय देना चाहिए। यदि विरोधी दलों को यह लगता है कि नागरिकता कानून ठीक नहीं तो वह उससे असहमति जताने और कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस नेताओं की तरह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को स्वतंत्र हैं, लेकिन इसके नाम पर उन्हें लोगों को भड़काने से बाज आना चाहिए। उनकी इसी भड़काऊ राजनीति के कारण चार साल पहले देश में जगह-जगह हिंसा हुई थी और शांतिपूर्ण विरोध के बहाने आगजनी की गई थी। दिल्ली में तो शाहीन बाग इलाके में विपक्षी दलों के सहयोग और समर्थन से एक व्यस्त सड़क घेरकर महीनों तक धरना चलाने से आम जनता पीड़ित एवं परेशान हुई। विद्वेष और वैमनस्य पैदा करने वाले इसी धरने के चलते दिल्ली में भीषण दंगा हुआ था, जिसमें 50 से अधिक लोग मारे गए थे। क्या विपक्षी दल अशांति, हिंसा एवं अराजकता की आग फैलाकर फिर से अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं? यदि नहीं तो फिर उन्हें नागरिकता कानून के विरोध में जबान संभालकर बोलना चाहिए। विरोध का भी कोई उद्देश्य और स्तर होता है। निरुद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी खेमे की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का ही स्वयंभू प्रमाण है। सीएए लागू होने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीति तेज होने लगी है, यह आगामी लोकसभा चुनाव का एक मुख्य मुद्दा होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। भाजपा नेता इसे नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं तो वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। लेकिन मोदी सरकार का यह कदम ऐतिहासिक एवं साहसिक तो है, क्योंकि आजादी के बाद से अब तक शरणार्थियों ने जो तकलीफें झेली हैं, जो कष्ट एवं उपेक्षाओं का जीया है, वह उन्हें नागरिकता मिलने से ही दूर हो सकती है। अब उन्हें नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है तो उसका स्वागत होना चाहिए। केजरीवाल तो शरणार्थियों को मिल रही नागरिकता की स्वतंत्र सांसों का स्वागत की बजाय विरोध कर रहे हैं, यह कैसी राजनीति है? यह कैसे राजनेता है? यह कैसा राजनीतिक चरित्र है? केजरीवाल एवं ममता की मानें तो सीएए लागू होने के बाद अगर पड़ोसी देशों के डेढ़ करोड़ अल्पसंख्यक भी भारत आ गए तो यह स्थिति खतरनाक हो जाएगी। कोई उनसे पूछे कि इस कानून में ऐसा कहा लिखा है? यह गन्दी गैर-जिम्मेदाराना राजनीति का द्योतक है, जिसका जबाव आम-जनता आगामी लोकसभा चुनाव में देगी। इन नेताओं ने मोदी के खिलाफ एवं राष्ट्रहीत की नीतियों एवं योजनाओं पर कीचड़ उछालने की जो हरकतें की हैं, सीएए तक पहुंच कर वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी हैं। पर इससे मोदी का वर्चस्व कभी धूमिल होने वाला नहीं हैं। क्योंकि उनकी नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

घातक हो सकता है मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय

मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इंकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनना कई प्रश्न खड़े करता है। प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएंगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है? बसपा प्रमुख ने पिछले छह-सात महीने में अकेले चुनाव लड़ने की बात कई बार कही है, साथ ही यह भी कहा कि गठबंधन करने से उनको नुकसान होता है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ
लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इंकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनना कई प्रश्न खड़े करता है। प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएंगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है? बसपा प्रमुख ने पिछले छह-सात महीने में अकेले चुनाव लड़ने की बात कई बार कही है, साथ ही यह भी कहा कि गठबंधन करने से उनको नुकसान होता है। इसमें कोई गलत बात नहीं है कि कोई पार्टी गठबंधन नहीं करे और चुनाव अकेले लड़े। लेकिन पार्टी लड़ते हुए तो दिखाई दे! मायावती की बहुजन समाज पार्टी बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के साथ गठजोड़ कर चुकी है। लेकिन बीते ढाई दशकों से बसपा का भाजपा के बीजेपी के प्रति ज्यादा रुझान देखा गया है। मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था लेकिन सपा की सहायता से शून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समाप्त कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। वर्ष 1996 में बसपा ने 6 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, तब बसपा को 20.6 प्रतिशत मत मिले थे। वर्ष 1998 में बसपा को चार सीटें मिलीं और वोट प्रतिशत बढ़कर 20.9 प्रतिशत हो गया। वर्ष 1999 में बसपा को 14 सीटें मिलीं और मत 22.08 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2004 में सीटें बढ़कर 19 हो गईं और 24.67 प्रतिशत मत मिले। बसपा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्ष 2009 में किया जब पार्टी को 20 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई और 27.42 प्रतिशत मत मिले। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। बसपा के वोट में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आई। 1996 के बाद बसपा का ये सबसे बुरा प्रदर्शन था। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन किया। जिसका बसपा को भरपूर लाभ हुआ और शून्य सीटों वाली बसपा ने दस सीटों पर विजय प्राप्त की। जबकि उसका मत और कम हुआ। इस चुनाव में बसपा को सपा के साथ गठबंधन कर 19.43 प्रतिशत ही मत मिले। विधानसभा में बसपा का केवल एक विधायक है। एक वो समय था जब बसपा चुनाव से काफी समय पहले ही उम्मीदवार घोषित कर देती थी। सबसे पहले संभवतः बसपा ने ही चुनाव से महीनों पहले उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए थे। लेकिन अब चुनाव बिल्कुल सिर पर आ चुके हैं और बसपा उम्मीदवारों की घोषणा की बजाय अकेले चुनाव लड़ेंगे का पुराना रिकॉर्ड बजाए जा रही है। जबकि भाजपा, सपा, रालोद और सुभासपा कई सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुके हैं। बड़ी मशक्कत के बाद बीते 10 मार्च को बसपा ने यूपी की मुरादाबाद सीट से मो. इरफान सैफी को अपना पहला प्रत्याशी घोषित किया है। पिछले एक दशक में मायावती के कई भरोसेमंद सिपहसालार दूसरी पार्टियों में शामिल होते चले गए। बीते चुनाव में जीते 10 सांसद भी नई सियासी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसमें अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। उन्हें बीजेपी ने टिकट भी दे दिया है। वहीं गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को सपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं, अमरोहा से दानिश अली अब कांग्रेस के खेमे में हैं। जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव भी कांग्रेस की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। बिजनौर से सांसद मलूक नागर और लालगंज लोकसभा सीट से सांसद संगीता आजाद के भी पाला बदलने के कयास लगाए जा रहे हैं। यूपी समेत देश के अन्य राज्यों में बीएसपी का सियासी ग्राफ चुनाव दर चुनाव गिरता ही जा रहा है। पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों में आकाश आनंद छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पार्टी का चुनावी अभियान संभाल रहे थे, जहां पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में काफी खराब प्रदर्शन किया है। राजस्थान छोड़कर किसी भी राज्य में बसपा का खाता तक नहीं खुला और वोट फीसदी में भी गिरावट आई। बसपा अब उत्तर प्रदेश और बाहर के राज्यों में हर जगह कमजोर दिखाई दे रही है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में पार्टी संगठन लचर हाल में है। पार्टी अपने कोर दलित वोटरों को भी एकजुट करने में सफल नहीं हो पाई है।

विष्णु सरकार के फैसलों से किसानों के खिले चेहरे

नसीम अहमद खान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित छत्तीसगढ़ द्वारा मात्र तीन माह की अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में लिए गए फैसले से राज्य भर के किसान बेहद खुश है। उनके चेहरे खिल गए हैं और मन में एक नई उम्मीद जागी है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान होने से किसान खुश हैं। किसानों संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने यह सोचा नहीं था कि धान खरीदी और बकाया बोनस को लेकर विष्णु देव सरकार इतनी तेजी से फैसला लेकर उसे लागू भी कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल किसानों के हित से जुड़े मामलों को जिस तेजी से छत्तीसगढ़ सरकार ने अमल में लाया है, यह स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार ने राज्य के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार किसानों की हितैषी है। राज्य के किसान भाईयों को 2183 रूपए प्रति क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घण्टे के भीतर उनके बैंक खातों में किया गया है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के माध्यम से 24.72 लाख किसानों को धान के मूल्य के अंतर की राशि 13320 करोड़ रूपए का भुगतान का प्रदेशव्यापी शुभारंभ भी हो चुका है। भारत कृषि प्रधान देश है। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह राज्य धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहते है कि एक दौर ऐसा था जब किसानों के पास उन्नत और बेहतर खेती के लिए पूंजी नहीं होती थी। किसानों को साहूकारों से ऊंची ब्याज दर पर रकम लेकर खेती-किसानी करनी पड़ती थी। किसान हमेशा कर्ज में फंसे रहते थे। इस स्थिति को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम उठाया और किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की। इससे किसानों को कम दर पर सोसायटियों एवं बैंकों से कर्ज मिलने लगा। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, उस समय सहकारी बैंकों से किसानों को रियायती ब्याज दर पर खेती के लिए कर्ज मिलता था, जिसे धीरे-धीरे घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया। किसानों को बिना ब्याज के खेती-किसानी के लिए ऋण देने का काम छत्तीसगढ़ की रमन सरकार के दौर में शुरू हुआ था। आज भी किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती के लिए लोन मिल रहा है। फसल बीमा जिसका लाभ पूरे देश के किसानों को सहजता से मिल रहा है। इसका श्रेय भी तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। उनके कार्यकाल में ही फसल बीमा योजना का सरलीकरण किया गया। छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में, जहां बिजली की सुविधा नहीं है, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सौर सुजला सिंचाई पंप स्थापित कर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। राज्य में सिंचाई रकबे में विस्तार के लिए नवीन सिंचाई योजना के लिए 300 करोड़ रूपए, लघु सिंचाई की चालू परियोजनाओं के लिए 692 करोड़ रूपए, नाबार्ड पोषित सिंचाई परियोजनाओं के लिए 433 करोड़ रूपए एवं एनीकट तथा स्टाप डेम निर्माण के लिए 262 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है। छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है।

संक्षिप्त खबरें

होलिका दहन 24 व होली 26 मार्च को मनाया जाएगा : राकेश मिश्रा

दिघवारा नगर। रंगों का त्योहार होली की तिथि को लेकर लोगों में संशय की स्थिति बनी हुई है इसी को लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के विद्वत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राकेश मिश्रा ने बताया कि 24 मार्च रविवार को प्रातः 9 बजकर 23 मिनट तक चतुर्दशी तिथि है इसके बाद पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ हो रही है जो रात्रि 10 बजकर 28 मिनट तक रहेगा।भद्रा समाप्ति के पश्चात पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा।25 मार्च सोमवार को पूर्णिमा तिथि दिन के 9 बजकर 56 मिनट तक रहेगी।चैत्र कृष्णा प्रतिपदादि बसंतोत्सव (सा चौघाड़िया) ग्राह्य इसके अनुसार होली 26 मार्च मंगलवार को मनाया जाएगा।

विभिन्न कांडों के 38 अपराधी हुए गिरफ्तार

छपरा। सारण पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में विभिन्न कांडों के कुल 38 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सारण एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों में उत्पाद कांड के 30, दहेज कांड के एक, फरार चल रहे वारंटी एक, खनन के पांच व अन्य कांड के एक अपराधी शामिल है। जबकि 22 वारंट निष्पादन भी किया गया है। वहीं पांच कुर्की कांड का भी निष्पादन कर दिया गया है। सारण पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान में 786 लीटर देसी शराब, 34.52 लीटर विदेशी शराब तथा 1525 लीटर स्प्रिट भी जब्त किया गया है। इसके अलावा वाहन चेकिंग अभियान में 47000 रुपए जुर्माना के रूप में वाहन चालकों से वसूला गया है। तथा तीन मोटरसाईकिल, 13 ट्रक, कार एक, पिकअप वैन एक, गैस सिलेंडर 5 गैस चूल्हा 5 एवं चार सेट मोबाईल भी जब्त किया गया है।

मांझी में 495 लीटर देसी शराब हुआ जब्त

छपरा। जिले के मांझी थाना अंतर्गत मोहम्मदपुर ग्राम में भारी मात्रा में देसी शराब जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सारण पुलिस द्वारा अवैध शराब सेवन, निर्माण, बिक्री एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान में मांझी थाना के मोहम्मदपुर गांव में विनोद चौधरी के घर से 495 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। मांझी थाना द्वारा इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। मांझी थाना कांड संख्या 75/24 है। सारण पुलिस द्वारा शराब कारोबारियों के विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है।

परा स्नातक में नामांकन के लिए जे पी यू ने जारी की चौथी सूची

छपरा सदर शुक्रवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परा स्नातक विभाग में नामांकन के लिए चौथी सूची जारी की गई। उक्त बातों की जानकारी देते हुए जे पी यू के पी आर ओ डॉ हरिश्चंद्र ने बताया कि परा स्नातक में नामांकन के लिए छात्र हित को ध्यान में रखते हुए कुलपति के निर्देश पर चौथी सूची जारी की गई है। इसके तहत नामांकन की अंतिम तिथि 20 । मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन छात्र, छात्राओं ने दिनांक 9 मार्च से 13 तक गूगल फॉर्म भरा हुआ है वे सभी छात्र चतुर्थ सूची को देखकर अपना नामांकन करवा लें।अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रोफेसर सरफराज अहमद ने बताया है कि 20 मार्च तक चतुर्थ सूची के अन्तर्गत आए हुए विद्यार्थियों का नामांकन होना है।

दहेज हत्याकांड का फरार अपराधी हुआ गिरफ्तार

छपरा। जिले के अकीलपुर थाना कांड संख्या 36/20 में लंबे समय से फरार चल रहे अपराधी विनय राय को गिरफ्तार करने में पुलिस को कामयाबी मिली है। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विनय राय दहेज हत्याकांड में संलिप्त 2020 से फरार चल रहा था। विनय राय सिपाही राय का पुत्र जो अकिलपुर थाना अंतर्गत मानस ग्राम का रहने वाला बताया गया है।

पुलिस ने तीन अभियुक्त को किया गिरफ्तार

परसा। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग गाँवों में छापेमारी करते एक अंग्रेजी व देशी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज व दो शराबी को किया गिरफ्तार। उक्त गिरफ्तार शराबी धंधेबाज स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे छपरा गाव निवासी स्व रामजन्म सिंह का पुत्र कौशल सिंह तथा गिरफ्तार शराबी पट्टी मुजौना गाव निवासी बसंत नट का पुत्र अनिल नट व कमल राउत का पुत्र सतेन्द्र कुमार बताया जाता है। इस संबंध थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया पूर्वे छपरा से 180 एमएल के अंग्रेजी शराब के दो फ्रूटी व 20 लीटर देशी शराब के साथ शराब धंधेबाज कौशल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। व पट्टी मुजौना में शराब पीकर हंगामा कर रहे दो शराबी को गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार व्यक्ति पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है।

आगामी होली त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। आगामी होली के त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आज प्रमंडलीय आयुक्त श्री एम० सरवनन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आहुत की गई।

आयुक्त ने कहा कि इस वर्ष होली के साथ साथ चुनाव का भी समय है, इसलिये अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

उन्होंने सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को प्रीवेंटिव कार्रवाई पर विशेष बल देने को कहा। मद्य निषेध का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया।विदेशी शराब एवं स्पिरिट के परिवहन एवं बिक्री तथा देशी शराब के निर्माण,परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध कारगर आसूचना संकलन के आधार पर सघन छापामारी/जाँच अभियान चलाने का निदेश दिया गया। दियारा के नदी क्षेत्रों में बोट पेट्रोलिंग के माध्यम से पैनी नजर बनाये रखने को कहा गया। होलिका दहन में असमाजिक तत्वों द्वारा लकड़ी/फूस से निर्मित निजी संरचनाओं को भी होलिका में डालने की संभावना रहती है, इस पर कड़ी नजर रखने को कहा गया। किसी भी व्यक्ति पर जबरन रंग/गुलाल डालने वाले लोगों के विरुद्ध भी त्वरित करवाई की व्यवस्था सुनिश्चित रखने को कहा गया। पूर्व के अनुभवों एवं अद्यतन आसूचना संकलन के आधार पर विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से चिन्हित सभी संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। चुनाव के समय को देखते हुये सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अर्द्ध सैनिक बलों के सहयोग से निरंतर फ्लैग मार्च एवं पेट्रोलिंग करते रहने का निदेश दिया गया। अद्यतन आसूचना संकलन के आधार पर असामाजिक तत्वों की पहचान करते हुये उनके विरुद्ध कारगर निरोधात्मक कार्रवाई करने का स्पष्ट रूप से निदेश दिया गया प्रशासन सभी लोगों से शांतिपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में होली एवं अन्य त्योहार को मनाने की अपील करता है। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक सारण श्री विकास बर्मन, जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर, पुलिस अधीक्षक सारण डॉ० गौरव मंगला तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिवान एवं गोपालगंज जिला के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक जुड़े थे।

जिला पदाधिकारी द्वारा लोक शिकायत के 10 मामलों की हुई सुनवाई

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई एवं शिकायतों का निवारण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा शुक्रवार को लोक शिकायत के कुल 10 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 04 मामलों के संदर्भ में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 06 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि को लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

लोकसभा चुनाव: मास्टर ट्रेनर का प्रथम उन्मुखीकरण सह कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा नगर. त्रुटि रहित और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना प्रशासन का लक्ष्य है, इसका पूरा दारोमदार मास्टर ट्रेनर पर है।उक्त बातें उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने शुक्रवार को प्रेक्षागृह में आयोजित मास्टर ट्रेनर के प्रथम उन्मुखीकरण सह कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने वातार्लाप विधि अपनाते हुए कहा कि मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिनियुक्ति के साथ ही आप सभी सीधे चुनाव आयोग के अधीन आ गए हैं।चुनाव की सफलता का आधार कर्मियों का प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण जितना अच्छा और सटीक होगा, चुनाव उतना ही सरस, सफल, स्वच्छ, पारदर्शी व त्रुटि रहित होगा।उन्होंने कहा कि आप सभी कर्मियों को सिखाने का कार्य करेंगे। इसलिए आप अपने ट्रेनिंग को बोझिल होने की बजाय टू दी प्वाइंट और रूचिकर बनाएं।अपने मस्तिष्क में चुनाव का पूरा सीन स्पष्ट रखें। उसके अनुरूप ही स्टेपवार जानकारी रखें। इवीएम की पूरी जानकारी, विभिन्न प्रपत्र भरने आदि में स्वयं दक्ष बनें। डूज एंड डांट्स को कंठस्थ रखें। उन्होंने चुनाव कर्मियों द्वारा किए जाने वाले प्रक्रिया को कुल छह भागों में विभक्त करते हुए प्रशिक्षण समय को विभक्त करने की बात कही।उन्होंने डिस्कशन पद्धति अपनाते हुए प्रेजाइडिंग, पी-वन, पी-टू, पी-थ्री, माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ ही मतगणना सहायक और सुपरवाइजर के कार्यो पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण में उनके कार्यों को बिन्दुवार समझाने की बात कही। प्रशिक्षण में रामाधार प्रसाद ने चुनाव प्रक्रिया, शुभ नारायण ओझा ने इवीएम, सुशील कुमार ने प्रपत्र, राजीव चौधरी और विनय प्रताप ने डूज एंड डांट्स की जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन के रूप में मणिकांत तिवारी, अनिल शर्मा, रमेश चंद्रा, आफताब आलम आदि उपस्थित थे।

रोजेदार भाईयों ने किया नमाज अदा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। पवित्र माह रमजान के पहले जुमा (शुक्रवार) को जिला के शहर समेत ग्रामीण इलाकों में रोजेदार भाइयों ने अकीदत के साथ नमाज-ए-जुमा अदा किया और देश में अमन और तरक्की की दुआएं मांगी। नमाज से पहले ओलेमा-ए-कराम और मस्जिदों के इमामों ने रमजान की फजीलत और अहमियत को बयान करते हुए मुसलमानों से इस अहम इबादत को अदा करने की अपील की। बढ़ती गर्मी और तेज धूप के बावजूद जुमा की आजान होने से पूर्व ही लोगों की भीड़ मस्जिद की ओर जाने लगी। मस्जिद में भी भीड़ के मद्देनजर खास इंतजाम किये गये थे। शहर के मौला मस्जिद के इमाम मौलाना जाकिर ने कहा कि हजरत सलमान फारसी कहते हैं कि शाबान (शब-ए-बारात) की आखरी तिथि को पैगंबर मुहम्मद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तुम पर एक बड़ी शानदार व बा-बरकत महीना सायाफगन होने वाला है। यह एक महीना हजार महीने से बेहतर है। इस महीने में अल्लाह ने रोजा (उपवास) को फर्ज करार दिया है। उन्होंने कहा कि रोजा का मकसद केवल भूखे प्यासे रहना नहीं है बल्कि इंसान को परहेजगार, विनम्र और नेक बनाना है। रमजान गरीबों की मजबूरी और उनके भूख-प्यास का एहसास कराता है। ताकि सक्षम लोग उनकी मदद के लिए आगे आएं। जामा मस्जिद बड़ा तेलपा के इमाम मौलाना रज्जबुल कादरी ने संबोधित करते हुए कहा कि रमजान सभी महीनों में बेहतर महीना है। यह नेक लोगों के लिए खुशी है। तरावीह और नवाफिल की ज्यादा से ज्यादा एहतमाम करें और अधिक से अधिक दुआएं मांगें। मार्कजी जामा मस्जिद अहले हदीस मसजिद के इमाम मौलाना अब्दुल कादिर ने बताया कि साल के ग्यारह महीने में खाने, पीने, सोने आदि से लेकर इबादत और इंद्रियों पर काबू पाने के कार्यो में जो बेतरतीबी आ जाती है रमजान उन्हें मामूल पर ला देता है। इंसान पुनः अगले साल के लिए संयमित जीवन जीने के लिए तैयार हो जाता है। उन्होंने बताया कि रोजा के दौरान इबादत का सत्तर गुना ज्यादा सवाब मिलता है। लिहाज ज्यादा से ज्याद कुरआन की तिलावत, नमाज का एहतमाम, गरीबों की मदद आदि की कोशिश करनी चाहिए। शिया मस्जिद के इमाम-ए-जुमा मौलाना सैयद मासूम रजा ने बताया कि इसी महीने में अल्लाह ने अपनी मुकद्दस किताब कुरआन मजीद को नाजिल किया। इस लिए भी इसका विशेष महत्व है। यह महीना नेकी कमाने, गुनाह से निजात पाने, बेहतर इंसान बनने का महीना है।

पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ चलाया अभियान, बड़ी मात्रा में देशी शराब जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। गुरुवार की देर शाम माँझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर में माँझी थाना पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ जबरदस्त अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में देशी शराब सहित शराब बनाने वाली सामग्री तथा उसमें प्रयुक्त उपकरण भी जब्त किया है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने बताया कि गुरुवार की देर शाम सूचना मिली थी कि शराब कारोबारी महम्मदपुर में देशी शराब की चुलाई तथा सप्लाई कर रहे है। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा उनके ठिकानों पर छापेमारी की गई। पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में कुल 495 लीटर देशी शराब तथा दो हजार लीटर अर्द्ध निर्मित शराब जब्त किया गया। हालाँकि अंधेरे का फायदा उठाकर शराब तस्कर निकल भागने में सफल रहे। बरामद शराब के तस्करों के रूप में महम्मदपुर गाँव निवासी विनोद चौधरी,अजय चौधरी व अरविंद चौधरी को चिन्हित किया गया है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

सौम्या शालिनी को भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की डॉक्टोरल फेलोशिप

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के इतिहास विभाग की शोध छात्रा सौम्या शालिनी का चयन प्रतिष्ठित भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की डॉक्टोरल फेलोशिप के लिए हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर हुए चयन में सौम्या शालिनी को 36वा स्थान प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व सौम्या शालिनी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में लगातार चार बार सफलता प्राप्त किया है। सौम्या शालिनी मूलतः परसा प्रखंड के बहलोलपुर निवासी अधिवक्ता श्री जीवनन्दन शर्मा और सीमा शर्मा की पुत्री है। बचपन से ही होनहार विद्यार्थी रही सौम्या ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा छपरा के ए.एन. डी. पब्लिक स्कूल से करने के पश्चात पटना वीमेंस कॉलेज से इतिहास में स्नातक और पटना विश्वविद्यालय से परास्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। सौम्या वर्तमानू में इतिहास विभाग जय प्रकाश विश्वविद्यालय में "ब्रिटिश भारत से मॉरिशस में अनुबंधित श्रम प्रवासन एवं भोजपुरी लोक संस्कृति का प्रसार" विषय पर शोध कर रही है। सौम्या की सफलता पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० सुधीर कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सौम्या के उज्जवल भविष्य की कामना किया है। इसकी सफलता परिवार के सदस्यों के साथ विश्वविद्यालय के प्रो० सयैद रजा, प्रो० कृष्ण कन्हैया, प्रो० राजेश नायक, प्रो० दिब्याशु कुमार, डॉ० रितेश्वर नाथ तिवारी, डॉ०अभय कुमार सिंह और डॉ० श्याम प्रकाश ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

विभाजनकारी कानून सीएए के खिलाफ आइसा ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर । शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया सीएए कानून को असंवैधानिक, भेदभावपूर्ण एवं विभाजनकारी बताते हुए व 14मार्च को सी ए ए के विरोध में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रदर्शन के दौरान आइसा नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ आइसा सारण के कार्यकताओं ने अपने देशव्यापी प्रतिवाद कार्यक्रम के तहत जयप्रकाश विश्वविद्यालय के गेट पर विरोध जताया। सभा को संबोधित करते हुए आइसा प्रदेश सहसचिव सह जिला सचिव दिपंकर मिश्र ने कहा कि दिसम्बर 2019 में पास किये गये भेदभावकारी और विभाजनकारी अन्यायपूर्ण नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने वाली नियमावली की अधिसूचना 2024 चुनावों की अधिसूचना आने से ठीक पहले जारी करना एक राजनीतिक साजिश का संकेत है। जैसा कि अमित शाह ने खुद सीएए की 'क्रोनोलॉजी' समझाते हुए कहा था कि इस कानून को लागू करने के बाद एनआरसी-एनपीआर को देशव्यापी स्तर पर लाया जायेगा जिसके माध्यम से दस्तावेज न दिखा पाने वाले नागरिकों को नागरिकता के अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा। सीएए नागरिकों को धर्म के आधार पर बांटने के मकसद से लाया गया है, जो भ्रामक रूप से गैरमुस्लिम 'शरणार्थियों' को नागरिकता देने और मुसलमानों की नागरिकता छीनने, यहां तक कि देशनिकाला देने, तक की बात करता है। लेकिन असम में की गयी एनआरसी की कवायद और देश में जगह-जगह चलाये जा रहे बुलडोजर ध्वस्तीकरण अभियानों से स्पष्ट हो चुका है कि आदिवासियों और वनवासियों समेत सभी समुदायों के गरीब इससे प्रभावित होंगे। देश का लोकतांत्रिक अभिमत और समान नागरिकता एवं संवैधानिक अधिकार आन्दोलन ने सीएए- एनआरसी के पूरे पैकेज को संविधान पर हमला बता कर खारिज कर दिया है। चुनाव से पहले सीएए नियमावली की अधिसूचना ने लोकतंत्र के संवैधानिक आधार को बचाने के जनआन्दोलन की अनिवार्यता को पुनः रेखांकित किया है। मोदी सरकार को आगामी आम चुनावों में सत्ताच्युत करना जरूरी हो गया है।

अज्ञात युवक का शव माँझी थाना पुलिस ने किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। छपरा बलिया रेल खण्ड पर अवस्थित माँझी रेलवे हाल्ट के समीप रेल परिसर के गड्ढे में पड़े एक अज्ञात युवक का वीभत्स शव शुक्रवार को माँझी थाना पुलिस ने बरामद किया है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अज्ञात युवक का शव माँझी रेलवे हाल्ट से लगभग दो सौ मीटर उत्तर तथा रेल लाइन से लगभग एक सौ मीटर पुरब एक गड्ढे में पिछले चार पाँच दिनों से पड़ा हुआ था। शुक्रवार की सुबह खेत में लगी फसल काटने जा रहे मजदूरों ने दुर्गंध आने पर शव को नजदीक जाकर देखा और शोर मचा कर इसकी सूचना अन्य लोगों को दी। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुँचे माँझी के थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने घटनास्थल की तहकीकात के बाद इस बात की आशंका जताई की अपराधकर्मियों द्वारा युवक की हत्या कर साक्ष्य को छिपाने के उद्देश्य से शव को सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया है। मृतक काले रंग की पैंट तथा गाढ़ा नीले रंग का टीशर्ट एवम लाल रंग का गंजी पहने हुए था। शव के लगभग चार पांच दिन पुराना होने की पुलिस ने आशंका जताई है। कई दिन पुराना होने की वजह से शव के कुछ हिस्सों को कौवा व कुत्ते नोच रहे थे तथा उसके सड़ांध की बदबू से शव उठाने में पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

मृतक का चेहरा भी पहचान के लायक नही बचा था। साथ ही उसकी जेब से ऐसा कोई भी कागजात अथवा परिचय पत्र आदि नही मिला जिससे उसकी पहचान की जा सके। बाद में जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। मृतक के शव से महज कुछ ही दूरी पर खाली पड़ी पाँच अंग्रेजी शराब की बोतलें,होटल से खरीदी गई पैकिंग मीट के दो खाली डिब्बे,सिगरेट के खाली दो डब्बे,तथा पत्तल व प्लास्टिक के गिलास को पड़ा हुआ देखकर पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि युवक के अलावा आठ दस लोगों ने सुनसान स्थान पाकर पहले पार्टी की होगी तथा किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद उसकी हत्या की गई होगी। पूछे जाने पुलिस सूत्रों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही हत्याकांड के असली कारणों का पता लगाया जा सकेगा।

प्रवचन का हुआ आयोजन

परसा। प्रखंड के बहर माड़र पंचायत के बनकेरवा बांध स्थित बाबा गणिनाथ धाम में मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित 11 दिवसीय महारुद्र यज्ञ में पांचवे दिन हरिद्वार के प्रवचनकर्ता सुश्री किरीतिका भरद्वाज ने भगवान शिव पार्वती विवाह की प्रसंग पर श्रद्धालुओं को जानकारी दिया।सुश्री ने भगवान शंकर और पार्वती माता की शादी क्यो होना जरूरी था।उस बिंदुओं पर बारीकी से प्रकाश डाला और सनातन धर्म की रक्षा के लिए राक्षस की वध करना जरूरी था।उसी को लेकर शिव का पार्वती मता से शादी अनिवार्य बताया।उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए सतयुग से ऋषि महर्षि देवी देवता भी राक्षस से लड़ाई लड़ है।आज भी संत महात्मा धर्म के लिए प्रचार प्रसार करते है।उन्होंने कहा कि सत्य और न्याय पर चल अपने जीवन को सर्थक बनाया जा सकता है।सहयोग की भवना से मनुष्य समाज के श्रेष्ठा को प्राप्त कर सकता है।भगवान कि सच्ची भक्ति कर मनुष्य मोक्ष को प्राप्त कर सकता है।ईश्वर की को खोजना नही है ईश्वर प्रत्येक बस्तु,जीव जंतु मनुष्य में बिराजमान है।उन्होंने जीवन सर्थक बनाने के लिए झूठ,मांस,मदिरा,ईर्ष्या,त्याग कर भगवान की सच्ची सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

बाबा लालदास एक सिद्ध पुरुष संत थे : सत्येंद्र जी महाराज

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। बाबा लालदास एक सिद्ध पुरुष संत थे। वे ईश्वर स्वरूप भी थे। उक्त बातें इसुआपुर बाजार स्थित बाबा लाल दास के मठिया परिसर में आयोजित बाबा लालदास की पुण्यतिथि के समापन के मौके पर शुक्रवार को आचार्य सत्येंद्र जी महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि साकेत वासी बाबा लालदास भविष्य द्रष्टा भी थे। उनकी आश्चर्य चकित तथा सच साबित कर देने वाली कई भविष्यवाणियां लोगों के आज भी रोंगटे खड़े कर देती हैं। जिसे याद कर लोग उनको ईश्वर का रूप मानकर श्रद्धा भाव से पूजा करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन क्षणभंगुर है। हमारे जीवन का सर्वाधिक सुंदर उपयोग बाबा लाल दास के आदर्शो व उनके पदचिन्हों को अपना कर होगा। जो हमारे जीवन की सार्थकता भी होगी। उन्होंने संत शिरोमणि बाबा लाल दास की जीवनी प्रकाशित करने की लालसा भी व्यक्त किया। कार्यक्रम कध संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद् पंडित त्रिभुवन चतुवेर्दी ने किया। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत भजन गायक रवीश कुमार 'सानू' के भजन " गुरुवर चरणों में देते ठकाना मुझे " से हुई।

सलेमपुर में चलेगा पांच दिवसीय ध्यान योग शिविर: निर्वाण संघ के संस्थापक आचार्य सत्येंद्र जी के सानिध्य में आगामी 17 फरवरी से 21 फरवरी तक पांच दिवसीय ध्यान सह योग शिविर का आयोजन होगा। जिसमें बिहार समेत देश के विभिन्न प्रांतों से प्रतिभागी भाग लेंगे। जहां प्रथम प्रतिभागी के रूप में जम्मू से पधारी श्रीमती प्रिंसी भानु का संघ के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया।

आयुष्मान भारत कार्ड वितरण शिविर आयोजित

छपरा कार्यालय। परसा प्रखंड के बहमारर पंचायत के बहमारर मे उप सरपंच लालू सिंह के घर पर आयुष्मान भारत कार्ड वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह क्षेत्रीय प्रभारी अनिल सिंह उपस्थित रहे। सारण सांसद राजीव प्रताप रूड़ी जी के सौजन्य से कुछ दिन पहले कैंप लगाकर लगभग 102 लोगो का पंचायत मे निशुल्क कार्ड बनाया गया था ।जिसे आज सभी लाभुको को कार्ड का निशुल्क वितरण किया गया ।कार्ड मिलने पर लाभुको ने सारण सांसद को धन्यवाद देते हुए कहा की अब कोई भी गरीब पैसे के अभाव में बीमारी के इलाज के लिए लाचार नहीं रहेगा ।और सारण सांसद के इस महवतकांशी योजना के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा नेता जीतेन्द्र सिंह सरोज राय संतोष शर्मा कप्तान साहब युवा मोर्चा कुणाल कुमार सुमंत कुमार सोनू सिंह प्रियांशु सिंह हरेश राम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे सभी लोगो ने इसके लिए धन्यवाद दिया ।

होली को ले चलेगी विशेष ट्रेन

छपरा कार्यालय।; रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार पर हो रही यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हेतु 05051/05052 छपरा-सिकन्दराबाद-छपरा होली विषेष गाड़ी का संचलन 30 मार्च, 2024 दिन शनिवार को छपरा से तथा 01 अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को सिकन्दराबाद से 01 फेरे के लिये किया जायेगा।

05051 छपरा-सिकन्दराबाद होली विषेष गाड़ी 30 मार्च, 2024 दिन शनिवार को छपरा से 03.50 बजे प्रस्थान कर सीवान से 04.45 बजे, थावे से 05.25 बजे, तमकुही रोड से 06.02 बजे, पडरौना से 06.37 बजे, कप्तानगंज से 07.25 बजे, गोरखपुर से 08.30 बजे, खलीलाबाद से 09.10 बजे, बस्ती से 09.39 बजे, गोण्डा से 11.05 बजे, ऐषबाग से 13.43 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 15.10 बजे, ऊरई से 16.42 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. से 18.53 बजे, भोपाल से 23.15 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 00.55 बजे, नागपुर से 06.45 बजे, बल्हारषाह से 10.05 बजे, सिरपुर कागजनगर से 10.57 बजे, बेल्लमपल्ली से 11.32 बजे, रामगुंडम्से 12.01 बजे तथा काजीपेट से 13.27 बजे छूटकर सिकन्दराबाद 16.35 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में 05052 सिकन्दराबाद-छपरा होली विषेष गाड़ी 01 अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को सिकन्दराबाद से 21.00 बजे प्रस्थान कर काजीपेट से 23.00 बजे, दूसरे दिन रामगुंडम् से 00.32 बजे, बेल्लमपल्ली से 01.07 बजे, सिरपुर कागजनगर से 01.32 बजे, बल्हारषाह से 03.20 बजे, नागपुर से 06.35 बजे, इटारसी से 12.00 बजे, भोपाल से 13.50 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. 21.20 बजे, ऊरई से 22.22 बजे, तीसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल से 01.30 बजे, ऐषबाग से 02.50 बजे, गोण्डा से 05.45 बजे, बस्ती से 07.20 बजे, खलीलाबाद से 07.52 बजे, गोरखपुर से 09.05 बजे, कप्तानगंज से 10.10 बजे, पडरौना से 10.47 बजे, तमकुही रोड से 11.20 बजे, थावे से 12.10 बजे तथा सीवान से 13.10 बजे छूटकर छपरा 14.20 बजे पहुॅचेगी।

शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए शहरवासी अपना सुझाव दें : मेयर

छपरा। आगामी बजट को लेकर नगर निगम के मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने शहर वासियों से सुझाव मांगे हैं ताकि छपरा शहर को एक सुंदर शहर बनाया जा सके। आज अपने कक्ष में पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि शैक्षणिक पर्यावरण आधारभूत संरचनाओं आदि किसी भी क्षेत्र में छपरा के लोगों के पास शहर को संवारने का सुझाव है तो वे मुझे व्हाट्सएप कार्यालय या घर पर दे सकते हैं उनके सुझावों पर विचार किया जाएगा, श्री गुप्ता ने कहा कि मैं छपरा को स्वच्छ सुंदर बनाना चाहता हूं इसके लिए आप सबों का सहयोग जरूरी है। शहर में एजेंसी द्वारा बेहतासा टैक्स लिए जाने पर उन्होंने कहा की हर वार्ड में फ्लेक्स के माध्यम से टैक्स की जानकारी सार्वजनिक रूप से दी जाएगी, उस हिसाब से ही लोग अपना टैक्स जमा करें अभी पुराने धरें पर ही टैक्स का वसूली किया जा रहा है अगर एजेंसी के द्वारा पैसा की उगाही की जा रही तो वह मुझे शिकायत करें मैं पूरी तरह छपरा जनता के साथ हूं और रहूंगा, वही विस्थापित दुकानदारों के विषय में उन्होंने कहा कि उन्हें स्थापित करने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं।

राशि का हेरा फेरी करने के मामले में प्राथमिकी

परसा ।थाना रोड में संचालित सेंट्रल बैंक के सीएसपी से राशि का हेरा फेरी करने का मामला प्रकाश में आया है ।जिसको लेकर थाना क्षेत्र के बहर मराड़ निवासी स्व रवि कांत मिश्रा की पत्नी संजू देवी द्वारा थाना में संचालक पर प्राथमिकी दर्ज कराया है ।प्राथमिकी में बताया गया है कि संचालक थाना क्षेत्र के बहर मराड़ निवासी राशिद आलम द्वारा थाना रोड में सेंट्रल बैंक का सीएसपी चलता था ।जिसमे पीड़ित महिला संजू देवी द्वारा 5 फरवरी को 49 हजार रुपये जमा किया गया था। जब राशि का निकाशी करने गई तो खाता में राशि जमा नही था ।जिससे महिला अवाक रह गई ।और इसकी सूचना परिजनों को दिया।

भारत इनफिनिटी इंटरनेशनल स्कूल का हुआ शुभारंभ

परसा। नगर पंचायत परसा बाजार अंतर्गत महमदपुर वस्ती में भारत इनफिनिटी इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ किया गया । नए स्कूल का उदघाटन मुख्य अतिथि डा.प्रो.अनिल कुमार,प्रो. सतीश कुमार,प्रो.विकास रंजन,प्रो.चंदन प्रकाश,प्रो. मिथलेश कुमार,निदेशक नन्द किशोर साह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक विंदेश्वरी सिंह ने कहा कि सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने के उद्देश्य से इस विद्यालय को खोला गया ।वही इस विद्यालय में बच्चो को डिजिटल बोर्ड के माध्यम से आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी ।वही छोटे छोटे बच्चो को खेल खेल में पढ़ाया जाएगा ताकि उनका शिक्षा जगत के साथ साथ मानसिक विकास भी हो सकें ।मौके पर वरीय शिक्षक शिवबचन राय,अनीश कुमार,दीपक कुमार अर्जुन कुमार,मुन्ना कुमार मौजूद थे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 16 मार्च, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

मैराथन दौड़ की विजेता गुड़िया को सम्मानित करने का लगा तांता

नोखा (रोहतास)। स्थानीय थाना परिसर में बिहार व उत्तर प्रदेश में मैराथन में प्रथम स्थान पर रहने वाली गुड़िया कुमारी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार दरोगा अंशु माला और अभिलाषा कुमारी मौजूद रही। वहीं नोखा बाजार समिति के मैदान में भी मैराथन जीतने वाली गुड़िया कुमारी को बजाए समिति के मैदान में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार, अनूप कुमार, श्याम लाल सिंह ने पुरस्कृत किया।

बीडीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

नोखा (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के मॉडिहा और कदवा पंचायत में मतदान केंद्रों का बीड़ीओ ने निरीक्षण किया। जहां लोकसभा चुनाव से जुड़ी विशेष दिशा निर्देश दिया। बीड़ीओ अतुल गुप्ता ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर के नोखा प्रखंड के कदवा और मॉडिहा पंचायत के मतदान केंद्र निरीक्षण किया गया। मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित कई लोग मौजूद रहे।

कार व बाइक में जोरदार टक्कर, जख्मी

काराकाट(रोहतास)। शुक्रवार को एनएच 120 डेहरी-बिक्रमगंज मुख्य मार्ग पर नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी त्रिदंडी पथ के समीप कार और मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर होने की सूचना है। सूत्रों के अनुसार जिसमें बाइक पर सवार दो लोग बुरी तरह से जख्मी बताए जा रहे है। दोनों को प्राथमिक इलाज के लिए काराकाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़ारी में भेजा गया। उक्त अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए सरफराज खान 22 वर्ष पिता सरताज खान को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। डॉ०. संजीत कुमार ने बताया कि सरफराज खान को काफी गंभीर चोटें आई है। चिकित्सक के अनुसार उसके बाएं साइड में ज्यादा चोट है। जिसका प्राथमिक इलाज कर हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं दूसरा जख्मी छोटू कुमार 15 वर्ष पिता विंध्याचल प्रसाद को गोड़ारी में ही प्राथमिक इलाज किया जा रहा है। दोनों घायल इटिम्हा कर्मा का रहने वाला बताया जाता है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा बंदर का अंतिम संस्कार किया गया

आरा। हनुमान जी के रूप में बंदर सपना सिनेमा पर मृत्यु हो गिरा मिला जिसका सूचना महापौर प्रतिनिधि प्रेम पंकज ललन द्वारा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आरा को मिला अविलंब कार्यकर्ता सपना सिनेमा पहुंच कर बंदर का लेकर फूल माला राम वस्त्र और राम नाम सत्य हैं के साथ पूरे विधिवत अंतिम संस्कार किया गया जिसमे उपस्थित विश्व हिंदू परिषद नगर मंत्री श्याम किशोर पाठक बजरंग दल नगर संयोजक जतिन गोस्वामी ऋतिक वार्ड 08 संयोजक जतिन जी वार्ड08 सह संयोजक अन्य कार्यकताओं द्वारा ये पुनीत कार्य किया गया सबने पार्थन कर उनका श्रद्धांजलि अर्पित किया हमारे धर्म में बंदर का बहुत बड़ा स्थान हैं ये बजरंग बली के रूप हैं और इनका सेवा करना हमारा कर्तव्य हैं

पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

चांद। पुलिस ने काण्ड संख्या 46/24 दिनांक14/3/24 धारा341/323/307/34 भा द वि के प्राथमिकी अभियुक्त विनोद कुमार यादव पिता स्व बलिराम यादव सूरज यादव पिता विनोद यादव दोनों गांव विरभानपुर थाना चांद रिशम यादव पिता राजेंद्र प्रसाद यादव सत्येंद्र सिंह पिता अवध नारायण सिंह दोनों ग्राम मुगलसराय उत्तर प्रदेश गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में हाजिर किया। इस संबंध में थाना प्रभारी मो इरफान रजा ने कहा चारो अपराधी फरार चल रहे थे। उन्होंने ने कहा चारो को पुलिस ने उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया।

मुसहरवा बाबा के बीच ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

कैमूर। भभुआ अधौरा पथ पर धरती माता और मुसहरवा बाबा के बीच ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक चैनपुर थाना क्षेत्र के जगरिया गांव निवासी रूपन पासवान के 32 वर्षीय पुत्र उमेश पासवान बताया जाता है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि अधौरा से एफसीआई का खाद्यान्न ताला गांव पीडीएस दुकान से उतार कर वापस लौट रहा था। तभी धरती माता और मुसहरवा बाबा के बीच सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हुई है। लेकिन परिजनों का कहना है कि किसी अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से ट्रैक्टर पलटा जिसमें चालक की दबकर मौत हो गई है। आगे बताया कि लगभग शुक्रवार की रात्रि 12:00 की घटना बताई जाती है। किसी तरह वहां से परिजनों को सूचना मिला तो परिजन घटनास्थल पहुंचे। वही ट्रैक्टर में दबे चालक को बाहर निकाला गया और उसके बाद परिजन शव को गांव ले गया।

चुनाव को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने बूथ केंद्रों का किया निरीक्षण

विभागीय पदाधिकारियों को दिया सख्त दिशा-निर्देश, सीएपीएफ आवासन के लिए चयनित हुई जगह

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां एक तरफ जहां राजनैतिक दल पार्टियों की सरगर्मी तेज हुई है। वही दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन भी प्रस्तावित इन चुनावों के लिए खुद को तैयार करता नजर आ रहा है। इसी परिपेक्ष्य में शुक्रवार को बिक्रमगंज अनुमंडलीय पदाधिकारी एसडीएम अनिल बसाक के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए निर्धारित बूथ केन्द्रों पर तैयारियां को लेकर सघन निरीक्षण किया गया।

इस संबंध एसडीएम ने बताया कि भूमि सुधार उप-समाहर्ता के साथ संयुक्त रूप से आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीएपीएफ के आवासन स्थल अंतर्गत पटेल कॉलेज,बिक्रमगंज, इंदु तपेश्वर कॉलेज, बिक्रमगंज, समता कॉलेज,दिनारा सहित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलवैया,दिनारा का चयन किया गया है। जिसको लेकर 50 स्नान घर, शौचालय 10 सहित दो वाशरूम को चुनाव संपन्न होने तक अस्थाई तौर पर निर्मित कराएं जायेंगे। वही होने वाली लोकसभा चुनाव में सीएपीएफ तहत तीन से चार फोर्स कंपनी की टुकड़ी तैनात होगी। जिसमें 80 से 100 पुलिस जवान एक टीम में शामिल रहेंगे। साथ ही दिनारा थाना क्षेत्र के नटवार बाजार समिति स्थित ईवीएम मशीन की निगरानी को लेकर डिस्पैच सेंटर यानी प्रेषक केंद्र बनाएं जायेंगे। साथ ही निर्धारित गोदाम भी उपलब्ध होंगे।

जबकि निरीक्षण उपरांत विभिन्न विभागीय पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए बूथ केंद्रों पर चुनाव के समय विद्युत व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था के साथ ही बुजुर्गो के लिए मतदान केंद्रों पर मतपेटी तक पहुंचने के लिए रैम्प बनाने के लिए भी निर्देश दिया। साथ ही निर्वाचन से जुड़ी कार्यों में लापरवाही किए जाने पर संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के भी संकेत एसडीएम बसाक के द्वारा दी गई है।

मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एमएलसी संतोष सिंह को दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) शुक्रवार को रोहतास, कैमूर क्षेत्र से एमएलसी संतोष कुमार सिंह के बिहार सरकार मंत्री मंडल में शामिल होने की घोषणा सुनते ही लोगों ने दी बधाई। जहां देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने काराकाट विधानसभा क्षेत्र में उनके मंत्री बनने पर एक दूसरे को बधाइयां देते हुए मिठाइयां खिलाया। वही खबर को सुनकर एनडीए कार्यकर्ताओं में भी खुशी व्याप्त है। इस अवसर पर एमएलसी संतोष कुमार सिंह बधाई देते हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि संतोष कुमार बिहार प्रदेश के एक मुख्य राजनीतिक विशेषज्ञ के रूप में प्रख्यात है। जिन्होंने अपने जीवन काल की राजनीति में भाजपा एमएलसी और सामाजिक कार्यकर्ता स्वरूप गरीबों का मसीहा दिन-रात उनके मदद में लगे रहते हैं। साथ ही क्षेत्रो में विकास हित में आम जन की समस्याओं का निष्पादन करना ही उनके जीवन का मुख्य लक्ष्य है। इस मौके पर बिक्रमगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ उर्फ जवाहर सिंह, भाजपा कार्यकर्ता - अजीत सिंह, ललित मोहन,सुनील कुमार सिंह, नागेश्वर कुशवाहा, सतेंद्र पाठक, विनोद पासवान, सुनील सिंह, संजीव पटेल, ललन चौरसिया, मदन प्रसाद वैश्य, लाल बिहारी सिंह, वीरेंद्र चौधरी, विनोद पांडे, मनोज तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

आहार युक्त मोटे अनाज की गुणवत्ता पर दी गई प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) नोखा प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में मोटे अनाज को लेकर के एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जहां पर उपस्थित महिला कृषकों को प्रशिक्षण देते हुए कृषि विभाग के तकनीकी प्रबंधक श्रीकांत कुमार,कृषि बिशेषज्ञ राजू कुमार और अशोक कुमार द्वारा बताया गया की मोटे अनाज से क्या-क्या फायदे हैं इसकी वैरायटी कौन-कौन सी है। मोटे अनाज की प्रमुख प्रकार के बीज क्वालिटी के मिलेट जवार,बाजरा, रागी, जवार बीज को छोड़कर दूसरे प्रकार के मिलेट बाजरा बीज को छोड़कर कैनरी बीज के अलावा कदन्न फसल एक पोषण तत्वों से भरपूर अनाज है।

जिसके कारण इसको न्यूट्रो अनाज भी कहते हैं। भारत में मोटे अनाज आधारित चीजों की खाने की माग बढ़ रही है। आमतौर से मिलेट को गरीबों का भोजन के रूप में पहचाना जाता है। जो आर्थिक रूप से संपन्न लोग इसको खाने से हिचकते रहे हैं। जो लगातार बढ़ रही शारीरिक बीमारियों से उपजी चिंता के बाद दुनियाभर में भोजन पर एक बार फिर से गंभीरता से मंथन शुरू हुआ है। अतः यह आज उपलब्ध अनाजों में सबसे स्वास्थ्यप्रद अनाज है।

हर एक कदन्न फसलों का अपना-अपना महत्व हैं, जैसे- रागी और बाजरा कैल्शियम और लौह तत्वों से भरपूर होता है। ज्वार में पोटैशियम और फास्फोरस होता है, जबकि कोदो लौह तत्वों से भरपूर होता है। साथ ही सारे कदन्न फसलों में आहारीय रेशा बहुतायक मात्रा में होती है। इसलिए हमें सभी तरह के कदन्न फसलों को खाते रहना चाहिए। इसमे प्रोटीन, विटामिनबी-कम्पलेक्स, कैल्शियम, आयरन, मैंगनीज, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस जिंक, पौटेशियम, ताँबा और सेलेनियम सहित बहुत से पोषक तत्व होते हैं। इनमें एंटी-ऑक्सीडेंट फ्लेवोनॉइड्स, पिगमेंट, एंथोसायनिन, सैपोनिन और लिगनिन्स भी पाये जाते है। जो स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। मौके पर कृषक सहित महिला उपस्थित थीं।

बस की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

प्रात : किरण संवाददाता

दुर्गावती। मोहनिया थाना क्षेत्र के डिलखिली समेकित चेकपोस्ट पर बस और स्कूटी के बीच भीषण टक्कर हो गयी जिस हादसे में स्कूटी सवार दोनो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर एन एच ए आई विभाग व मोहनिया पुलिस पहुंच गई। वही कागजी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया। मृतकों की पहचान दुर्गावती थाना क्षेत्र के दहियाव गांव निवासी अमरेंद्र कुमार पिता स्वर्गीय चंद्रभान राम व रोहित कुमार पिता राजकुमारी राम उर्फ राजगृही राम के रूप में की गयी। जानकारी के अनुसार दोनो युवक अपने घर से मोहनिया बाजार के लिए अपनी स्कूटी पर सवार होकर निकले थे। बाजार से दोनो युवक खरीददारी करने के बाद अपने घर आ रहे थे इसी दौरान समेकित चेकपोस्ट के पास वाराणसी की तरफ से रॉन्ग साइड आ रही एक यात्री बस ने मोहनिया की तरफ से आ रहे स्कूटी सवारो को टकर मार दी जिससे कारण दोनो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची मोहनिया थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुटी गई। वही बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो परिजनों में चीख पुकार मच गया एवं मातम छा गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 में नाले का हुआ शिलान्यास

नोखा (रोहतास) नगर परिषद नोखा द्वारा वार्ड नंबर 24 में नाला एवं स्लैप का निर्माण को लेकर के शिलान्यास किया गया। अवसर पर नारियल फोड़ पूजन की गई। नगर परिषद के सभापति राधेश्याम सिह उपसभापति धनजी सिंह ने बताया कि विकास कार्यो में एक और कड़ी जोड़ दी। नगर परिषद सभापति ने बताया कि वार्ड नंबर 24 बायपास रोड में नाला निर्माण जरूरी था। ताकि बरसात का पानी और घर उसे निकालने वाले गंदा पानी को निकाला जा सके। जिसको लेकर के नाले का निर्माण किया जा रहा है और संवेदक से कहा कि जल्द से जल्द बनाकर पूरा करे। मौके पर उपसभापति धनजी सिह ने कहा कि नाला निर्माण की गुणवत्ता में कमी नहीं बरतनी होगी और लोगों की सुविधा को देखते हुए यह नल का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर धनजी सिंह विनोद कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

आरा रेलवे स्टेशन पर पीडब्ल्यूआई के खिलाफ रेल कर्मियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बक्सर शाखा के द्वारा आज आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया आरा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत पीडब्ल्यूआई प्रमोद कुमार के तानाशाही रवैया से नाराज कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन पर जोरदार प्रदर्शन किया इस दौरान उन लोगों ने प्रमोद कुमार पर रेलवे कर्मचारियों को मानसिक रूप से परेशान करने एवं प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया साथी साथ उन लोगों ने पीडब्ल्यूआई के तबादले के बाद भी यहां डेढ़ वर्षो से जमे रहने के खिलाफ संघर्ष का ऐलान करते हुए कहा की जिस तरह से प्रमोद कुमार लगातार रेल कर्मियों को टारगेट कर निशाना बना रहे हैं और अपने चहेते कर्मियों का एक अलग गैंग बनाकर अलग तरीके से समानांतर सरकार चला रहे हैं वह बर्दाश्त के काबिल नहीं है और अगर आने वाले दिनों में रेल प्रबंधक इनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं करती है तो रेलकर्मी कुछ भी करने को तैयार हैं ईस्ट सेंट्रल कर्मचारी रेल यूनियन के बक्सर शाखा मंत्री नीरज कुमार सिंह ने बताया कि पीडब्ल्यूआई के मनमानी से रेल कर्मी काफी तनाव में काम करने को मजबूर हैं वही इन लोगों की 6 सूत्री मांग शामिल है जिसमें मुख्य रूप से ट्रैकमैन को 16 किलोमीटर पर टीए का भुगतान किया जा रहा है जबकि 8 किलोमीटर पर इनका भुगतान करने का नियम है वही बिना किसी कारण और दोष के यूनिट नंबर ल1 के ट्रैकमैन का तबादला आरा से अन्यत्र स्टेशन कर दिया गया आरा के पीडब्ल्यूआई प्रमोद कुमार का तबादला 3.10.2022 को ही आरा से कर दिया गया है लेकिन अभी तक इनको विरमित नहीं किया गया है वहीं जूनियर ट्रैकमैन के रहते कीमैनसे काम जबरदस्ती कराया जा रहा है यह गलत है यूनिट नंबर 1 से 8 तक वैकेंसी को रखकर एक अलग से यूनिट बनाया गया है जो कि नियम के विरुद्ध है।

वही ट्रैकमैन साथियों के बीच खौफ को पैदा करके उनसे काम लेना और बेवजह उनका हाजिरी काटना इनकी नियति बन गई है इसको लेकर उन लोगों ने आज यह प्रदर्शन किया है और आने वाले दिनों में अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो कर्मचारी यूनियन कोई भी निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगाइस मौके पर उपस्थित लोगों में रेल कर्मचारी यूनियन के नेता मनोज कुमार पांडेय नीरज कुमार सिंह अशोक कुमार आरके सिंह अजय कुमार राजेश कुमार सिंह एसबी राय त्रिपाठी जी समशान अख्तर मंजि यादव एसके दुबे मनोज मिश्रा समय दर्जनों की संख्या में कर्मचारी शामिल थे।

केन्द्रीय मंत्री शनिवार को विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शनिवार को आरा सांसद सह केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह अपने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री द्वारा पूर्व मे की गई पीरो पड़ाव मैदान का सौंदर्यीकरण और जगदीशपुर मे बाबु कुंवर सिंह प्रवेश द्वार का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ आरा मे हीत नारायण क्षत्रिय विद्यालय के जीणोद्धार का भी उद्घाटन करेंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि पीरो मे ऐतिहासिक पड़ाव मैदान का सौंदर्यीकरण की घोषणा माननीय केन्द्रीय मंत्री सह आरा सांसद आर के सिंह द्वारा की गई थी। शनिवार को 11 बजे उस योजना का शिलान्यास किया जाएगा। जिससे पीरो क्षेत्र के जनता मे खुशी का माहोल है। सभी ने केन्द्रीय मंत्री को बधाई दी है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पीरो क्षेत्र के लोगो की बहुप्रतीक्षित मांग पर आरा- राँची एक्सप्रेस का ठहराव पीरो मे केन्द्रीय मंत्री के प्रयास से सफल हो रहा है। उक्त गाड़ी का ठहराव पीरो मे 17 मार्च से शुरू हो जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा संभावित आचार संहिता लागु होने के कारण उक्त गाड़ी का शुभारंभ कार्यक्रम नही हो पाएगा। आरा-राँची एक्सप्रेस ट्रेन पीरो क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है,जिसे पा कर क्षेत्र के लोगो ने अपने सांसद आर के सिंह सहित केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। वहीं सांसद प्रतिनिधि ई.धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री द्वारा शनिवार को ही महान स्वतंत्रता सेनानी बाबु कुंवर सिंह के स्मृति मे जगदीशपुर मे भव्य बाबु कुंवर सिंह प्रवेश द्वार का आधारशिला 12:15 बजे रखा जाएगा।

इसके साथ आरा मे केन्द्रीय मंत्री द्वारा हित नारायण क्षत्रिय विद्यालय का जीणोद्धार कराया गया है,जिसका उद्घाटन 1:15 दिन मे केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा सांसद आर के सिंह के कर कमलो द्वारा किया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री द्वारा पीरो,जगदीशपुर और आरा मे बहुमूल्य सौगात देने पर भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया है।

आभार व्यक्त करने वालो मे जिलाध्यक्ष,सांसद प्रतिनिधि सहित मिथिलेश कुशवाहा, उदय प्रताप सिंह,वंदना राजवंशी, मीरा यादव,प्रेम पंकज ललन,कौशल यादव,सतीश भट्ट,नरेन्द्र तिवारी, पुनम कुशवाहा, राकेश सिंह, विजय सिंह,सीडी शर्मा, मदन स्नेही,मधु मिश्रा, संजय कुमार सिंह,संतोष चंद्रवंशी, रानी राय,राज कुमार कुशवाहा, अरविंद पांडेय,रंजना श्रीवास्तव, विनय बेलाऊर, सुनील कुमार,रमेश कुमार कर्ण,नवीन सिंह,संतोष तिवारी, धीरज सिंह,राजेश सिंह,निशांत सिंह सेंगर विभु जैन, कलामुद्दीन सहित वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्ता थे।

ट्रक व बाइक की टक्कर में बाइक चालक जख्मी, ट्रक में लगी आग

बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज नगर के डुमरांव रोड स्थित तेंदुनी गांव के पास बालू लदे एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार काफी गंभीर रूप से जख्मी हो कर सड़क किनारे गिर गया। इधर ट्रक के नीचे घुसी बाइक से गिरते पेट्रोल से ट्रक में आग पकड़ लिया। पहले ट्रक के टायर में आग पकड़ी और देखते ही देखते ट्रक का इंजन वाला केबिन भी धू धू कर जलाने लगा। लोग जब तक समझ पाते तब तक ट्रक बुरी तरह जल गया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि ट्रक से घायल बाइक सवार की पहचान काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत चौगड़ी कला निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। ट्रक चालकों ने दुर्घटना के साथ ही भाग कर अपनी जान बचाई और काफी खोजनीब के बाद भी वह सामने नहीं आए है। हालांकि तेंदुनी गांव के लोगों ने सड़क जाम किया। लेकिन जल्दी ही सभी हट गए। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया की जख्मी बाइक सवार का इलाज निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है।

चैनपुर पुलिस ने 63 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

चैनपुर। थाना क्षेत्र के घटमापुर मे गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान चैनपुर पुलिस के द्वारा 63 लीटर देसी शराब के साथ एक अभिव्यक्त को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस ने घटमापुर के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक सवार को 63 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया वही शराब को लेकर जा रहे बाईक चालक को भी पुलिस के द्वारा खदेड़ा गया जहा बाईक सवार भागने में सफल हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान घटमापुर निवासी लखन बिंद का पुत्र सिघासन बिंद बताया गया। बताते चलें कि आगामी होली पर्व को लेकर शराब कारोबारीयों के विरुद्ध कैमूर पुलिस अलर्ट है। जिले के सभी विभिन्न जगहों पर पुलिस के द्वारा शराब कारोबारियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार वाहन जांच की जा रही है। इसी क्रम में चैनपुर पुलिस को एक बार फिर सफलता हाथ लगी है जहां उत्तर प्रदेश की ओर से आ रहे एक बाईक से वाहन जांच के दौरान 63 लीटर शराब को बरामद किया गया है। वहीं इससे संबंधित जानकारी देते हुए चैनपुर थाना प्रभारी विजय प्रसाद के द्वारा बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त पहले भी शराब के मामले में जेल जा चुका है वही फिलहाल अभियुक्त को मेडिकल जांच के बाद भभुआ न्यायिक रियासत में भेज दिया गया।

पदाधिकारी द्वारा अमर्यादित बयान पर किसानों ने दिया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

भभुआ समाहरणालय पर भूमि अधिग्रहण मामले में भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा अमर्यादित बयान समाचार पत्रों में देने पर किसानों ने समाहरणालय के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन दिया है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विमलेश पांडेय ने बताया कि भारतमाला एक्सप्रेसवे में सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण की जा रही है। जो की सरकार उसका उचित मुआवजा नहीं दी जा रही है। वही एक तरफ भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा समाचार पत्रों में अमर्यादित बयान दिया गया। उसी के विरोध में समाहरणालय के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन दिया गया है। अगर सरकार और पदाधिकारी द्वारा हम लोग के साथ ऐसा ही दुव्यवहार हुआ तो हम लोग आने वाले लोकसभा चुनाव के वोट का भी बहिष्कार करेंगे। इस संबंध में एसडीएम विजय कुमार ने बताया कि नियमा अनुसार भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा कहा गया था कि जो किसान अपने भूमि का मुआवजा नहीं लेते हैं तो उनका पैसा कोर्ट में सिरेंडर कर दिया जाएगा और उसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इसी मामले में किसानों ने अपने उचित मुआवजा की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन दिया है। जो इनके मांगों को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पशुपतिनाथ सिंह अभय सिंह रोहित कुमार अभिमन्यु सिंह एवं कई किसान मौजूद रहे।

एसआई की ईमानदारी देख, प्रोफेसर हुए कायल

काराकाट (रोहतास) :काराकाट थाना के एक एसआई ने ईमानदारी का मिशाल कायम किया है। यह खबर गुरुवार रात्रि की है, जब काराकाट एसआई संजीव कुमार अंचला अधिकारी के साथ ड्यूटी पर थे। उसी दौरान एसआई साहब को रोड पर पड़ा एक बटुआ मिला। उनके द्वारा उस बटुआ को सही सलामत सही हाथों में देने का ख्याल आया। लेकिन उस बटुआ के अंदर ऐसी कोई जानकारी उपलब्ध नही थी, जिससे उस व्यक्ति से संपर्क साधा जा सके। जबकि उसे बटुआ में तमाम वो कागजात उपलब्ध थी जो अक्सर बटुआ में होती है पैसा, पैन कार्ड, आधार कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य जरूरी कागजात उपलब्ध थी। एसआई श्री कुमार को बहुत प्रयास करने के बाद बटुआ के अंदर से बैंक का रसीद हाथ लगा। फिर अगली सुबह दिन शुक्रवार को बैंक गये और उस बैंक रसीद के माध्यम से उसे व्यक्ति की सारी जानकारी इकट्ठा की। उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। और बटुआ को सही व्यक्ति के हाथों सुपूर्त कर दिया। बटुआ पाते व्यक्ति का खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

मतदाताओं को किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चिकसील के बुथ न. 03 पर मतदाताओं को लोकतंत्र के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांख्यिकी पदाधिकारी अनुज कुमार ने किया। साथ हीं सभी को लोकतंत्र में आस्था रखने का शपथ भी दिलाया। हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को मयार्दा बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मौके पर सांख्यिकी पदाधिकारी के अलावा पंचायत सचिव सुमन कुमार, कृषि सलाहकार अखिलेश कुमार, कृषि समन्वयक ककलेश कुमार, जीविका सीएम सोनी पटेल, स्वच्छता पर्यवेक्षक मिथिलेश कुमार, शिक्षक मुनीर आलम, शिक्षक बैजनाथ ठाकुर, वार्ड सदस्य सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

स्थानीय आधार पर आर्थिक विकास की प्रक्रिया को अपनाना होगा : प्रो. विजय

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। स्नातकोत्तर गाँधी विचार विभाग, तिलकामाँझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर में "बिहार आंदोलन के 50 वर्ष" विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करने के बाद विभाग के स्वराज कक्षा में अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. सुरेन्द्र भाई पूर्व अध्यक्ष गांधी शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली ने कहा कि संपूर्ण क्रांति के मुद्दों में भ्रष्टाचार प्रमुख मुद्दा था भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उत्पन्न यह क्रांति आज भी जीवित है क्योंकि भ्रष्टाचार आज और गहरा होता चला गया है। इन्होंने इंदिरा की तानाशाही के खिलाफ उत्पन्न आंदोलन की सफलता को सामने रखते हुए कहा कि संपूर्ण क्रांति ने लोकतंत्र में तानाशाही की प्रवृत्ति को समाप्त किया और आज के संदर्भ में आने वाले पीढ़ी के लिए हर तनाशाही के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा के रूप में संपूर्ण क्रांति जीवित है, जीवित रहेगा, साथी अहिंसक और निर्दलीय नेतृत्व की आवश्यकता जताई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पूर्व अधिकारी हरेंद्र प्रताप ने जनता को उसकी शक्ति और कर्तव्य का एहसास करते हुए कहा कि सत्ता न हो भ्रष्टाचारी, हमारी भी है जिम्मेदारी।

जे. पी. विश्वविद्यालय छपरा के पूर्व कुलपति प्रोफेसर फारूक अली ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंधेरे के तीन प्रकाश गांधी, लोहिया, जयप्रकाश। गांधी शांति प्रतिष्ठान भागलपुर के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र गुप्ता ने कहा कि जेपी ने अहिंसक आंदोलन की शर्त पर नेतृत्व को स्वीकारा था साथ ही उन्होंने कहा कि विचार और कर्म में आज भी एक होने की आवश्यकता है।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो मनोज कुमार ने संपूर्ण क्रांति आंदोलन की सफलता और सफलता के संदर्भ में कहा की किसी भी आंदोलन में दो तरह के लोग होते हैं कुछ लोग स्वार्थी होते हैं जो आंदोलन में इसलिए प्रवेश करते हैं ताकि उसे आंदोलन से लाभ उठा सकें। 1947 के आंदोलन में भी और 1974 के आंदोलन में भी और फिर अन्ना आंदोलन में भी इस तरह की बातें देखी गई।

50 हजार रुपये का काटा ऑनलाइन चालान

प्रात : किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास)। वरीय अधिकारियों के दिशा - निर्देश पर दिनारा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के अलग- अलग जगहों पर पुलिस अधिकारियों की देखरेख में वाहन जांच किया गया। जिस क्रम में वाहन जांच दौरान वाहन चालकों से 50 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान काटा गया। उन्होंने कहा कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा। श्री कुमार ने कहा कि वाहन जांच के क्रम में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ध्यान में रखते हुए गहन रूप से सभी विन्दुओं पर छोटे एवं बड़े वाहनों की जांच की गई। मौके पर पुलिस अधिकारी, पुलिस बल के जवान और वाहन चालक लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

ट्रैक्टर ने महिला को मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल

शेरघाटी।शहर का दुल्हन मंदिर स्थित तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने महिला को मारा टक्कर उक्त घटना में महिला गंभीर रूप से हुई, घायल महिला के पहचान स्वर्गीय शत्रुघ्न सिंह के धर्म पत्नी ललिता देवी के रूप में किया गया है, वहीं उक्त घटना के बाद स्थानीय लोगों के मदद से घायल महिला को शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने औपचारिक इलाज के बाद गया मगध मेडिकल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है, जानकारी देते हुए आईपीएस सह थानाध्यक्ष शिवम धाकड़ ने बताया कि उक्त घटना के बाद घायल महिला को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है, जबकि उक्त घटना में प्रयुक्त वाहन की जाँच पड़ताल की जा रही है।

बालू लदा ट्रक्टर को किया जब्त चालक फरार

शेरघाटी।थाने के पुलिस ने थाना क्षेत्र के कुबड़ी गांव के निकट से अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर को जब्त किया है, आईपीएस सह थानाध्यक्ष शिवम धाकड़ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।जबकि पुलिस को आते देख चालक मौके से फरार हो गया है, उन्होंने कहा कि चालक व वाहन मालिक की पड़ताल कर करवाई जा रही है। बिना हेलमेट देना होगा फाइंड सावधान आगे पुलिस खड़ी है।

लहरिया कट मारने वाले पकड़े जाने पर होगी करवाई

शेरघाटी।पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों में पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान उक्त जांच के दौरान बिना हेलमेट एवं बिना ड्राइवरी लाइसेंस ट्रिपल लोडिंग लहरिया कट मारने वाले बाइक चालकों से काटा गया फाइन इधर जानकारी देते हुए आईपीएस सह थानाध्यक्ष शिवम धाकड़ ने बताया कि चुनाव एवं होली के मध्य नजर रखते हुए शहर के अलग-अलग इलाकों में जोर-जोर से बाहर जांच अभियान चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के ख्याल से लोगो सुरक्षित रहने के लिए पुलिस द्वारा लगातार लोगो को जागरूक भी किया जा रहा ताकि हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाये। इसे लोगो सड़क हादसे में काफी सुरक्षा मिलती है। आईपीएस धाकड़ ने बताया कि बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस,ट्रिपल लोडिंग बाइक चालने वालो के खिलाफ सख्त करवाई की जा रही है। और उनसे फाइंड भी वसूली जा रही है।

जिलाधिकारी ने भूमिहीन परिवारों को पर्चे का किया वितरण

अरवल।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में मुफ्त सरकारी जमीन के बंदोबस्त पर्चे का वितरण किया गया। बिहार सरकार के भूमिहीन परिवारों को वास हेतु मुफ्त जमीन देने की योजना अभियान बसेरा-02 में कुल 639 परिवारों का चयन किया गया है।इस दौरान जिले के 54 परिवारों को 1.5 एकड़ से अधिक मुफ्त सरकारी जमीन के बंदोबस्त पर्चे का वितरण किया गया। जिसमें करपी प्रखंड के 26, सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड मे 19. कलेर प्रखंड के 05, अरवल के 02 एवं कुर्था के 02 परिवारों को बंदोबस्त पर्चा प्रदान किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मेरा पहला वोट, देश के लिए, विद्यार्थियों के माध्यम से कई कार्यक्रम आयोजन

गया।आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, गया डॉ0 त्यागराजन एस.एम. के दिशा निर्देश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधि का लगातार संचालन किया जा रहा है। इस क्रम में गया जिले में ह्लमेरा पहला वोट, देश के लिए ह्ल के तहत विद्यार्थियों के माध्यम से कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों में इएलसी का गठन कर नये वोटर को जागरूक किया जा रहा है।इस क्रम में रंगोली, चित्रांकन, सेल्फी पॉइंट मतदाता शपथ इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

नये मंत्रीमंडल में तेज रफ्तार से बिहार का होगा विकास : डॉ मनीष

गया। विहार मंत्रिमंडल का विस्तार होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मंगल पांडेय,नितन नबीन, अरुणा देवी, नीरज बबलू ,केदार गुप्ता, जनक राम ,नीतीश मिश्रा, हरी साहनी ,दिलीप जायसवाल, संतोष सिंह ,कृष्णा नदन पासवान, सुरेंद्र मेहता को मंत्रिमंडल मे शामिल होने पर बीजेपी के नेता डॉ मनीष पकज मिश्रा ने खुशी जताते हुए कहा कि बिहार जो 17 महीने में विकास गति में पिछड़ गया था, अब दुगनी गति से विकास होगा। बिहार मंत्री मण्डल में शामिल सभी मंत्रियो को बधाई एवं सुभकामना देते हुए कहा आपलोगों के नेतृत्व में विकास तेजी से होगा। बधाई एवं सुभकामना देने वालों में भाजपा अशोक प्रसाद भारती, बबलू गुप्ता, राणा रंजीत सिंह सहित है

जनता दरबार में सौ लोगों के मामले की हुई सुनवाई

प्रात : किरण, संवाददाता

गया। महाबोधि संस्कृति केंद्र बोधगया में मराज्यपाल बिहार के साथ साथ भारत के विभिन्न राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित रहने के कारण आज जनता दरबार स्थगित किया गया था। परंतु आज दूर दराज से कई व्यक्ति आज जनता दरबार समझ कर समाहरणालय में आ चुके थे, जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम को जानकारी मिलते ही व्यस्ततम समय निकाल कर आये सभी व्यक्तियों के समस्याओं को अपने चैंबर में बारी बारी से सुना है। आज जनता दरबार में आये हुए लगभग 100 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिये, कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं।जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी, पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। मानपुर भाडेजा के आवेदक ने बताया कि परवाना के जमीन के बाबजूद दबंग लोव कब्जा किया हुआ, डीएम ने अंचलाधिकारी मानपुर को निर्देश दिया कि मामला को सुनकर समझकर कब्जा मुक्त करवाये। सहोड़ा अतरी में पानी की समस्या को लेकर आये ग्रामीण में डीएम को अवगत करवाया है। डीएम ने कार्यपालक अभियंता पीएचडी को निर्देश दिया कि क्षेत्र निरीक्षण कर पानी की समस्या को दूर करवाये। इसके अलावा खिजरसराय के उजौली गाँव मे मोटर खराब की सूचना पर पीएचडी को तुरंत मोटर ठीक करवाने को कहा।

ट्रक्टर व बाइक सवार का हुआ टक्कर, बाइक सवार की मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

शेरघाटी। शहर के इंदिरा नगर मोहल्ला रोड में शुक्रवार को एक निजी विद्यालय के समीप ट्रैक्टर और बाइक सवार के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया भेज दी है। प्रशिक्षु आईपीएस सह थानाध्यक्ष शिवम धाकड़ ने बताया कि ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है। जबकि चालक व वाहन मालिक की छानबीन की जा रही है। इधर प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बाइक और ट्रैक्टर में टक्कर में बाइक सवार की मौत घटना स्थल पर हो गई है। आईपीएस धाकड़ ने बताया कि बाइक सवार व्यक्ति की पहचान हंटरगंज थाना के जबड़ा गांव के राजु यादव उम्र 30 वर्ष के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक बाइक पर सवार युवक शेरघाटी के एक रेस्टुरेंट में काम करने आ रहा था। जैसे ही रिंग रोड से उतरकर इंदिरा नगर रोड में आया उसकी टक्कर तेज रफ्तार से जा ट्रैक्टर से हो गई। मृतक युवक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं जिसमें एक पुत्री व एक पुत्र है, वहीं उक्त घटना के बाद। उक्त घटना के बाद मृतक के पत्नी रूबी देने देवी ने बताया कि घर के कमाने वाले एक व्यक्ति थे जिस घर का पूरा परिवार का खर्च चलता थ प वही पिता के सैया हटाने के बाद बच्चों एवं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

नवनिर्मित 50 बेडेड कैंसर अस्पताल का किया गया स्थल निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

अरवले जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नवनिर्मित 50 बेडेड कैंसर अस्पताल का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस अस्पताल में अब कैंसर मरीजों का उपचार किया जायेगा। कुल 03 करोड़ 28 लाख 63 हजार 817 रुपए की लागत से इस अस्पताल का निर्माण हुआ है। इसमें 50 बेड की व्यवस्था की गई थी, हालांकि जगह की कमी के कारण वर्तमान में 42 बेड आरक्षित है। इस अस्पताल के निर्माण का कार्य 2023 में शुरू हुआ था, जो वर्तमान 2024 में बनकर तैयार हुआ है। यह अस्पताल पुरी तरह से वातानुकुलित है, जिससे कि मरीजों को इलाज के दौरान गर्मियों में राहत मिलेगी। मौके पर सिविल सर्जन, विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य प्रबंधक के साथ अन्य उपस्थित थे।

भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के फैन ने केक काटकर मनाया जन्मदिन

खेसारी लाल यादव का तस्वीर को लगा कर जन्मदिन केक काटकर

प्रात : किरण, संवाददाता

गया। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव का गया में जबरा फैन है। इस जेबरा फैन का नाम गुंजन खेसारी है जो गया में रहकर पढ़ाई करता है। यह खेसारी लाल यादव से इतना प्रभावित है कि उसने अपने नाम के पीछे गुंजन कुमार की जगह गुंजन खेसारी लिखना शुरू कर दिया है। 15 मार्च को यानी आज खेसारी लाल यादव का जन्मदिन है। ऐसे में खेसारी लाल यादव के जबरा फैन गुंजन खेसारी ने विष्णुपद मंदिर में परिसर में भोजपुरी के स्टार खेसारी लाल यादव का तस्वीर को लगा कर जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया है।इस दौरान गरीबों के बीच भोजन का भी वितरण किया। है इस संबंध में गुंजन खेसारी ने बताया कि वह खेसारी लाल यादव का जबरा फैन है और खेसारी लाल यादव से काफी प्रभावित है। उन्होंने 62 बच्चों को गोद ले लिया है।इसके अलावा खेसारी लाल यादव सामाजिक कार्य कर रहे हैं इसी का नतीजा है कि वह उनका जबरा फैन है और हरेक साल उनका वह धूमधाम से पोस्टर लगाकर जन्मदिन को मनाता है। उन्होंने बताया कि खेसारी लाल यादव से भी कई बार वीडियो कॉलिंग से बात होती रहती है।

डीएम ने 51 परिवादियों का सुना फरियाद

● संबंधित अधिकारियों के निष्पादन करने का दिया आदेश

प्रात : किरण, संवाददाता

अरवल` जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 51 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, आवास योजना, राशन कार्ड जमाबंदी रसीद, अतिक्रमण, अनियमितता, नाली गली, टोला सेवक, पेंशन योजना, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, बाल संरक्षण, पीएचईडी विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। परासी थाना स्थित ग्राम अमरा निवासी बिमली देवी द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ। मेरा घर फुस एवं मड़ई का बना हुआ है। मुझे आवास योजना की सख्त जरूरत है। मुझे आवास योजना प्रदान करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया।कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम कोयल भूपत निवासी सतेन्द्र यादव द्वारा बताया गया कि मैं भूमिहीन गरीब परिवार से हूँ। मुझे राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड की सख्त जरूरत है। कई बार कार्ड के लिए फॉर्म भरे गये पर अबतक कार्ड नहीं बना है। मेरा राशन एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी कलेर को नियमानुसार निष्पादन करते हुए लंबित का कारण भी उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम कुसरे टोला कुंजी बिगहा निवासी रामविलास साव एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मेरे ही गाँव के असमाजिक तत्वों द्वारा नवसृजित प्राथमिक विद्यालय भवन के निर्माण कार्य को रोका जा रहा है। भवन के निर्माण कार्य में बाधा डालने वाले व्यक्तियों पर उचित कार्रवाई करने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी करपी एवं थानाध्यक्ष करपी को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया।

स्वच्छता में ही स्वास्थ्य निहित है : डॉ. उमा शंकर सिंह

प्रात : किरण, संवाददाता

गया। अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने अपने साप्ताहिक शिविर के दूसरे दिन चंदौती के निकट मदन बीघा बस्ती की पदयात्रा की तथा वहां एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया है। इस शिविर में स्थानीय पुरुष-स्त्रियों के साथ-साथ पचास से अधिक बच्चे-बच्चियों ने भाग लिया है। कई बच्चे तथा बच्चियों ने अपनी शारीरिक तथा मानसिक प्रतिभा का भरपूर परिचय दिया है। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमा शंकर सिंह ने कहा कि सबसे पहले हमें अपने स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक होना पड़ेगा, स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्यवर्धक खान-पान के साथ-साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना पड़ेगा, स्वच्छता में ही स्वास्थ्य निहित है। अपनी स्वच्छता के साथ-साथ घर-बाहर भी स्वच्छ रखना होगा तभी हम सब स्वस्थ रह सकेंगे । इसके साथ ही साथ डॉ. सिंह ने बताया कि मतदान के समय सभी मतदाता को जागरुक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदान को प्राथमिकता देकर हर मतदाता को आगे बढ़कर मतदान करना चाहिए ।दर्शनशास्त्र की विभागाध्यक्षा तथा एन एस नस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह ने भी उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति विशेष जागरूक रहने की बातों की चर्चा करते हुए लड़कियों को गुड टच तथा बैड टच के बारे में व्यवहारिक जानकारियां दी है। उन्होंने लड़कियों को उनकी अपनी समस्याओं से खुद लड़ने की भी प्रेरणा दी है। शिविर में उपस्थित अनेक छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाज व परिवार से मिलने वाली सुविधाओं की भी चर्चा की है। आवश्यकतानुसार

उन सभी मेधावी बच्चे तथा बच्चियों को महाविद्यालय के एन एस एस की ओर से डॉ. श्वेता सिंह तथा डॉ उमा शंकर सिंह के कर कमलों से कॉपी, पेंसिल, रबर, बिस्किट, साबुन आदि देकर प्रोत्साहित किया गया है। साथ ही साथ इस बस्ती को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से गोद लेने की बात भी की गई है। इस संपूर्ण कार्य में स्वयंसेवक प्रीतम कुमार, बिपिन साव, शिवम , रिया, काजल कुमारी, सुप्रिया, प्रियांशु, नैंसी, खुशी, प्रिया, रिचा, दीक्षा, आयुषी, पल्लवी, आरोही, साहिब परवीन, शीतल, गौतम कुमार, राजा, गौरव, गोलू, चिंटू , अजीत, प्रभात, अभिजीत, प्रभात, सोनू, प्रशांत, कार्तिक आदि ने विशेष सहयोग किया है । पचास से अधिक स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने पूरी बस्ती में घूमते हुए सभी घरों में जा-जाकर बिस्किट-साबुन आदि बांटते हुए लोगों को स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया है।इस महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनंत कुमार सिन्हा ने इस पुनीत कार्य के लिए सभी स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए विशेष धन्यवाद देखकर उनके मनोबल को बढ़ाया है।

एक ऐसा कब्रिस्तान जहां शुबह में मॉर्निंग वॉक और घूमने आते है लोग, एक सोच ने कब्रिस्तान को बदला पार्क में

प्रात : किरण, संवाददाता

गया। पार्क और हरियाली के बीच सुबहझसुबह मॉर्निंग वॉक करने आए देख आपको लगेगा की यह पार्क है लेकिन हकीकत जान आपके भी होश उड़ जाएंगे। दरअसल गया जिले के करीमगंज मोहल्ले का एक कब्रिस्तान है जहां मुस्लिम समुदाय के लोगो की मृत्यु होने के बाद दफन किया जाता है। कब्रिस्तान का नाम सुनते हीं लोग डर जाते है लेकिन यहां इस खूबसूरत कब्रिस्तान का नाम सुनते और यहां आते हीं लोगो के चेहरे खिल जाते है। पहले यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था मगर मोहल्ले वालो ने इसे मिलकर एक सुंदर पार्क का रूप दे दिया जिसके बाद से यंहा पर लोग शुबह में मॉर्निंग वॉक करने आते है और शाम के समय समय मिलने पर इस कब्रिस्तान में घूमने चले आते है करीमगंज मोहल्ले के समाज सेवी अबरार अहमद को एक सोच आया की जीवित में सभी लोग अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस, मार्बल, टाइल्स लगे मकान में रहते है लेकिन जिंदगी का आखिर घर कब्रिस्तान जहां कोई व्यवस्था नहीं होती है। मिट्टी के अंदर दफन कर दिया जाता है। यही सोच ने आज कब्रिस्तान को एक पार्क के रूप में विकसित कर दिया है। कब्रिस्तान का चाहरदीवारी, पार्क आदि पर लाखो रुपए खर्च कर सुंदर पार्क के रूप में बनाया गया है। आज यहां सुबह होते हीं लोग मॉर्निंग वॉक करने आ जाते है। 150 साल से अधिक पुराना कब्रिस्तान है। कभी कोई सोचा नहीं होगा की कब्रिस्तान भी सुंदर हो सकता है। पार्क की देखरेख के लिए माली और कर्मचारी की प्रतिनियुक्त किया गया है।वंही करीमगंज मोहल्ले के रहने वाले समाज सेवी अबरार अहमद ने बताया की यह कब्रिस्तान 150 सौ साल पुराना है और इस कब्रिस्तान की हालत पहले ठीक नहीं था और नाही यंहा पर किसी प्रकार की सुविधा थी मगर हम सभी मोहल्ले के लोग और कब्रिस्तान के सचिव ने मिलकर इस कब्रिस्तान को एक पार्क की तरह बना दिया है जंहा पर लोग शुबह में अपने पूर्वजो के नाम से फातिया भी पढ़ लेते है और मॉर्निंग वॉक भी करते है इस कब्रिस्तान को इतना अच्छा बनाने में सभी लोगो का सहयोग मिला है और उसका नतीजा यह है कब्रिस्तान के सचिव जमीर आलम ने बताया की इस मोहल्ले में कोई पार्क नही है। तो ऐसे में यह कब्रिस्तान पार्क का भी काम करता हैं। सुबहझसुबह मॉर्निंग वॉक के साथझसाथ इबादत और फातिया का भी काम हो जाता है पहले इस कब्रिस्तान का हालत बहुत ही बुरा था यंहा पर न तो चारदीवारी थी और नाही पानी की व्यवस्था था मगर अब सब कुछ है इस कब्रिस्तान में आने के लिए किसी को रोक नहीं लगा है कोई भी व्यक्ति आ सकते है और जो मुस्लिम समुदाय के लोग है वह कंही के भी हो यंहा पर अपने मृत लोगो का मट्टी मंजिल कर सकते है यंहा पर किसी तरह का रोक नहीं लगा हुआ है इस कब्रिस्तान के देखभाल के लिए क्रमचारी भी को रखा गया है जो इस कब्रिस्तान का देखभाल करते है आज यह कब्रिस्तान नितना अच्छा हो ,वंही शुबह में कब्रिस्तान में मॉर्निंग वॉक करने आये लोगो ने बताया की हमलोग शुबह में कब्रिस्तान में मॉर्निंग वॉक करने आते है और यंहा पर शुबह में फातिया भी पढ़ लेते है और यह बिहार का पहला कब्रिस्तान है जो न सुन्दर और अच्छा है तथा यंहा की व्यवस्था भी बढ़िया है यह कब्रिस्तान बहुत पुराना है मगर आज यह इस स्थिति में है की कब्रिस्तान कम और पार्क ज्यादा लगता है

सात दिवसीय स्पेशल कैंप का विधिवत उद्घाटन प्रथम दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

गया। अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय,गया के विवेकानंद सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय स्पेशल कैंप का विधिवत उद्घाटन प्रथम दिवसीय कार्यक्रम समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन जोशी के कर कमलों से दीप प्रज्वलन तथा पुष्पर्चन कर किया गया है। इस अवसर पर एन एस एस के स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं द्वारा सामूहिक गीत-संगीत की आकर्षक एवं मनोहारी प्रस्तुति की गयी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया है।हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमा शंकर सिंह ने आगत अतिथियों का गर्मजोशी पूर्वक स्वागत करते हुए अपने पद्यमय स्वागत भाषण के द्वारा अतिथियों तथा स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया है। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमृतेंदु घोषाल ने अपने संबोधन में कहा कि सभी स्वयंसेवक को अपने नेतृत्व में निखार लाने के लिए यह एक शुभ अवसर मिला है, इस सात दिवसीय कैंप में एनएसएस के लक्ष्य को अपने जीवन में उतर कर समाज में फैलाने हेतु स्वयंसेवकों के लिए यह एक उत्सव है। इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पार्थ सारथी ने कहा कि ऊर्जा के पर्याय युवकों को अपने आदर्श स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों से प्रेरणा लेने की तथा वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को प्रसारित करने की आवश्यकता है। इतिहास विभाग के प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार सिंह ने अपने भाषण में कहा कि युवाओं को स्वच्छता, धर्मनिरपेक्षता, पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण, जल संकट, अशिक्षा आदि के साथ-साथ विविध राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विशेष विचार तथा डिबेट आदि करना चाहिए । प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा ने अपने भाषण में कहा कि एन एस एस के सभी स्वयंसेवकों का यह लक्ष्य होना चाहिए कि उनका जीवन सादा तथा विचार उच्च हो। छात्र देश के भविष्य है अगर छात्र आगे बढ़ेंगे तो देश आगे बढ़ेगा। ईमानदार होना एव स्वच्छ चरित्र का होना एक स्वयंसेवक के लिए अनिवार्य गुण होना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन जोशी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश को युवाधन, युवा शक्ति तथा स्वस्थ मनोबल की आवश्यकता है। हमें अपने दायित्वों का शतशः पालन करने का प्रयास करना चाहिए। स्वयंसेवकों को अपने भीतर सदा आस्था को जगाए रखना चाहिए। हमें धरती का बोझ नहीं बल्कि सहयोगी बनना है। हम सदा दूसरों का आदर करना सीखें तथा हर वक्त यह ध्यान में रहे कि हम जो सोचेंगे उसे निश्चित ही हासिल कर लेंगे। योग और सहयोग से ही जीवन का निर्माण करें। नींद और स्वाद को त्याग कर हम सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं। स्वयंसेवकों को सबसे पहले अपने घर में अनुशासित रहना चाहिए फिर अपने ज्ञानार्जन स्थल पर और तत्पश्चात अपने सामाजिक जीवन में। संस्कार के साथ-साथ ही शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। सदा दूसरों की मदद करना सीखें।महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं शताधिक विद्यार्थीगण इस समारोह की सुंदरता में चार चाँद लगा रहे थे। इस समारोह का कुशल संचालन जंतुविज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र की प्राध्यापिका एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह के द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम का समापन हो गया है।

समावेशी विकास के लिए कटिबद्ध रहूंगा : नवरतन

प्रात : किरण, संवाददाता

गया।बुनकर समाज कि हृदयस्थली श्री दुर्गा स्थान के प्रांगण पटवाटोली में श्री दुगार्जी पटवाय जाति सुधार समिति मानपुर पटवा समाज के अध्यक्ष के रूप में अनुभवी व कर्मठ व्यवशायी नवरतन प्रसाद पटवाको सर्वसम्मति से चुना गया। नवरतन बाबू के अध्यक्ष चुने जाने पर पटवा समाज में खुशी कि लहर दौड़ पड़ी है। सुबह से ही नवरतन बाबू के आवास पर बधाई और शुभकामना के लिए तांता लगा रहा है। अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई व अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए शुभकामना देने व खुशी जाहिर करने में गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ , दुखन पटवा जिला संयोजक भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ , प्रकाश राम पटवा जिला अध्यक्ष व्यवसायिक एवं उधोग प्रकोष्ठ जदयु , प्रमोद कुमार लाल , बुद्धिजीवी व्यवसायिक , अमर नाथ अध्यक्ष पटवा बुनकर ट्रस्ट , सुरज कुमार संचालक पटवा बुनकर ट्रस्ट , सोहन लाल पूर्व अध्यक्ष पटवा समाज , शिवनाथ कुमार समाजसेवी व शिक्षाविद् , विजय कुमार प्रतिनिधि रीता कुमारी पार्षद प्रतिनिधि , पवन कुमार , दुर्गा प्रसाद , चंचल कुमार , सहित बड़ी संख्या में बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। नवरतन बाबू निस्वार्थ भाव से समाज सेवा में समर्पित रहे हैं सादगी और व्यवहारिक - व्यापारिक कौशल से पटवा समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाएंगे , पटवा समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवरतन बाबू ने कहा सभी से विचार विमर्श - संवाद कर पटवा समाज के पूर्वजों द्वारा बनाए परंपरा - विरासत को बचाते हुए आधुनिक शैक्षणिक , सामाजिक , आर्थिक और राजनीतिक कि नई उचाई हासिल करने का प्रयास करेंगे। अध्यक्ष पद कि जिम्मेवारी का निर्वहन सबके सहयोग से करेंगे। न्याय के साथ सामाजिक विकास का विस्तार करेंगे।

विकासात्मक योजनाएं की जानकारी देकर आम आदमी से अति पिछड़ा प्रकोष्ठ संबंध स्थापित करेगी

गया।कपूर्री सभागार जनता दल यू कार्यालय पटना में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के बैठक में गया जिले में संगठन की जानकारी दी गई है। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि तीन लोकसभा क्षेत्र गया जिला में है। कुमार ने बताया कि अतरी विधानसभा क्षेत्र जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में है। टिकारी, गुरुआ व इमामगंज विधानसभा क्षेत्र औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में है। गया संसदीय क्षेत्र में शेरघाटी, बाराचट्टी, बोधगया, गया शहर, बेलागंज व वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र है। कुमार ने बताया कि जिले के सभी प्रखण्डो में संगठन बना हुआ है। नीतीश सरकार के कल्याणकारी व विकासात्मक योजनाएं की जानकारी देकर आम आदमी से अति पिछड़ा प्रकोष्ठ संबंध स्थापित करती है।

30 वॉ राष्ट्रीय निर्वाचन आयुक्त सम्मेलन बोधगया में राज्यपाल द्वारा अध्यक्षता में शुरू

प्रात : किरण, संवाददाता

गया। राज्य निर्वाचन आयोग बिहार द्वारा आयोजित 30वॉ राष्ट्रीय निर्वाचन आयुक्त सम्मेलन आज बोधगया के पावन धरती पर महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र बोधगया में राज्यपाल बिहार राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में कई गयी है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में पूरे भारत के सभी राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों से राज्य निर्वाचन आयुक्त, विभिन्न राज्यों के पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त, कुछ प्रमंडल के प्रमंडलीये आयुक्त, पुलिस महा निरीक्षक, कुछ जिलों के जिला पदाधिकारी एवं कुछ जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक भी शामिल हुए थे। इसी कार्यक्रम में वर्ष 2021 में सम्पन्न करवाये गए पंचायत निर्वाचन चुनाव एक नया परिभाषा बना है। 2021 के पंचायत निर्वाचन चुनाव में उत्कृष्ट चुनाव संपन्न कराने वाले तत्कालीन प्रमंडलीये आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को राज्यपाल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है । इसी परिपेक्ष में आज जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम को जो 2021 में दरभंगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में पंचायत चुनाव काफी सफलतापूर्वक संपन्न करवाए थे। ओसीआर 100% पूर्ण किया गया था साथ ही फेस रिकॉग्निशन में अच्छा कार्य करने को लेकर राज्यपाल द्वारा तत्कालीन जिला पदाधिकारी दरभंगा सह वर्तमान जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

देशी पिस्टल व 9 कारतूस के साथ अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

भागलपुर। विगत रात्रि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार कांड में वांछित व फरारी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इसी क्रम में पुलिस की गठित टीम द्वारा नाथनगर थाना क्षेत्र इलाके में दबिश देकर 1 देशी पिस्टल, 9 कारतूस तथा 1 मोबाईल के साथ भानू कुमार पिता भागीरथ मंडल साकिन मथुरापुर थाना नाथनगर भागलपुर को उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी एसपी सिटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

विधि छात्रों ने मतदान कराने व जागरूक करने हेतु ली शपथ

भागलपुर। चुनाव का पर्व, देश का गर्व कार्यक्रम के तहत टीएनबी विधि महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान करने व अपने रिश्तेदार एवं पड़ोसियों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने को ले ह्यमतदाता शपथह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के क्रम में परीक्षा जारी रहने के बावजूद भी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार सिन्हा ने ह्यमतदाता शपथह्न उपस्थित छात्रों को दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं जिनमें डॉ. धीरज कुमार मिश्रा, अमित कुमार अकेला, अमित कुमार, डॉ. रमा शंकर, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. बबीता कुमारी, डॉ. सुजाता गुप्ता व बिन्नी कुमारी के अलावा दर्जनों छात्रों की मौजूदगी रही थीं।

सीओ के जनता दरबार में 14 मामले का हुआ निष्पादन

सदर मुंगेर। शुक्रवार को सदर अंचल कार्यालय अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी के अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में सदर अंचल के कल 14 मामले आए जिसमें परिमार्जन के छः, दाखिल खारिज के चार तथा दाखिल खारिज में रोक लगाने हेतु एक मामले आए एलपीसी के तीन मामले आए सभी मामले का सुनवाई करते हुए अंचलाधिकारी ने मामले का निष्पादन कर दिया वहीं जनता दरबार में उपस्थित राजस्व अधिकारी तथा राजस्व कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया गहन जांच

मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को सदर अनुमंडल अंतर्गत चयनित 13 परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित हो रहे अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (टीईआर -3) के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का गहन निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि टीआरई-3 के लिए संचालित परीक्षा का आज गहन निरीक्षण किया गया है। इस दौरान मॉडल स्कूल, उपेंद्र ट्रेनिंग स्कूल, टाउन स्कूल में संचालित परीक्षा का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थियों का गहन फ्रिसकिंग कराया गया, ताकि किसी भी परीक्षार्थियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कदाचार नहीं किया जा सके। परीक्षा के सफलता एवं शांतिपूर्ण माहौल में संचालन के लिए सुरक्षा की भी पूरी व्यवस्था की गयी।

24 केंद्रों पर बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा हुई आयोजित

भागलपुर। जिले भर में कुल 24 केंद्रों पर बीपीएससी की फेज 3 शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए दो पालियों में आयोजित की गई थी। वही पहली पाली 9:30 से शुरू हुई, तो वहीं दूसरी पाली 2:30 से प्रारंभ किये जाने की दिशा में विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। परीक्षा आयोजन को लेकर जारी गाइडलाइंस के अनुसार परीक्षार्थियों को 2 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचकर अंदर प्रवेश करना सुनिश्चित था लेकिन कुछ अभ्यर्थी जाम व अन्य कारणों से समय पर नहीं पहुंच पाए और परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया था। उसके बाद परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की ऐसी तस्वीर सामने आयी है कि जिसे देखकर आप दंग हो अचंभित रह जाएंगे। ताजा मामला भागलपुर के मारवाड़ी पाठशाला इंटर स्कूल पर पहुंचे परीक्षार्थियों का जुड़ा हुआ मामला है जहां पहली पाली में गेट बंद हो जाने के बाद परीक्षार्थी आनन फानन में दीवार और ग्रिल फांदकर परीक्षा केंद्र प्रवेश करते नजर आ रहे हैं। वही जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम थे साथ ही ई. प्रवेश पत्र पर निर्गत क्युआर कोड स्कैनिंग बायोमेट्रिक सत्यापन के साथ साथ चेहरे का मिलान व ओएमआर शीट के बारकोड का स्कैनिंग भी किया जा रहा था, फिर भी ऐसी तस्वीर भागलपुर के मारवाड़ी पाठशाला से देखने को मिल रही है। वहीं परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक, पेन- पेपर व घड़ी आदि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों को ले जाने की पूर्ण रूप से बाधित कर दिया गया था।

लूट की घटना को अंजाम दे अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे : एसडीपीओ

● गश्त ड्यूटी के क्रम में मिली थी घटना से संबंधित जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। विगत 13 मार्च को करीब 12 बजे रात्रि गश्त ड्यूटी के क्रम में पुलिस पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम रमजानीपुर एनएच -80 पर अपाची मोटर साईकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्ति द्वारा हथियार का भय दिखा कर एक पिकअप चालक को मारपीट कर हाथ पैर बांध कर सड़क मार्ग किनारे फेंक दिया गया था। अपराधियों द्वारा पिकअप वाहन चोरी की नियत से बटेश्वर स्थान के रास्ते पीरपैंती की ओर भागा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई व अपराधियों की गिरफ्तारी की दिशा में वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर की निगरानी में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कहलगाँव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। वही गठित विशेष टीम द्वारा छापमारी करते हुए घटना को अंजाम दे चल रहे दो अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से लुटा हुआ पिकअप वाहन, अपराधी द्वारा कांड में प्रयुक्त 2 मोबाईल व पिकअप चालक से लुटा हुआ 23 सौ रूपया नगद को बरामद किया गया है। वही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भादो मंडल उर्फ सुनील मंडल पिता सुरेश मंडल साकिन छोटी मोहनपुर थाना एकचारी जिला भागलपुर व मिथुन कुमार पिता बच्ची यादव साकिन बुद्धचक थाना बुद्धचक जिला भागलपुर के रूप में की गई है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कांड अंकित कर मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उक्त आशय की जानकारी एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसडीपीओ शिवानंद प्रसाद ने दी। उन्होंने कहा कि होली त्यौहार को लेकर थाना पुलिस को अलर्ड मोड़ पर कर दिया गया है साथ ही मिशन सुरक्षा के तहत जगह जगह पुलसिंग कार्रवाई जारी है।

स्नान करने गए चार बच्चे की नदी में डूबने से हुई मौत

जगदीशपुर (भागलपुर)। थाना परिक्षेत्र के पुरैनी गांव के समीप चंदन नदी में स्नान करने गए गांव के चार बच्चे की डूब जाने से मौत होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि घटना की सूचना मिलने के बाद से पूरे गांव में मातम छा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि दोपहर करीब 12:30 बजे चारों बच्चे नदी में स्नान करने गए थे। इसी क्रम में एक बच्चा पानी की गहराई में चला गया और वह डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दूसरा बच्चा जब गहराई में गया तो वह भी डूबने लगा। इसी तरह बाकी दो बच्चे भी उन दोनों को बचाने के लिए पानी में गया और चारों बच्चे पानी में एक एक कर डूबते चले गए थे। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। वही घटना के समय नदी किनारे एक महिला मौजूद थी, जिन्होंने सभी बच्चों को डूबता देख शोर मचाना आरंभ कर दिया था तो वही उसकी शोर आवाज सुनकर कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चे को पानी से निकालने में जुट गए वही ग्रामीणों ने सभी बच्चों को पानी से काफी मस्कत के बाद गहरे पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक चारों बच्चे की मौत हो चुकी थी।

डिस्पैच सेंटर नवगछिया का आयुक्त व डीएम ने निरीक्षण कर क्षेत्र का लिया जायजा

● चुनावी रणनीति तैयारी के उद्देश्य को ले लगातार चल रहा है क्षेत्र दौरा

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला प्रमंडलीय आयुक्त भागलपुर प्रमंडल के दिनेश कुमार व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व उनकी समुचित टीम द्वारा 152- बिहपुर व 153- गोपालपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों को डिस्पैच सेंटर एवं वाहन पड़ाव स्थल चिन्हित किये जाने को लेकर कृषि उत्पादन बाजार समिति नवगछिया एवं इंटर स्तरीय महाविद्यालय नवगछिया का भ्रमण के साथ निरीक्षण कर जायजा लिया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा इंटर स्तरीय महाविद्यालय नवगछिया के प्रांगण में मतदान कर्मियों के लिए तथा कृषि उत्पादन बाजार समिति स्थल को वाहन पड़ाव स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल भागलपुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी व अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया सहित दर्जनों संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

अच्छे अवस्था में 30 वर्षीय युवक मिला, बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर) रतनपुर बहियार से अचेत अवस्था मे 30 वर्षीय युवक को मिलने का समाचार प्राप्त हुआ। ग्रामीणों के सहयोग से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियारपुर लाया गया। पहचान के रुप ग्राम कनौली निवासी दीपक कुमार के रुप मे उसकी पत्नी ममता देवी ने पहचान की है। चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए उसे हायर सेन्टर रैफर कर दिया। घटना के संबन्ध मे बतायी नित्य दिन के तरह: अपनी ईरिक्सा को निकाला शाम तक वापस नहीं आने से परिजनो ने चिंता होने लगी। सुबह वापस नही आने पर पास पडोस के ईरिक्सा चालको से पुछताछ करने पर बताया कि कल दीपक रिर्जव छोड़ने बरियारपुर रेलवे स्टेशन गया धा। वह रात में वापस नहीं लौटे इधर ईरिक्सा चालको के बीच चर्चा का बिषय हो गया। परिजनो द्वारा मोबाइल से सम्पर्क करने पर कोई खबर नही मिलने पर परिजनो मे हतौउत्साह होने लगी परिजनो ने उसे खोजने के लिए इधर-उधर भटकना प्रारम्भ किया। सुत्रो ने बताया कि रतनपुर बहियार मे एक अचेतावस्था युवक के होने की सुचना पर परिजन घटना स्थल पहुंची तो वहां उसे पहचान किया गया आनन फानन मे उसे उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियारपुर लाया गया।

बस डिपो के कर्मियों व चालकों ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन शुरू

● मूलभूत सुविधाओं की मांग को ले बस चालकों ने जिला प्रशासन के विरुद्ध किया हल्ला बोला प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में जाम की समस्याओं से निपटारा व निजात दिलाने की दिशा में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने शहर के सटे बस पड़ाव स्थलों को स्थानांतरित कर दो जगहों को चिन्हित कर अस्थाई रूप से बस स्टैंड बनवाए जाने की कवायद शुरू की थी। जिसमें एक जीरो माइल के पास और दूसरा रिक्शाडीह के पास चिन्हित स्थलों पर सभी बस के ठहराव व यात्रियों के परिचालन को सुगम बनाने पर जोड़ दिया गया था। इसी कड़ी में बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं के अभव में जिले के सभी बस एजेंसियों ने बस चक्का जाम कर चालकों के साथ मिलकर हल्ला बोल प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस दौरान चक्का जाम कर दिये जाने से संबंधित यात्रियों को कई तरह की असुविधा के साथ यात्रा करते चल रहे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। इस दौरान सभी बस चालको ने एक ही बात पर जोड़ देते हुए कहा कि जिलाधिकारी ने जहां अस्थाई बस स्टैंड बनवाए हैं वहां पहले यात्रियों के लिए सड़कों को दुरुस्त कराया जाय, यात्रियों के लिए पैजल की व्यवस्था दुरुस्त कर बस लगने की समुचित व्यवस्था की जाय, तभी हम लोग बस की सेवा देंगे अन्यथा यह हड़ताल निरंतर जारी रहेगा। अब सवाल यह है कि बस स्टैंड को लेकर पूर्व में भी शहरी क्षेत्र के दक्षिणी भाग स्थित बागबाड़ी स्थलों को चिन्हित किया गया था जहाँ सुविधाओं के अभाव में यात्रियों की परेशानी के साथ साथ बस चालकों व उनके एजेंसी के बीच कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जिसे देखते हुए कुछ समय बाद पुनः अपने स्थान पर बने रहे थे। वही अब जिला प्रशासन के द्वारा पुनः उक्त बस पड़ाव स्थलों को स्थानांतरित कर रिक्शा डीह स्थल को चिन्हित किया गया है लेकिन समुचित सुविधाओं के साथ साथ पार्किंग स्थल को पक्की सड़क की सुविधाएं उपलब्ध नहीं रहने के कारण बस स्टैंड के मार्ग उबर खाबड़ रहने के कारण कई समस्याओं से परेशान हो कर बस चालकों ने हड़ताल जारी कर दिया है। वही यात्रियों को अपने यात्रा को लेकर कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कोई सार्थक प्रयास नही किये से आम लोगों के बीच आक्रोशित माहौल बनता दिख रहा है, जहां एक तरफ जिला प्रशासन आम लोगों की मूलभूत सुविधा के मद्देनजर उपलब्ध कराने की बात कहते हुए खोखले दाबे करते चल रही हैं तो वही अब देखने वाली बात है कि जिला प्रशासन आम यात्रियों के साथ साथ स्थानीय लोगों के बीच उतपन्न हो रही यातायात व्यवस्था को आखिर कब तक बस स्टैंड समस्या को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास करती है और आम लोगों की यात्रा सुविधा को कैसे सुगमता से निर्वाह करने पर जोड़ देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा कौन सा रूख अख्तियार कर क्या संज्ञान लेती हैं, ये सवाल खड़े कर लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है।

राजस्व कर्मचारी ने ब्लेड मार काटा खुद का हाथ

● सीओ के मानसिक प्रताड़ना से तांग आकर उठाया ऐसा कदम, कर्मियों के बीच चल रही इस बात को लेकर चर्चा

● घटना के बाद सीओ ने कुछ भी व्यक्त करने से साधी चुप्पी

प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर (भागलपुर)। जगदीशपुर अंचल कार्यालय में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजस्व कर्मचारी विष्णु शंकर ने ब्लेड से खुद से हाथ काट लिया। वही घटना की जानकारी मिलने के बाद अंचल कार्यालय में अफरातफरी का माहौल बन गया। वही घटना के बाद कार्यालय में उपस्थित सहयोगी कर्मियों व अधिकारियों ने आनन फानन में घायल राजस्व कर्मचारी को त्वरित इलाज के लिए भागलपुर के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकिसक द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद वापस उसके घर भेज दिया गया है। वही घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राजस्व कर्मचारी ने काम के प्रेशर होने की वजह से यह कदम उठाया है। जिस वक्त राजस्व कर्मचारी ने ब्लेड से अपना हाथ काटा उस वक्त अंचलाधिकारी समेत कई लोग मौके पर मौजूद थे। सूत्रों के माने तो घायल विष्णु शंकर को सीओ के द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। सदर अस्पताल पहुंचे अंचलाधिकारी से जब मीडिया प्रतिनिधि ने सवाल पूछा तो जगदीशपुर के अंचलाधिकारी अस्मिता कुमारी ने चुप्पी साध ली। कुछ भी बोलने व कहने से साफ तौर पर इनकार कर दिया है। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस तक उक्त घटना से संबंधित लिखित आवेदन नहीं दी गई है। अब सवाल यह है कि अंचल कार्यालय में इस तरह की घटना घटित होने के बाद से कई तरह के बात को लेकर चर्चा का विषय बन गया है, अंचल में चल रहे अंदरूनी बात को लेकर यह बात हो नही सकती हैं कुछ बात अलग हो लेकिन विभागीय स्तर पर जांच का विषय बन गया है। देखने वाली बात है कि जिला प्रशासन द्वारा इस तरह की गतिविधियों को लेकर क्या रूख अख्तियार कर कौन सी कार्रवाई के साथ जांच प्रक्रिया शुरू करती है, उक्त सवालों को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ दिख रहा है।

251 कन्याओं ने कलश यात्रा में लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता

गुरुवार को सदर प्रखंड अंतर्गत मय पंचायत के तोफिर गांव में सात दिवसीय श्री राम कथा के आयोजन हेतु भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कलश यात्रा में 251 कन्याओं ने भाग लिए । वहीं आयोजक द्वारा बताया गया कि गंगा घाट से जल भरकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर जाकर कलश रखी गई। यह आयोजन समस्त तोफिर पीर पहाड़ निवासी के सौजन्य से की जा रही है। श्री राम कथा का आयोजन पूजनीय परमहंस डॉ उमाकांत नंद सरस्वती महाराज हरिद्वार उत्तराखंड से आए हुए संतो के द्वारा कथा का प्रवचन किया जाएगा ।संध्या 4:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक प्रवचन की जाएगी। वहीं कलश शोभा यात्रा में ग्रामवासी हरि यादव, प्रवीण भारती उर्फ पुलिस यादव, मुखिया प्रतिनिधि विकास कुमार यादव, उप मुखिया गणेश कुमार गौतम, पंचायत समिति सदस्य रामबरन मंडल, ओम प्रकाश यादव, अनिल कुमार यादव, राजद नेता संतोष यादव, अरुण यादव प्रमोद यादव डॉ अजय शर्मा सहित समस्त ग्राम एवं पंचायत वासियों ने कलश शोभा यात्रा में चढ बढ का हिस्सा लिए तथा लोगों से श्री राम कथा सुनाने हेतु सादर अनुरोध किया।

ब्राह्मणों और संतों की रक्षा के लिए प्रभु श्रीकृष्ण बने रणछोड़: कथा वाचक

शाहकुंड (भागलपुर)। बाबा रामेश्वर सेवा समिति द्वारा सुल्तानगंज प्रखंड परिक्षेत्र के रघुचक अन्नहार गांव इलाके के प्रशिद्ध बाबा रामेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा सह सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में चंडीगढ़ से पधारे राम कथा वाचक कुंदन जी महाराज ने प्रभु श्रीराम और अत्रि ऋषि एवं अन्य ऋषियों के मिलन की कथा विस्तार पूर्वक श्रद्धालुओं व श्रोताओं के बीच सुनाते हुए कहा कि परमात्मा की जो सतत भक्ति करता है, उसको ज्ञान, विज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। जिससे हर जीव मोक्ष की प्राप्ति करता है। कथावाचक ने अपने कथा वचन में प्रभु श्रीराम की भक्ति को आलोकित धर्म बताते हुए कहा कि भक्ति जगत के दिखावे के लिए नहीं, बल्कि भक्ति तो मालिक को राजी करने के लिए की जाती है, परमात्मा की कृपा के बिना प्रभु के विषय में ज्ञान प्राप्त नहीं होता है।

112 की पुलिस गाड़ी को ऑटो जुगाड़ के सहारे खींच कर दूसरे स्थान पर ले जाती पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। एक तरफ शहरी क्षेत्र इलाके में पुलिसिंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने की दिशा में डीआईजी विवेकानंद ने पुलिसिया कार्रवाई को बेहतर तरीके से धरातल पर उतारने की गतिविधि में प्रकिया तेज करने के साथ साथ आम लोगों के बीच पुलिसिया कार्रवाई देरी से होने की शिकायत को दूर करने की दिशा में सार्थक प्रयास किये जाने की दिशा में 112 पुलिस सेवा की शुरूआत करते हुए टोल फ्री नंबर जारी किया गया था। इसी कड़ी में डीआईजी विवेकानंद ने कई गाड़ियों का हरी झंडी दिखाकर उक्त पुलिसिंग व्यवस्था के तहत विधिवत उद्घाटन करने के साथ क्षेत्र में रवाना किया गया था। वहीं दूसरी ओर 112 की गाड़ियों की यह स्थिति प्रत्यक्ष रूप से देख विभागीय स्तर पर आम लोगों के बीच पुलसिंग सेवा को लेकर बनी विस्वास की खोखली कार्रवाई की पोल खोल कर रख दी है। गई जहां एक ऑटो रिक्शा के जुगाड़ से खुद एक जगह से दूसरे जगह टोर्चन कर खींचते हुए लेजाया जा रहा है, आप इसकी सीधी तस्वीर इस खबर में साफ तौर पर देख सकते हैं। अब यहां पर यह भी सवालिया निशान खड़ा कर रहा है कि आखिर जहां 112 नंबर की गाड़ी को घटना स्थल पर जब 20 मिनट के अंदर पहुंच सहायता पहुंचाने का कार्य करती है तो वही आज ऑटो रिक्शा के सहारे खींचते हुए दूसरे स्थान पर ले जाने की कड़ी मस्कत के साथ पुलिस कार्य सेवा क्यों मजबूर है। इस बात को लेकर आम लोगों के बीच बनी बिस्वास व इमेज धूमिल होते दिखाई देने के साथ चर्चा आम हो चल रही हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में पशु स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

● शिविर में खड़गपुर क्षेत्र के एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने करीब 98 पशु का स्वास्थ्य परीक्षण कराया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के मधुबन दरियापुर दो में जिला कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिला कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर मुकेश कुमार वैज्ञानिक डॉक्टर विष्णु देव सिंह वैज्ञानिक डॉक्टर विनोद कुमार पशु चिकित्सक डॉक्टर कुसुम कुमार वो पशु-चिकित्सक पदाधिकारी मोहम्मद कुरेशी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर पशु स्वास्थ्य सिविल उद्घाटन किया। इस पशु स्वास्थ्य शिविर में खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र के हर कुंडा दामन कोल बड़ी मधुबन छोटी मधुबन मधुबन दरियापुर मोतियातरी सहित दर्जन भर गांव के लगभग 98 पशु पलकों ने अपने-अपने पशुओं के साथ शिविर में आकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस मौके पर सेवा संस्थान द्वारा पशु गाय एवं बकरी के पशुपालकों को निशुल्क दवाई दिया गया। पशु स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित सोनी देवी ने बताई कि यह पशु स्वास्थ्य शिविर विशेष तौर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आयोजित की गई थी। इस मौके पर सेवा भारत के कार्यकर्ता सोनी देवी साधना कुमारी सोनी कुमारी वंदना कुमारी मधुबाला देवी अनीता मरांडी किरण देवी सुशील हेंब्रम सरिता कुमारी पूनम कुमारी प्रवाह संस्थान के राजा राम आगेवान सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थिति थे।

जूनियर वर्ग ने सीनियर वर्ग को हराकर किताब पर जमाया कब्जा

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड क्षेत्र के मौजपुर में स्थित प्रेसिडेंट कलम मेमोरियल स्कूल के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के दिन शुक्रवार को जूनियर वर्ग में 4 अ ने 3 अ तथा सीनियर वर्ग में 06 ने 08 को हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। 4 अ के सत्यम को तथा 06 के ऋषभ को उनकी अपनी-अपने मैच के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वही सुजीत को टूनामेंट का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी का अवार्ड दिया गया। समापन के दिन कबड्डी बैडमिंटन और दौड़ इत्यादि कई स्पधाओं के फाइनल मुकाबले खेले गए। बैडमिंटन की डबल्स का फाइनल मुकाबला देवराज, अनव की टीम एवं निशिकांत, आदित्य की टीम के बीच खेला गया।

जन समस्याओं की अनदेखी जिला प्रशासन का रूटिन वर्क: सपा

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित पार्टी के अस्थाई कार्यालय बेलन बाजार में जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव, भ्रष्ट प्रशासनिक व्यवस्था, व्याप्त अराजकता सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए लोकतंत्र एवं संविधान बचाने के लिए हर कुबार्नी के लिए तैयार रहने का निर्णय लिया गया । बैठक मे सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने भाजपा जदयू की सरकार पर जमकर बिफरते हुए कहा कि नरेंद्र और नितिश की यह सरकार पूंजीपतियों और प्रशासनिक अधिकारियों की चिरोड़ी करने वाली सरकार बन कर रह गई है। श्री यादव ने कहा कि जिला से लेकर प्रखंड कार्यालय के हर अधिकारी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा है, जन समस्याओं की अनदेखी जिला प्रशासन का रूटीन वर्क हो गया है, ये अधिकारी राजनीतिक कार्यकताओं को नहीं राजनीतिक दलालों को संरक्षण देते है और यही कारण है कि आज तक किसानों को उसके फसल का मुआवजा मिला नहीं मिला, दलित बस्ती में सड़क निर्माण नहीं हुआ और ना ही भूमिहीनों को बासगीत पर्चा मिला यहां तक की लखीसराय में हुए सड़क दुर्घटना के हादसे के शिकार हुए युवकों के परिजनों को भी मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने कहा कि समाजवादी पार्टी सत्ता नहीं व्यवस्था के लिए निरंतर सड़क पर है आज जिस तरह अराजक दल भाजपा के द्वारा संविधान पर कुठाराघात किया जा रहा है लोकतंत्र की हत्या की जा रही है अगर समय रहते आम जनता नहीं चेती तो आने वाले समय में जनता के मौलिक अधिकार का हनन निश्चित है। बैठक के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेर्शानुसार 23 मार्च को सर्वसम्मति से महान समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया बैठक में महिला सभा की जिला अध्यक्ष रंजना अराफात युवाजन सभा के जिला अध्यक्ष मो मास वरिष्ठ नेता सुरेश यादव महासचिव अशोक भारत सचिव सुधीर प्रसाद सदर प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर मंडल जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष रामानंद त्यागी बरियारपुर प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र यादव गोपाल वर्मा मथुरी यादव डॉ सुधीर गुप्ता रूपेश कुमार छोटू कुमार प्रभाकर सत्यजीत पासवान हिमांशु यादव दिनेश साहू छडपन मंडल कृष्णा आजाद सुनील साहू राम बहादुर चौधरी संतोषी मंडल वीरेंद्र दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

वांछित व 50 हजार का इनामी अपराधी इम्तियाज चढ़ा पुलिस के हत्थे: एसपी सिटी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला पुलिस ने टॉप टेन सूची में शामिल कुख्यात अपराधी मो.इम्तियाज को गिरफ्तार करने के साथ जिला पुलिस को सफलता हाँथ लगी है। अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा मिशन सुरक्षा के तहत गठित टीम ने राजस्थान के जयपुर से कुख्यात अपराधी मो. इम्तिहाज को तकनीकी रूप से गिरफ्तार करने में सफल रही हैं पुलिस टीम ने अपराधी की गिरफ्तारी के साथ भागलपुर लाया गया है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर सिटी एसपी राज ने अपने कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में पत्रकारों के साथ साझा करते हुए सिटी एसपी मि. राज ने बताया कि जिले के टॉप 10 की सूची में शामिल वांछित व 50 हजार इनामी कुख्यात अपराधी मो. इम्तियाज की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। सिटी डीएसपी के निगरानी में गठित टीम को कुख्यात अपराधी मो. इम्तियाज के विरुद्ध उचित कार्रवाई व गिरफ्तार करने हेतू राजस्थान के जयपुर रवाना किया गया था। गठित टीम ने तकनीकी रूप में अनुसंधान एवं विश्वनीय सूत्रों के मुताबिक व राजस्थान पुलिस के सहयोग से मो. इम्तियाज को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार कुख्यात अपराधी के विरुद्ध जिले में हत्या लूट, आर्म्स एक्ट समेत चोरी के करीब दर्जन भर आपराधिक मामले दर्ज है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी की जा रही थी। लेकिन पुलिस को चकमा देने में सफल होने के साथ काफी लम्बे समय से फरार चल रहा था। वही एसपी सिटी ने कहा कि इसकी गिरफ्तारी को लेकर गठित छापेमारी दल में शामिल अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। गिरफ्तार अपराधी की पहचान जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र के मुगलपुरा के मो. फेकू मियां के पुत्र मो. इम्तिहाज के रूप में की गई है। मो. इम्तियाज के खिलाफ जिले भर के थाना अपराध पंजी में एक दर्जन भर गम्भीर अपराधीक मामले दर्ज है। जिले भर में इनके सपोर्ट में बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था इसकी गिरफ्तारी की सूचना मिलने के पूर्व ही इन्हें जानकारी प्राप्त हो जाती थी।

राजद सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने किया योजना के जांच की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

बारियारपुर (मुंगेर)। रतनपुर पंचायत के नीलकोठी पोखर में करीब 40 लाख रुपए की लागत से बना दो छठ सीढ़ी घाट के निर्माण कार्य की जांच की मांग अब जोर पकड़ने लगा है। बरियारपुर प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस योजना की जांच की डीएम, डीडीसी तथा बीडीओ से किया हैं। वही राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष देवकी नंदन सिंह ने कहा कि नीलकोठी पोखर में बना सीढ़ी घाट के निर्माण कार्य की जांच के मुद्दे वे बिहार विधानसभा में महागठबंधन के विधायक से उठवायेंगे। उन्होंने कहा कि छोटा सा पोखर में 40 लाख रुपये की लागत से दो सीढ़ी घाट बनाने का जरूरत क्या था। उन्होंने कहा कि इस योजना में सरकारी राशि का लूट खसोट हुआ हैं। श्री सिंह ने कहा कि वे शनिवार को डीएम से मिलकर इस योजना सहित रतनपुर पंचायत में बना पंचायत समिति की सभी योजनाओं की जांच की मांग करेगे। उन्होंने कहा वे इस योजना की शिकायत शुक्रवार को बीडीओ से किया है। भाजपा नेता विजय सिंह तथा मनमोहन यादव ने कहा कि पोखर में इतनी राशि सिर्फ सीढ़ी घाट पर खर्च करना ही बड़ी अनियमितता हैं। उन्होंने कहा कि रतनपुर गांव में कई सड़क तथा नाला कच्ची हैं। जिसे अब तक नही बनाया गया है। लोग परेशान है। श्री सिंह ने इस योजना में सिर्फ सरकारी राशि का लूट खसोट हुआ है। जदयू नेता प्रशान्त कुमार, सन्तोष पटेल, आदि ने कहा कि वे इस योजना के सम्बंध में डीएम से मिलकर शिकायत करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन काल मे योजना के नाम पर लूट खसोट नही होने देंगे। श्री कुमार ने कहा कि एक ही वित्तीय वर्ष में एक ही पोखर में दो अलग अलग योजना का द्वारा सीढ़ी घाट का निर्माण करना ही गलत हैं। उन्होंने कहा कि कार्य घटिया होने के कारण ही सीढ़ी तथा दीवार में दरार आ गया हैं। लोक मंच के महासचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी अधिकारी की मिलीभगत से इस पोखर में इतनी बड़ी राशि से सीढ़ी घाट बना दिया गया हैं।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने सात अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

दरभंगा। कुशेश्वरस्थान एस ड्राइवर के तहत कुशेश्वरस्थान थाना पुलिस ने सात अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें शराब पीने के आरोप में सुल्तानपुर गांव निवासी रामप्रकाश यादव के पुत्र अमरनाथ यादव, मधुबन गांव निवासी संजय साह के पुत्र सचिन कुमार साह तथा गोड़ा गांव निवासी मोहम्मद सिफायत के पुत्र मोहम्मद लालो को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं देशी शराब एंव विदेशी शराब के साथ चार लोगो को गिरफ्तार किया। जिसमें समौरा गांव निवासी गणेशी राय के पुत्र गब्बर राय के घर से साढे चार लीटर विदेशी शराब, कोला गांव निवासी सतन राम के पुत्र मिथिलेश राम के घर से दो लीटर देशी चुलाई शराब तथा मधुबन गांव निवासी जगदेव यादव के पुत्र सोगारथ यादव के घर से दो लीटर एंव इसी गांव के शिवजी यादव के पत्नी घुरनी देवी के घर से दो लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी गिरफ्तार लोगों को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु न्यायालय में भेजा गया है।

गया के पूर्व संरक्षक प्रो . प्राणेश कुमार सिन्हा की धर्मपत्नी का निधन

गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, गया के पूर्व संरक्षक, एसएसटी कॉलेज, सासाराम के सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाचार्य एवं पुरातत्वविद् प्रो. डॉ. प्राणेश कुमार सिन्हा की धर्मपत्नी श उषा सिन्हा का निधन दिनांक 13 मार्च, को एपी कॉलोनी स्थित उनके निवास स्थान पर लंबी अस्वस्थता के उपरांत शुभकामना हॉस्पिटल में हो गया। सिन्हा के आकस्मिक निधन से उनके परिजनों, परिचितों तथा कायस्थ समाज के लोगों ने गहरा शोक जताया है। प्रो प्राणेश सिन्हा ने बताया कि सिन्हा का दाह-संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ 15 मार्च, 2024 को विष्णुपद, गया में संपन्न हुआ है। उषा सिन्हा के निधन पर उनके पुत्र नीलेश सिन्हा, पुत्री निमिषा सिन्हा, गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने हार्दिक शोक जताया है। सिन्हा की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है। डॉ रश्मि ने मती सिन्हा के निधन पर अत्यंत शोक जताते हुए बताया कि मती उषा सिन्हा बहुत ही मिलनसार स्वभाव की महिला थीं, जिनसे उन्हें भी काफी स्नेह मिला है।

घर से महिला की सन्दिग्ध हालात में शव बरामद

सासाराम (रोहतास) सासाराम नगर थाना क्षेत्र के शोभा गंज स्थित जायसवाल मुहल्ले की है, जहां घर में पलंग पर सोई महिला का शव को पुलिस ने सन्दिग्ध हालत में बरामद किया है। मृतक महिला रेखा देवी उम्र 50 वर्षीय पति राजेन्द्र चौधरी के रूप में की गई।घटना गुरुवार की देर रात्रि करीब 7 बजे की बताई गई । इस संदर्भ में मृतका के पुत्र विनय कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि घर पर पिता नहीं थे। वह घर में अकेली सोई हुई थी। ऐसे में रुम में ताला बंद होने के कारण दरवाजा नहीं खोल पाए जहाँ काफी देर तक चाभी खोजबीन के बाद मिला तो अंदर शव को कम्बल में लपेटे देखा गया और गले पर कटे होने के निशान भी देखे गए । उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मृतका के घर पहुचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमास्टरम के स्थानीय सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि घटना के बाद पुलिस अभी कुछ कहने से बचती नजर आयी लिहाज पुलिस के अनुसार जांच की प्रक्रिया के बाद ही खुलासा हो पायेगा।

चुनाव में उच्च मतदान प्रतिशत इसे एक नया आयाम देगा: डीएम

पटना। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर जिला प्रशासन द्वारा पटना में नियमित तौर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) अभियान अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम चल रहा है। अर्बन अपैथी दूर करने के लिए लगातार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सघन डोर-टू-डोर विजिट सुनिश्चित करने तथा हरेक मतदाता से संपर्क कर मतदान के प्रति प्रेरित करने का निदेश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि पटना का औसत मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा आम निर्वाचन, 2019 में 51 था। इस बार के चुनाव में वीटीआर में पर्याप्त वृद्धि कर मतदान प्रतिशत कम-से-कम 68 करने की आवश्यकता है। सभी निर्वाचकों के मध्य मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु गंभीर स्तर पर प्रभावी प्रयास किया जाए। जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना के निदेशन में तमाम तरह का जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज समाज कल्याण विभाग के द्वारा मतदान के प्रति जागरुकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा अपने-अपने परियोजना क्षेत्रों में निर्वाचकों को जागरुक किया जा रहा है।

24 मार्च को 48 वां फरकिया स्टेट महामूर्ख सम्मेलन सह होली मिलन समारोह का होगा आयोजन

अबकी बार, फिर एक बार, होली का फुहार, राजनीतिक वसंत बहार, महामूर्खों का जोहार : अरुण वर्मा

प्रात : किरण संवददाता

खगड़िया। बिहार नगर ग्राम कल्याण परिषद, अरुणोदय सांस्कृतिक मंच, ऑल रिपोटर्स यूनियन ऑफ नेशन के बैनर तले 24 मार्च को 48 वां फरकिया स्टेट महामूर्ख सम्मेलन का ऐतिहासिक सफल आयोजन करने हेतु बैठक का आयोजन सदर अस्पताल चौक अवस्थित संपर्क कार्यालय में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता महामूर्ख सम्मेलन का संस्थापक अध्यक्ष अरुण वर्मा ने किया।

बैठक का सफल संचालन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष समाजसेवी किरण देव यादव ने विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव एवं सुझाव रखें। बैठक में सुरेश पोद्दार, मधुबाला, उमेश ठाकुर, डॉ० अरविन्द कुमार वर्मा,प्रमोद केडिया,सतीश आनंद,सुरेश नायक,राजा वर्मा,रितेश राज, रवि राज,पंकज मिश्रा,शुभम चौहान, लालमणि सदा, चंपा राय, संगीता चौरसिया , सुरेश नायक, बबलू ठाकुर, कमल किशोर यादव, मुन्ना रजक, मक्खन शाह, राकेश पासवान शास्त्री, पांडव ठाकुर आदि ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से 24 मार्च को नेशनल हाई स्कूल के सभागार में महामूर्ख सम्मेलन करने, स्मारिका प्रकाशित करने, झांकी निकालने, विभिन्न उपमा से अलंकृत करने, अतिथियों को सम्मानित करने, रंगारंग कार्यक्रम करने, होली हुड़दंग का उम्दा , आकर्षक, मनमोहक, उल्लेखनीय कार्यक्रम करने, विगत 48 वर्षों का सफरनामा प्रस्तुत करने, विभिन्न कला विभागों के लोकप्रिय कलाकारों को आमंत्रित करने, उद्घाटन करने हेतु मुख्य अतिथि विधायक सांसद जिलाधिकारी जिला प्रशासन को आमंत्रित करने, का निर्णय लिया गया। सामाजिक कार्यकताओं ने कहा कि हर वर्ष के भांति 48 बसंत देख चुके फरकिया स्टेट महामूर्ख सम्मेलन अबकी बार भी अनोखी अनूठी आकर्षण होगा। कार्यक्रम में तनाव पूर्ण जिंदगी एवं रोग से मुक्ति हेतु हंसोड़ आंदोलन को तेज किया जाएगा।

कार्यक्रम में समाजसेवी बुद्धिजीवी, कवि लेखक साहित्यकार, पत्रकार ,कलाकार आधिकाधिक संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम में विलुप्त हो रहे परंपरागत लोकगीत बिरहा होली गीत भगैत विवाह गीत देवी गीत अल्हा रुदल भोजपुरी हिंदी गीत चुटकुला प्रहसन एकांकी नाटक डिस्को डांस ठेठ गंवई भाषा में कार्यक्रम को हास्य फूहार से सराबोर किया जाएगा। कार्यक्रम में मुस्कान हंसी ठहाके गूंजायमान होगा । कार्यक्रम में स्थानीय एवं बाहरी कलाकार फिल्मीस्तान बॉलीवुड एवं भोजपुरी के अभिनेता अभिनेत्री भाग लेंगे एवं फरकियावासी का भरपूर मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम में सूर लय ताल, गीत संगीत नृत्य की त्रिवेणी बहेगी।

बालू, सीमेंट और छड़ की दुकान में चोरों ने भीषण चोरी की घटना को दिया अंजाम

प्रात : किरण संवददाता

दरभंगा। कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के बेर चौक पर अज्ञात चोरों ने बालू, सीमेंट और छड़ की दुकान किशोर इंटरप्राइजेज (ट्रेडिंग) में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस बाबत किशोर इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर बिष्णु पुर निवासी किशोर कुमार पाठक ने थाना में आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में श्री पाठक ने अज्ञात चोरों पर दुकान का ताला काटकर 8 क्विंटल सलूजा गोल्ड श्याम स्टील,3 क्विंटल क्वाइल, श्याम स्टील ताड़ 500 किलोग्राम, इन्वर्टर, बैट्री, लोहा का पाइप सहित कई अन्य कीमती सामान चोरी कर लेने का आरोप लगाया है। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि लोहे का छड़ जैसे सामानों की चोरी कर ले जाना बिना ट्रक से संभव नहीं है। आवेदन प्राप्त होने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। बिरौल पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश कुमार राम, थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर बारीकी से जांच किया। पुलिस आस पास में कई सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल में जुट गए हैं। उन्होंने चोरी की इस घटना को जल्द उद्भेदन करने का आश्वासन दिया। पीड़ित दुकानदार श्री पाठक ने बताया कि पिपड़ा चौक में लगे एक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में रात्रि 2.40 बजे छड़ लदा ट्रक जाते हुए देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन की भांति शाम 7.30 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह जब दुकान पर आया तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र तथा प्राव परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में शुक्रवार को शिक्षाशास्त्र विभाग में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला कल्याण विभाग का सहयोग प्राप्त हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा एवं पहला लोकतंत्र है। लोकतंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि सभी नागरिक मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म, लिंग, भाषा, प्रांत आदि संकीर्णताओं से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। हमें भयमुक्त होकर कार्य करना चाहिए और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में नहीं फंसना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदान का का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर बूथ में दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उनके लिए रैम्प, व्हील चेयर, हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है। इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। कार्यक्रम के संयोजक दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि बिहार ने दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम् एवं सर्वेभवन्तु सुखिनः का संदेश दिया है और यहीं से लोकतंत्र का संदेश भी प्रसारित हुआ है। इंग्लैंड एवं अमेरिका में लोकतंत्र आने के वर्षों पहले बिहार में गणतंत्र कायम था।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न महाविद्यालयों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि ज्यादा-से-ज्यादा युवा मतदान में भाग लें। इस अवसर पर समावेशी स्वीप कार्यक्रम, मधेपुरा के तहत कई नारे लगाए गए। इनमें 'देश के लिए मतदान', 'मतदान करना एक बड़ी जिम्मेदारी अबकी बार 18 की बारी', 'मधेपुरा है तैयार, मतदान करेंगे सब इस बार' आदि नारे शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में सबों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। "हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, भयमुक्त होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।"

इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों को पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार ने किया।धन्यवाद ज्ञापन एमएड विभागाध्यक्ष डॉ. सी. डी. यादव ने की।

आना पान सती ध्यान हर समस्या का समाधान ध्यान : दिप्ती नडेला

प्रात : किरण संवददाता

गया।गया शहर में ध्यान यात्रा सफल आयोजन किया गया ब्रह्मर्षि पितामह पत्राजी के मार्गदर्शन द्वारा ध्यान कार्यक्रम का आयोजन आइएम हाल में इसका आयोजन किया गया है।दिप प्रवलजीत द्वारा किया गया है।इस मौके पर संबोधित करते हुए दिल्ली से आए दिप्ती नडेला मेम ने किया, इसके बाद दिप्ती नडेला गया बुलाने के धन्यवाद कहा है, इसके बाद ध्यान के बारे में बताए कि हर प्रश्न का समाधान ध्यान है।हर कोई का बिमारी एवं हर जटील समस्या का समाधान है, भगवान बुद्ध कि शिष्य हु भगवान बुद्ध के ज्ञान स्थली पर आने का मोका मिला यह सोभाग्य कि बात है।ब्रह्मशी पितामह पत्राजी ने कहा कि दिप्ती नडेला आपको बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश में ध्यान के बारे में हर लोगों को जागरूक करना होगा,तभी मे भगवान बुद्ध स्थली गया जी मे आई हु, भगवान बुद्ध ने ध्यान को फैलाया इनके साथ भगवान राम, कृष्ण,जिसस,सभी धर्म में ध्यान से सबकुछ किए,आपलोग को भी ध्यान से हर काम को सरलता से कर सकती हैं। ध्यान के बारे में आगे कहा कि धरती पर हमे कुछ करने को मोका दिया गया है इसे बर्बाद नही करने दे, शाकाहारी बने और ध्यान अवश्य करे, दिप्ती नडेला ने बिहार के कोने कोने आए लोगों को ध्यान को भी कराया,सास के साथ बहते हुए जाने की बात कही,अपने घटना के बारे में कहा कि मेरे होम टाउन हैदराबाद के कुछ दुरी पर खोदाई से भगवान बुद्ध के बारे में जानकारी मिली इसके बाद हमने ध्यान किया जिससे सुर्य से भी तेज उर्जा मिली जिससे पता चला कि भगवान बुद्ध के शिष्य कुछ अच्छे चिज दबा रखी है। इसलिए हमें और आप सभी सिनीयर लोग को एक गुरुप बनाकर ध्यान के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बताए, दिप्ती नडेला ने कहा कि बिहार और झारखंड में ध्यान के बारे हर कोने कोने तक पहुचाने के,हर दिन तिन चिज को फोलो करनी होगी है सत्य के खोज के लिए निकले सिद्धार्थ निकलते हैं। ध्यान, स्वाध्याय,सजनताए इन सुत्र ने ब्रह्मशी पत्री ने कहा है।एकात्मक कि यात्रा किताब पड़ेना,जितना उम्र है उतना ध्यान करना चाहिए, पुराने लोगों के लिए तिन घंटे ध्यान करना चाहिए।टाटा पेले मे पीएसी चेनल पर देख सकते हैं। मेरा हर एक शब्द अनुभव से आती है।गया मे सेटर खोल कर सकते हैं, कोई नही कर सकता है हमलोग पी एस एस एम का उद्देश्य है मांसाहार मुक्त बनाना है। ध्यान को अलख जगाना है।

आप भी भिड के साथ खो जाओगै फिर पकडना मुश्किल है।उतेन यात्रा में 36 सेशन किया महाराष्ट्र में सफलता मिली,आज गयाआइ हो,यहउतेन यात्रा चलता रहेगा, उर्जा को हर कोने कोने तक पहुचाए।वही अपनी ध्यान के बारे में साझा कि रेखा ने कहा कि ध्यान ने का विषय चल रहा है दिप्ती मेम गया आ रही है तो मेरे शहर में जो खुशी की बात है। गायत्री देवी ने कहा 2018 से दिप्ती मेम के द्वारा जुडी हुई हैं सबकुछ का अंत ध्यान से खत्म हो जाता है हरिद्वार मे पत्रीजी से मिली,

उन्होंने सबसे पहले सबसे दिनेश सिन्हा ने 2019 से ध्यान से जुडे है,राजीव साह ने कहा कि यूट्यूब के बारे इस ध्यान से जुड़े कहा है, और लोगों को जोडते आ रहा हूं,वही ध्यान की यात्रा से 25 से जुडी सपुरिचीयल राउड आफ माऊटेशन से देखकर हेपीनेस मिल रहा था। ध्यान से सबकुछ मिल सकता है जीवन में।गया से मनोज कुमार ने ध्यान से जुडा हु मन को शांति मिलेता है ध्यान से कस्टमर को पिसफुल हेडिल कर लेता हूं।वही प्रतिभा आर्या ने कहा कि एक महिना से बहुत शकुन मिलेता है।डा योगता ने कहा 2020 से जुडा हु आपका ही माध्यम से जुडा था मेरे गाठ था ध्यान के माध्यम से गाठ हो गया।योगता से दिप्ती मेम ने कहा कि दिल्ली में मिलेगे लेकिन गया से मिलुगा,पत्रीजी से मिलने से आपसे मिली।सिमा ने इस कार्यक्रम में सफलता मिली है।

उन्होंने दिप्ती नडेला को आभार व्यक्त किए हैं।इस कार्यक्रम में राजीव साहा,योगता कदम,डा सिमा कुमारी,डा गोतम कुमार,भानु प्रसाद,दिनेश सिन्हा।इस कार्यक्रम में मंच का संचालन डा सिमा कुमारी एवं ने पुरी जानकारी लोगों को दी आगमी सितंबर में विधवत भव्य रुप से भगवान बुद्ध कि ज्ञान स्थली में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इस कार्यक्रम में राजीव साह,नीता गुप्ता, योग्यता कदम,डा सिमा कुमारी,डा गोतम कुमार,नीता वर्णवाल,प्रतिभा आर्या,डा बच्चु लाल,नारायण प्रसाद,मनोज कुमार, काफी संख्या में लोग महिला और पुरुष उपस्थित थे।

बहियार में किसान से अपराधियों ने रंगदारी की मांग

फसल लूटपाट व रंगदारी मांग किये जाने को लेकर किसान ने थाना में दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना क्षेत्र के जयरामपुर ग्वारीडीह बहियार इलाके में किसान से रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर बभनगामा निवासी किसान तारिक अनवर पिता मो अनवर आलम मरहुम ने बिहपुर थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि गुरुवार की शाम करीब 5 बजे में अपने खेत जयरामपुर गुवारीडीह में लगे सरसों व मटर के फसल की तैयारी कर रहा था। तभी अचानक झंडापुर ओपी क्षेत्र के मरवा निवासी सुबोध मंडल पिता महंथी मंडल व चार पांच अज्ञात लोगों के साथ अपने दर्जनों भैंसों लेकर मेरे खेत में घुसा दिया। वही विरोध किया तो सुबोध मंडल ने लाठी से मुझे मरने लगा। मुझे बेरहमी से हाथ-पांव, पीठ पर मारपीट कर गिरा दिया और अपने कमर से छोटा हथियार निकाल कर मेरे ऊपर तान बोला की तुमको खेती के बदले चालीस हजार रुपए रंगदारी देने के लिए कहा था। तब चार बीघा खेती करना। रंगदारी नही दिया और फसल तैयार कर लिया। वहीं तैयारी किया हुआ फसल भी ले लिया। जिसका मुल्य करीब अस्सी हजार रुपए था। बोला जिंदा रहना हैं तो खेत से भाग जाओ। सुबोध मंडल व अज्ञात ने चारों तरफ से घर कर मुझे बेरहमी से मारपीट किया है। लिखा है कि मुझे बचाने मेरा भाई आया तो सुबोध मंडल उसे भी मारने लगा। किसी तरह खेत से भागकर जान बचाया। अभियुक्तों ने तैयार फसल चालीस बोरा सरसों व मटर तथा जेब से ग्यारह हजार रुपए भी लूट लिया। पीड़ित किसान ने घटना की सूचना 112 पुलिस पदाधिकारी को भी दिया साथ ही स्थानीय थाना में आवेंदन देकर न्याय की गुहार लगाया है।

ग्रामीणों के बीच बना है किसी बड़ी दुर्घटना घटित होने का डर

शाहकुंड (भागलपुर)। शाहकुंड प्रखंड परिक्षेत्र के ग्राम सरहा कपसौना मुख्य सड़क और शाहकुंड अकबरनगर मुख्य सड़क मार्ग पर में विधुत विभाग के द्वारा लगाये गए बिजली ट्रांसफर और पोल की हालत जर्जर हो चुकी हैं आलम यह है कि मार्ग पर लगे खम्बे लगातार सड़क मार्ग पर झुकने से कभी भी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करते दिख रही हैं। आस पास से ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि कभी भी पोल टूट कर दुर्घटना घटित हो सकती है। लेकिन बिजली विभाग के अभियंता व कर्मचारियों के कानो जू नही रेंगती है। आलम यह है कि विभागीय कर्मचारियों को बिजली बिल के नाम पर अवैध वसूल किये जाने का समय मिलता है, लेकिन ट्रांसफर और पोल तार को सुदृढ़ कर विधुत प्रवाह करने का फुर्सत नहीं मिलती हैं। ज्ञात हो कि गांव इलाके में लगाए गए दर्जनों जगहों पर ट्रांसफर और पोल खम्बा जर्जर हालत में झुके चले जा रहे हैं अगर कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो इनका जिम्मेदारी किसकी होगी ये चर्चा के साथ चिंता का विषय बन गया है।

यात्रियों के सुविधाजनग आवागम हेतु चलेंगी 20 जोड़ी अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेनें

हाजीपुर । होली के अवसर पर सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व में घोषित ट्रेनों के अलावा और 20 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी । विदित हो कि इसके पूर्व 31 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों की सूचना दी जा चुकी है । इस प्रकार अब कुल 51 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी । आवश्यकतानुसार ट्रेनों की संख्या में और भी वृद्धि की जाएगी ।

1.08821 रांची-गोरखपुर 22 मार्च को रांची से 21.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 16.00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी । वापसी में 08822 गोरखपुर-रांची 24.03.2024 को गोरखपुर से 05.00 बजे प्रस्थान कर 21.25 बजे रांची पहुंचेगी ।

2.08825 शालिमार-दरभंगा 23.03.2024 को शालिमार से 21.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10.00 बजे दरभंगा पहुंचेगी । वापसी में 08826 दरभंगा-शालिमार होली स्पेशल 24.03.2024 को दरभंगा से 18.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 05.45 बजे शालिमार पहुंचेगी ।

3.08819 टाटा-सहरसा 23.03.2024 को टाटा से 13.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 03.00 बजे सहरसा पहुंचेगी । वापसी में 08820 सहरसा-टाटा 24.03.2024 को सहरसा से 06.00 बजे प्रस्थान कर 20.45 बजे टाटा पहुंचेगी ।

4.08838 रांची-जयनगर 23.03.2024 को रांची से 23.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 16.30 बजे जयनगर पहुंचेगी । वापसी में 08839 जयनगर-रांची 24.03.2024 को जयनगर से 23.50 बजे प्रस्थान कर 16.45 बजे रांची पहुंचेगी ।

5.08849 रांची-पूर्णिया जं. 23.03.2024 को रांची से 05.30 बजे प्रस्थान कर 21.00 बजे पूर्णिया जं. पहुंचेगी । वापसी में 08850 पूर्णिया

जं.-रांची 23.03.2024 को पूर्णिया जं. से 23.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 14.25 बजे रांची पहुंचेगी ।

6.08853 टाटा-सहरसा 18.03.2024 से 05.04.2024 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को टाटा से 19.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11.20 बजे सहरसा पहुंचेगी । वापसी में 08854 सहरसा-टाटा 19.03.2024 से 06.04.2024 तक प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को सहरसा से 13.00 बजे प्रस्थान कर 05.00 बजे टाटा पहुंचेगी।

7.08855 टाटा-बरौनी 19.03.2024 से 02.04.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को टाटा से 23.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11.30 बजे बरौनी पहुंचेगी । वापसी में 08856 बरौनी-टाटा 20.03.2024 से 03.04.2024 तक प्रत्येक बुधवार को बरौनी से 16.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 04.20 बजे टाटा पहुंचेगी ।

8.08857 टाटा-बरौनी 29.03.2024 से 19.04.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को टाटा से 18.40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 07.00 बजे बरौनी पहुंचेगी । वापसी में 08858 बरौनी-टाटा 30.03.2024 से 20.04.2024 तक प्रत्येक शनिवार को बरौनी से 23.50 बजे प्रस्थान कर 12.00 बजे टाटा पहुंचेगी ।

9.04536 अंबाला कैंट-कटिहार 22.03.2024 को अंबाला कैंट से 00.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 05.00 बजे कटिहार पहुंचेगी । वापसी में 04535 कटिहार-अंबाला कैंट 23.03.2024 को कटिहार से 07.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11.15 बजे अंबाला कैंट पहुंचेगी ।

10.07221 सिकंदराबाद-दरभंगा 21 एवं 26 मार्च को सिकंदराबाद से 19.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 10.00 बजे दरभंगा पहुंचेगी । वापसी में 07222 दरभंगा-सिकंदराबाद 23 एवं 28 मार्च को दरभंगा से 11.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 04.50 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी ।

11.07227 हैदराबाद-पटना 22 एवं 26 मार्च को हैदराबाद से 16.10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 03.00 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में 07228 पटना-हैदराबाद 24 एवं 28 मार्च को पटना से 05.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 13.30 बजे हैदराबाद पहुंचेगी ।

12.07229 काचीगुडा-रक्सौल 22 मार्च को काचीगुडा से 14.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दूसरे दिन 05.55 बजे रक्सौल पहुंचेगी । वापसी में 07230 रक्सौल-काचीगुडा 27 मार्च को रक्सौल से 19.15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 11.00 बजे काचीगुडा पहुंचेगी ।

13.08793 दुर्ग-पटना 22 मार्च को दुर्ग से 13.25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 09.30 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में 08794 पटना-दुर्ग 23 मार्च को पटना से 14.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 13.55 बजे दुर्ग पहुंचेगी ।

14. 06183 कोच्चुवेली-दानापुर 19 मार्च से 02 अप्रैल तक प्रत्येक मंगलवार को कोच्चुवेली से 04.15 बजे खुलकर गुरूवार को 11.30 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में 06184 दानापुर-कोच्चुवेली 22 मार्च से 05 अप्रैल तक प्रत्येक शुक्रवार को दानापुर से 22.25 बजे खुलकर कर सोमवार को 07.30 बजे कोच्चुवेली पहुंचेगी ।

15.01471 पुणे-दानापुर 21 मार्च को पुणे से 06.30 बजे खुलकर अगले दिन 11.40 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में 01472 दानापुर-पुणे 22 मार्च को दानापुर से 13.30 बजे खुलकर शनिवार को 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी ।

16.01215 छत्रपति महाराज शिवाजी टर्मिनस-दानापुर 21 मार्च को 11.25 बजे खुलकर अगले दिन 14.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में 01216 दानापुर-छत्रपति महाराज शिवाजी टर्मिनस 22 मार्च को दानापुर से 19.30 बजे खुलकर कर दूसरे दिन 03.50 बजे छत्रपति महाराज शिवाजी टर्मिनस पहुंचेगी ।

17.04022 आनंद विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर 21 मार्च को आनंद विहार टर्मिनस से 23.55 बजे खुलकर अगले दिन 21.30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । वापसी में 04021 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनस 22 मार्च को मुजफ्फरपुर से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 23.30 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी ।

18.03043 हावड़ा-रक्सौल 23 मार्च को हावड़ा से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 14.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी । वापसी में 03044 रक्सौल-हावड़ा 24 मार्च को रक्सौल से 16.55 बजे खुलकर अगले दिन 08.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

19.02371 हावड़ा-बनारस 23 मार्च को हावड़ा से 08.15 बजे खुलकर अगले दिन 21.45 बजे बनारस पहुंचेगी । वापसी में 02372 बनारस-हावड़ा 23 मार्च को बनारस से 23.05 बजे खुलकर अगले दिन 12.20 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

20.05271 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर 29 मार्च एवं 05 अप्रैल को मुजफ्फरपुर से 15.30 बजे खुलकर अगले दिन 19.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी । वापसी में 05272 यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर 01 एव 08 अप्रैल को यशवंतपुर से 07.30 बजे खुलकर दूसरे दिन 12.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी ।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–11 वर्ष 2023–24

स्थानीय अभिकर्ता श्रेणी (iv) में निबंधित संवेदकों / ख्याति प्राप्त फार्मो / निबंधित दुकानदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 25.03.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 1:30 बजे अपराहन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :–

क्र0	सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ
1	Name of Work – :- Supply of Furniture for Sub Division-03 at Gardanibagh Building Division. Patna, Patna for the year 2023-24.

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 020007 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,
भ0नि0वि0, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 126 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 25.04..2024 को 12:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.04..2024 को 03:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.04..2024 को 03:30 बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Remaining Work of PCC Road Work in Central Division, Panta for the year 2024-25.	8.03	16,100=00	1,250=00	01 माह
2.	S/R to Paver Block and Resetting Work in Central Division, Panta for the year 2024-25.	4.99	10,000=00	750=00	01 माह

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 20073 (B C D) 2023-24

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

संक्षिप्त समाचार

यूपी के प्रेमी ने की थी पुलिसकर्मी की पत्नी की हत्या

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के विधानसभा थाने में दर्ज पुलिसकर्मी की पत्नी की हत्या के मामले की गुत्थी को पुलिस सुलझाने में सफल हो गई है। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए उत्तर प्रदेश से एक आरोपी को गिरफ्तार कर रायपुर ले आई है। सोशल मीडिया चैट से पता चला है कि आरोपी मृतक महिला का आशिक है। बता दे कि बीते दिनों रायपुर में महिला की अंधे कत्ल के मामले में पुलिस लगातार जांच में जुटी हुई थी। महिला के सोशल मीडिया अकाउंट को लगातार पुलिस के द्वारा चेक किया जा रहा था। जांच में यह पता चला कि उत्तर प्रदेश में रहने वाले जय सिंह नाम के व्यक्ति के साथ महिला की बातचीत होती थी। पुलिस ने जांच में पाया कि जय सिंह ने ही महिला की हत्या की है। बताया जा रहा है कि महिला और जय सिंह के बीच प्रेम संबंध गहरे हो गए थे। जिसके बाद मृतक महिला आरोपी को शादी करने का दबाव बना रही थी, जिसके चलते उसने हत्या कर दी है। आपको बतादें कि महिला पहले से शादीशुदा थी। उसका विवाह शिवपाल सिंह के साथ हुआ था। शिवपाल सिंह जोकि सुकमा में पुलिस विभाग में पदस्थ है। दोनों पति-पत्नी के बीच आपसी अनबन होने के कारण दोनों साथ नहीं रहते थे। पति शिवपाल सिंह सुकमा में रहता था, तो पत्नी रायपुर में रहा करती थी।

गेहूं की फसल के बीच 104 किलो से ज्यादा अफीम के पौधे किए जब्त

ऊधमसिंह नगर, एजेंसी। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर में पुलिस ने गेहूं की फसल के बीच से 104 किलो से अधिक के अफीम के हरे-भरे पौधे जब्त किए हैं। साथ ही एक तस्कर को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर पुलिस जनपद उधम सिहं नगर गंगापुर थाना केलाखेडा में दलजीत सिंह (उम्र 60 वर्ष) के घर के पास वाले खेत में पहुंची तो पाया कि गेहूं के पौधों के बीच अफीम के हरे पौधे और डोडा फल उगाए गए थे। पुलिस ने लगभग 104.205 किलोग्राम अफीम और डोडा फल जब्त कर दलजीत के ख्लिाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पंजाब में गैंगस्टर के दो सहयोगी गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुरप्रीत लेहंबर और जस्सा नूरवाला गैंग के दो सहयोगियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीप सिंह उर्फ रिंकू और बलविंदर सिंह उर्फ बब्बू के रूप में हुई है। यह गिरोह कई जघन्य अपराधों में संलिप्त रहा है, जिसमें हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और वसूली शामिल है। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह लुधियाना, जगराओ, मोगा, बठिंडा और संगरूर जिलों में सक्रिय रहा है। बता दें कि आरोपी रिंकू के खिलाफ मोगा में हत्या की कोशिश के मामले में केस दर्ज कराया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

बलौदा बाजार, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में गुरुवार की सुबह एक कांग्रेसी नेता की हत्या कर दी गई है। कांग्रेस नेता को बार-बार ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतारा गया है। कांग्रेस नेता दयाराम जायसवाल सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले हुए थे। उस दौरान दयाराम को अकेला पाकर पहले ट्रैक्टर से ठोकर मारी गई फिर बार-बार टायर से कुचला गया है। क्या पूरा मामला कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम असनींद का बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दयाराम जायसवाल की लाश को सड़क किनारे देखा गया था। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर ही कांग्रेस नेता की मौत हो चुकी थी। वही जब पुलिस को इस पूरे मामले की जानकारी मिली तो पुलिस ने पूछताछ करते हुए आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती पूछताछ में यह पता चला है कि यह पूरी हत्या की वजह जमीन और खेती के विवाद की बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी और आरोपी से पूछताछ के बाद बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पार्किंग से उठी चिंगारी ने तबाह किया परिवार, शास्त्री नगर की चार मंजिला इमारत में लगी भीषण आग; 4 की मौत

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के शास्त्री नगर के सरोजनी पार्क स्थित चार मंजिला इमारत में गुरुवार सुबह आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में पूरा परिवार तबाह हो गया। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गीता कॉलोनी थाने में तड़के करीब साढ़े पांच बजे एक घर में आग की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि शास्त्री नगर के सरोजनी पार्क इलाके में आग लगी है। सूचना पर मौके पर अग्निशमन की चार गाड़ियां, एंबुलेंस, स्थानीय पुलिस और तीन पीसीआर वैन पहुंची। चार मंजिला रिहायशी इमारत के भूतल पर पार्किंग और एक अन्य फ्लैट है। आग पार्किंग में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी और धीरे-धीरे पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

आग के बाद इमारत में मच गई अफरातफरी

पूरी इमारत में धुंआ भर गया, जिसके चलते लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इमारत के अन्य तलों पर रहने वाले लोग छत की ओर भागे और अपनी जान बचाई। इसके चलते उनको मामूली चोटें आईं और इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, मनोज का परिवार भूतल पर यानि सबसे नीचे था और आग भी वहीं से शुरू हुई थी। इसके चलते उन्हें संभलने का मौका नहीं मिल पाया और धुएं और आग की चपेट मे आने के चलते पहले परिवार के लोगों का दम घुटने के चलते उनकी मौत हो गई। इस दौरान आग ने भी काफी विकराल रूप ले लिया।

पहले भी कई घटनाएं हो चुकीं

वजीराबाद पुलिस ट्रेनिंग स्कूल स्थित मालखाने की पार्किंग में 29 जनवरी को भयंकर आग लग गई। आग की चपेट में आने के चलते यहां खड़ी 250 से ज्यादा कारें जल गईं थी।

फंस गए थे 35 लोग

पूर्वी दिल्ली के गौतमपुरी में बीते साल 27 दिसंबर को चार मंजिला मकान की पार्किंग में आग लगी थी। मकान में मौजूद 35 लोग यहां फंस गए। इलाके की गली संकरी थी। लकड़ी की सीढ़ी के जरिये पड़ोसियों ने घर में लोगों की जान बचाई थी

मेट्रो स्टेशन के पास घटना

दक्षिणी दिल्ली के जामिया नगर मेट्रो स्टेशन के पास 8 जून 2022 को एक इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्किंग में आग लगने से करीब 100 गाड़ियां जल गई थीं। हालांकि, अग्निशमन विभाग ने आग पर समय रहते काबू पा लिया था और कोई मानवीय क्षति नहीं हुई थी

ऊपरी तलों तक नहीं पहुंच पाई आग: सुभाष नगर स्थित दिल्ली नगर निगम की पार्किंग में 26 दिसंबर 2022 को भीषण आग लग गई थी। इससे पार्किंग के बेसमेंट में खड़ी लगभग 25 कारें जल गई थीं। हालांकि, आग ऊपर के तलों तक नहीं पहुंच पाई थीं

कर्नाटक भाजपा में बगावत! येदियुरप्पा के बेटे के खिलाफ लड़ेंगे वरिष्ठ नेता ईश्वरप्पा

बेंगलुरु, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी होने के कर्टनाक में विरोध के स्वर फूटने लगे हैं। हिंदूवादी मुद्दों के लिए मुखर रहने वाले पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा ने बड़ा ऐलान कर दिया है। केएस ईश्वरप्पा के बेटे कांतेश को भाजपा ने टिकट नहीं दिया है। ऐसे में ईश्वरप्पा ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ खुद लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा, बीवाई राघवेंद्र के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए मुझपर बहुत दबाव है। भारतीय जनता पार्टी मेरे लिए मां की तरह है लेकिन मैं समर्थकों की मांग को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता। भाजपा को भी गला घोंटा जा रहा है और हमें किसी तरह से उसे बचाना है।

बता दें कि ईश्वरप्पा को उम्मीद थी कि उनके बेटे कांतेश को अगर विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया है तो लोकसभा में जरूर दिया जाएगा। हालांकि लिस्ट में 20 उम्मीदवारों में उनका नाम नहीं शामिल किया गया है। ईश्वरप्पा ने कहा कि बीएस येदियुरप्पा ने खुद वादा किया था कि कांतेश को पार्टी का टिकट मिलेगा। उन्होंने कांतेश के लिए प्रचार करने का भी वादा किया था। हालांकि हावेरी लोकसभा सीट से पूर्व सीएम बासवराज बोम्मई को उतार दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि 15 मार्च को वह अपने समर्थकों के साथ बैठक करेंगे और उसके बाद ही फाइनल फैसला लिया जाएगा। वह अपने बेटे कांतेश को भी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उतारने का प्लान बना रहे हैं। केएस ईश्वरप्पा में कर्नाटक में भाजपा को बनाने वालों में से एक हैं। उन्हें बीएस येदियुरप्पा के बराबर ही माना जाता है।

राजस्थान में पेट्रोल-डीजल के रेट में डबल कटौती, 7 रुपए तक हुआ सस्ता

जयपुर, एजेंसी।
होली से पहले राजस्थान के लोगों को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी खुशखबरी मिली है। लंबे इंतजार के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमत में कमी की गई है। एक ही दिन में राज्य और केंद्र सरकार की ओर से की गई कटौती की वजह से राजस्थान में कीमतें सबसे ज्यादा कम हुईं हैं। गंगानगर में तो पेट्रोल 7.13 रुपए लीटर सस्ता हो गया है। केंद्र सरकार ने जहां पेट्रोल और डीजल की कीमत में 2 रुपए प्रति लीटर की कमी की है तो भजनलाल सरकार ने 2 पर्सेंट वैट घटा दिया है। राजस्थान में डीजल पर वैट पर 19.30 फीसदी से घटकर 17.30 फीसदी रह गया है तो पेट्रोल पर अब 29.04 फीसदी वैट लगेगा जो पहले 31.04 फीसदी था। वैट के दरों में कटौती की वजह से अलग-अलग शहरों में पेट्रोल 1.40 रुपए 5.30 रुपए प्रति लीटर तक सस्ता होगा तो डीजल 1.34 रुपए से 4.85 रुपए सस्ता हुआ है। नई दरें शुक्रवार सुबह 6 बजे से प्रभावी हो गईं हैं। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की जनता से वादा किया था कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने चुनावी रैलियों में भाजपा शासित पड़ोसी राज्यों से राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतों की तुलना की थी। लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान और केंद्र सरकार ने कटौती करके राज्य के करोड़ों उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। डबल कटौती के बाद जयपुर में पेट्रोल 3.60 रुपए लीटर हो गया है तो डीजल पर प्रति लीटर आपको 3.40 रुपए कम खर्च करने पड़ेंगे। जयपुर में गुरुवार को पेट्रोल की कीमत 108.48 रुपए प्रति लीटर थी जो अब घटकर 104.88 रुपए हो गई है। वहीं, डीजल की कीमत 93.72 रुपए प्रति लीटर से घटकर 90.32 रुपए लीटर रह गई है।

पालतू कुत्तों के स्वभाव का पता लगाएं, मांगी स्टेटस रिपोर्ट; दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस को क्यों दिया आदेश

नईदिल्ली, एजेंसी।
उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस को तुगलक लेन क्षेत्र के धोबी घाट क्षेत्र में पालतू जानवरों की प्रकृति की जांच करने का निर्देश दिया। यहां पिछले महीने डेढ़ साल की एक बच्ची को कथित तौर पर कुत्तों के एक झुंड ने मार डाला था।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने पुलिस को विवरण देते हुए 19 मार्च से पहले एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। पीठ शिशु के पिता की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें बच्चे की मौत पर 50 लाख रुपये का मुआवजा मांगा गया है। पीठ ने कहा कि पुलिस क्षेत्र में रखे गए पालतू जानवरों की प्रकृति के संबंध में जांच करे। यह भी कहा गया कि क्षेत्र में एक पिटबुल भी है, उसकी भी जांच करें। स्थिति रिपोर्ट मंगलवार तक दाखिल की जाए। पीठ ने पुलिस से यह भी पता लगाने को कहा कि जहां घटना हुई,

वहां आसपास के घरों में कोई पालतू कुत्ता था या नहीं। पीठ ने कहा कि वह सिर्फ पास के घर में रखे गए एक खूंखार कुत्ते की आशंका को खारिज करने के लिए जानकारी मांग रहे हैं, जो बच्चे पर हमला कर सकता था। इस मामले में पक्षकार बनने की मांग कर रहे एक एनजीओ का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील में से एक ने दावा किया कि इलाके में एक पिटबुल है। पीठ ने कहा कि अगर किसी बच्चे पर हमला हुआ तो सवाल यह है कि दिन के समय भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। कोर्ट ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी), शहर सरकार और पुलिस को नोटिस जारी किया था। इन लोगों से उठाए गए कदमों के संबंध में स्थिति रिपोर्ट मांगी थी कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। दावा है कि बच्ची घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान चार से पांच कुत्तों ने उस पर हमला किया और उसे कई मीटर तक घसीटा। इसके बाद नोचकर मार डाला था। दिल्ली के उप राज्यपाल और मेयर से आवारा कुत्तों पर लगाम लगाने की मांग की गई है। कांग्रेस नेता हरी किशन जिंदल ने बताया कि सड़कों और गलियों में आवारा घूम रहे कुत्तों के काटे जाने से जान का खतरा बना रहता है। इनके आतंक से लोग गली-मोहल्ले में निकलने से भी घबराने लगे हैं। ऐसे में आवारा कुत्तों के लिए बाड़ा बनाया जाना चाहिए, ताकि इनके खतरे से लोगों को बचाया जा सके।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाना चाहते हैं इस्लामी चरमपंथी; यह लोकतंत्र के लिए खतरा- ब्रिटेन सरकार

लंदन, एजेंसी।
पिछले साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर आतंकी संगठन हमास के हमलों के बाद से बढ़ते खतरों और इस्लामी चरमपंथ के खिलाफ ब्रिटेन सरकार ने नई परिभाषा जारी की। ब्रिटेन में उग्रवाद को अब हिंसा, घृणा या असहिष्णुता पर आधारित विचारधारा के रूप में परिभाषित किया गया है।

यूके लेवलिंग अप और कम्यूनिटी सेक्रेटरी माइकल गोव ने कहा कि ब्रिटेन को एक बहु-राष्ट्रीय, बहु-जातीय, बहु-विश्वास लोकतंत्र के रूप में सुरक्षित रखने के लिए अपडेट करने की जरूरत थी, जो इसकी विविधता को मजबूत करेगा। उन्होंने विस्तारित परिभाषा के तहत चरमपंथ विचार रखने की आशंका वाले लोगों के उदाहरण के रूप में तीन इस्लामिक समूहों और दो अन्य समूहों का

भी नाम लिया। उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर के हमलों के बाद चरमपंथी विचारधाराओं की वृद्धि हुई। जिसके चलते हमारा लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के विचारधारा वाले लोग लोगों को कट्टरपंथी बनाना चाहते हैं। लोगों को उनके पूर्ण अधिकारों से वंचित करना चाहते हैं। और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाना चाहते हैं। गौरतलब है कि 2023 में इस्राइल में हमास के आतंकवादी हमलों के बाद से सरकार ने कहा कि चरमपंथी के जोखिमों के बारे में चिंताएं उठाई गई हैं। कम्युनिटी सिक्योरिटी ट्रस्ट ने 2023 में हुए हमलों के बाद से ब्रिटेन में 4,103 यहूदी विरोधी घटनाएं दर्ज कीं, जो 2022 की तुलना में 147 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

ऑस्ट्रिया ने रूस के दो राजनयिकों को निकाला

विएना, एजेंसी। ऑस्ट्रिया ने बुधवार को कहा कि उसने राजधानी विएना में स्थित रूसी दूतावास के दो राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। एक ऑस्ट्रियाई अधिकारी ने बताया कि दोनों राजनयिकों को जासूसी गतिविधियों में शामिल होने के चलते निष्कासित किया गया है। विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान जारी कर बताया कि रूस के दो राजनयिक पद पर रहते हुए असंगत कृत्य में शामिल थे, इसलिए उन्हें निष्कासित किया गया है।

उन्होंने राजनयिकों या उनके कथित कार्यों के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। राजनयिकों ऑस्ट्रिया छोड़ने के लिए 19 मार्च तक का समय दिया गया है। मामले की जानकारी रखने वाले एक ऑस्ट्रियाई अधिकारी ने कहा कि राजनयिकों को जासूसी के आरोप में देश से निष्कासित किया गया है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर इस बारे में जानकारी साझा की है।

ऑस्ट्रिया में रूसी दूतावास ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान जारी कर कहा कि वह रूसी दूतावास के दो कर्मचारियों को देश से निकालने के ऑस्ट्रिया विदेश मंत्रालय के फैसले से नाराज है। रूसी दूतावास की ओर से जारी किये गये बयान में कहा गया है ''हमारे राजनयिकों को निकालने के बारे में किसी भी प्रकार का कोई सबूत पेश नहीं किया गया। राजनयिकों द्वारा वियना कन्वेंशन का उल्लंघन करने के बारे में भी सबूत नहीं दिया गया है। यह ऑस्ट्रियाई अधिकारियों का पूरी तरह से राजनीतिक निर्णय है।

अमेरिका में बढ़ रहा है हिंदू फोबिया, इससे लड़ने की जरूरत- अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन, एजेंसी। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने कहा है कि हाल ही में अमेरिका में हिंदू फोबिया में वृद्धि देखी गई है, जिससे लड़ने की जरूरत है क्योंकि इस देश में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। थानेदार ने हिंदू समुदाय के खिलाफ बढ़ते घृणा अपराध से लड़ने की मांग करने वाले हिंदू नेताओं और संगठनों के एक समूह में शामिल होने के अवसर पर यह बात कही। हिंदूएक्शन नामक संगठन द्वारा आयोजित एक बैठक के दौरान विभिन्न भारतीय अमेरिकी समूहों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को अमेरिका की राजधानी में मुलाकात की। थानेदार ने कहा, '' हम अमेरिका में बहुत अधिक हिंदू फोबिया (हिंदुओं को लेकर एक प्रकार की असुरक्षा की भावना) देखते हैं। हमने कैलिफोर्निया एसबी403 (जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक) देखा है, और यह तो बस शुरुआत है। हमारे मंदिरों पर हमले और दुनिया भर में हिंदुओं पर हमले। यही एक कारण है कि मैंने हिंदू कॉकस बनाने का फैसला किया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य थानेदार ने कहा, '' अमेरिकी कांग्रेस में पहली बार, हमारे पास एक हिंदू कॉकस है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कई पहल कर रहे हैं कि लोगों को अपने धर्म का पालन करने की धार्मिक स्वतंत्रता हो जिस तरह से वे चाहते हैं।

अगर यूरोप शांति चाहता है तो उसे युद्ध के लिए तैयार रहना होगा : फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा कि अगर यूरोप शांति चाहता है तो उसे युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूस को एक ऐसा प्रतिद्वंद्वी कहा जो दो साल पुराने संघर्ष में कीव के सैनिकों को हराने के बाद भी यूक्रेन में नहीं रुकेगा। मैक्रॉन ने फरवरी में यह कहकर विवाद पैदा कर दिया था कि वह भविष्य में यूक्रेन में जमीनी सैनिकों की तैनाती से इनकार नहीं कर सकते, कई नेताओं ने खुद को इससे दूर कर लिया, जबकि अन्य, विशेष रूप से पूर्वी यूरोप ने समर्थन व्यक्त किया। अगर रूस यह युद्ध जीतता है, तो यूरोप की विश्वसनीयता शून्य हो जाएगी, मैक्रॉन ने एक टेलीविजन इंटरन्यू में कहा, जो ज्यादातर घरेलू दर्शकों के लिए था, मैक्रॉन ने कहा कि वह विपक्षी नेताओं से गहराई से असहमत हैं। उन्होंने कहा, आज, यूक्रेन को समर्थन देने के खिलाफ वोट देने या अनुपस्थित रहने का निर्णय, यह शांति नहीं चुन रहा है, यह हार चुन रहा है। यह अलग है। मैक्रॉन की मुख्य विपक्षी पार्टी, मरीन ले पेन की धुर दक्षिणपंथी पार्टी, फ्रांस द्वारा यूक्रेन के साथ हस्ताक्षरित सुरक्षा समझौते के बारे में सप्ताह की शुरुआत में संसद में मतदान में अनुपस्थित रही।

पनामा पेपर्स से जुड़े मामले में नवाज के बेटों को राहत; आरक्षित सीटों को लेकर कोर्ट से इमरान को झटका

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के परिवार को बड़ी राहत देते हुए एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने गुरुवार को पनामा पेपर्स घोटाले से जुड़े मामलों में नवाज शरीफ के बेटों की गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि 2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में पाकिस्तान छोड़ दिया था।

बता दें कि पनामा पेपर्स से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में आरोप लगाए गए थे लेकिन वे कभी भी अदालत के सामने पेश नहीं हुए, जिसने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत द्वारा सात मार्च को दोनों के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट को गुरुवार तक निलंबित करने के बाद दोनों भाई पाकिस्तान लौट आए।

गुरुवार को हसन और हुसैन इस्लामाबाद स्थित अदालत में पेश हुए, जिसने दलीलें सुनने के बाद भ्रष्टाचार मामलों में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। अदालत ने 50,000 रुपये के मुचलके पर उनकी जमानत भी मंजूरी दी। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के दोनों बेटों ने भी अगली सुनवाई पर अदालत में उपस्थित होने से छूट के लिए आवेदन किया। कोर्ट ने सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

पिछले साल अक्तूबर में नवाज शरीफ ब्रिटेन में चार साल के आत्म निर्वासन के बाद पाकिस्तान लौट आए और एक कार्यवाही के बाद उन्हें सभी मामलों से बरी कर दिया गया था। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी द्वारा गठबंधन सरकार पर सहमति के बाद नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनाया गया था। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को बड़ा झटका देते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने गुरुवार को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल(एसआईसी) द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। पाकिस्तान चुनाव आयोग

(ईसीपी) ने चार मार्च को सीट कोटा के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, साथ ही इसे नियमों का उल्लंघन बताया। बुधवार को पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और ईसीपी के वकीलों ने अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। एजीपी अवान ने कहा था कि एक राजनीतिक दल को आरक्षित सीटें तभी मिल सकती हैं, जब वह सामान्य सीट जीतेगी। पाकिस्तान चुनाव आयोग के वकील सिकंदर बशीर ने उनके तर्कों का समर्थन करते हुए कहा कि एसआईसी एक राजनीतिक दल है, लेकिन संसदीय नहीं।

जापान के टोक्यो में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 6 मापी गई; कोई नुकसान नहीं

टोक्यो, एजेंसी।
जापान के टोक्यो में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6 मापी गई। इसका केंद्र जमीन से 68 किलोमीटर गहराई में था। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129